दैनिक
बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 45 | जयपुर | बुधवार, 18 दिसम्बर, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष तृतीया संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

राजस्थान के 21 जिलों का जल संकट खत्म...

पीएम मोदी ने पीकेसी-ईआरसीपी का किया उद्घाटन; कांग्रेस पर साधा निशाना

नदी जोड़ने की योजना में देरी की जिम्मेदार कांग्रेस, मोहन यादव-भजनलाल की फोटो याद रखी जाएगी : मोदी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। भजनलाल सरकार का एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को राजस्थान आए। वे यहां करीब 3 घंटे रहे। इस दौरान उन्होंने जयपुर के दादिया में एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष कार्यक्रम को संबोधित किया। साथ ही बिजली, पानी, सड़क व रेलवे से जुड़ी 46300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। सबसे जरूरी, पीएम मोदी ने पार्वती-कालीसिंध-चंबल पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (पीकेसी-ईआरसीपी) का उद्घाटन करके राजस्थान के 21 जिलों में दशकों से बने जल संकट को खत्म कर दिया। पीएम ने कहा कि उनके लिए पानी पारस है। पानी की कमी के दुख को वो समझते हैं। इसीलिए दो राज्यों के बीच 20 साल पुराने झगड़े को खत्म करके जनता को यह सौगात दी गई है। अब लोगों को पीने के लिए या फिर फसलों की सिंचाई के लिए पानी की कमी नहीं होगी।

पीकेसी-ईआरसीपी में प्रमुख नदियां शामिल हैं। जैसे चंबल और इसकी सहायक नदियां पार्वती, कालीसिंध, कुनो, बनास, बाणगंगा, रूपरेल, गंभीरी और मेज शामिल हैं। नवनेरा बैराज से पानी गलवा बांध तक लाया जाएगा। यहां दो हिस्सों में ईसरदा बांध और बीसलपुर बांध तक पानी पहुंचेगा।

क्या है पीकेसी-ईआरसीपी योजना...

प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के दूसरे कार्यकाल में साल 2017 में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना का ड्राफ्ट तैयार किया गया था। बताया जाता है कि यह परियोजना उन्हीं की देन है। इसके अंतर्गत पार्वती, चंबल और कालीसिंध नदी को जोड़ने की रूपरेखा तैयार की गई थी। इसके जरिए पूर्वी राजस्थान के जयपुर, झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, दौसा, करौली, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, गंगापुर सिटी, ब्यावर, केकड़ी, दूदू, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, डीग और जयपुर ग्रामीण को जल संकट से छुटकारा मिलेगा। पेयजल के साथ किसानों को सिंचाई के लिए भी जरूरत का पानी मिल सकेगा।

प्रधानमंत्री मोदी के भाषण की 4 बड़ी बातें

1. जल विवाद के लिए कांग्रेस जिम्मेदार:

प्रधानमंत्री ने ईआरसीपी और पहले के जल विवादों को लिए कांग्रेस को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि लोग उनसे जरूर पूछेंगे कि कौनसे कर्म की वजह से ईआरसीपी समझौता नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि आज जो हुआ है वो बहुत ही असाधारण घटना है।

2. पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत को किया याद:

मैं जब गुजरात का मुख्यमंत्री था तब हमने बिना किसी झगड़े के नर्मदा का पानी राजस्थान को दिया। उस समय भैरोंसिंह जी-जसवंत सिंह जी मिलने के लिए आए थे। भैरोंसिंह जी की तो उंगली पड़कर हम कई लोग बड़े हुए हैं। वह आकर मेरे सामने बैठे नहीं, वह मेरा सम्मान करना चाहते थे, मैं यह देखकर मैं अवाक था।

3. मोदी की गारंटी, राजस्थान के सभी घरों तक पहुंचेगा पानी:

ताजा समझौते से राजस्थान को पानी मिलने का दावा भी किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान के 100 फीसदी घरों में नल से जल पहुंचेगा। केंद्रीय जल मंत्री इस अभियान को हाथ में ले रहे हैं।उन्होंने कहा कि रूफटॉप सोलर स्कीम में भी राजस्थान को फायदा हुआ है।

4. पेपरलीक के लिए फिर कांग्रेस पर आरोप:

पेपरलीक राजस्थान की पहचान बन चुका था। युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही थीं। भाजपा सरकार आने के बाद परिस्थितियां बदली हैं। पेट्रोल-डीजल भी सस्ता मिल रहा है।

भावनगर में बस-डंपर की टक्कर में 6 की मौत

सड़क किनारे खड़े डंपर से टकराई 50 यात्रियों से भरी बस, 20 से ज्यादा घायल

बढ़ता राजस्थान

भावनगर (एजेंसी)। गुजरात के भावनगर में मंगलवार सुबह एक बस और डंपर में टक्कर हो गई, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक हादसा सुबह करीब छह बजे त्रपज गांव के पास हुआ, जब बस भावनगर होते हुए सूरत से राजुला की ओर जा रही थी।

● अगले हिस्से में बैठे यात्रियों की मौत

इसी दौरान भावनगर में त्रापज के पास बस सड़क किनारे खड़े डंपर के पीछे टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस में आगे बैठे लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों का भावनगर के सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायलों में 3 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं।

● सड़क किनारे खड़ा था डंपर

बस के ड्राइवर वल्लभभाई सोंडभाई मकवाना ने बताया- हमारी बस सूरत से राजुला आ रही थी। पूरी बस यात्रियों से भरी हुई थी। इसी दौरान त्रापज के पास सड़क के किनारे एक डंपर खड़ा था। लेकिन उसके चारों ओर पत्थर या उसके खड़े होने के कोई सिग्नल नही था। इसलिए मेरा ध्यान उस पर नहीं गया। जैसे ही बस डंपर के नजदीक पहुंची तो मैंने बस रोकने की कोशिश की, लेकिन ये हादसा हो गया।

एक देश-एक चुनाव बिल पेश करने को लेकर वोटिंग

लोकसभा में पक्ष में 269, विरोध में 198 वोट पड़े

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में मंगलवार को एक देश, एक चुनाव के लिए 129वां संविधान (संशोधन) बिल पेश किया। बिल के लिए पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कराई गई। कुछ सांसदों की आपत्ति के बाद वोट संशोधित करने के लिए फिर पर्ची से मतदान हुआ।

बिल को पेश करने के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। इसके बाद केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे सदन में रखा। अमित शाह ने सदन में कहा कि बिल जब कैबिनेट में आया था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेजना चाहिए। कानून मंत्री ऐसा प्रस्ताव कर सकते हैं।

सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन बिल, बीजेपी की देश में तानाशाही लाने की कोशिश है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा आज एक देश-एक इलेक्शन बिल लोकसभा में पेश करते वक्त पार्टी के अनुपस्थित 20 सांसदों को नोटिस भेजेगी। पार्टी ने इन्हें सदन में मौजूद रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है।

पर्ची से मतदान होने के बाद पक्ष में वोट बढ़े

12:10 बजे केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पेश किया। विपक्षी सांसदों ने बिल का विरोध किया, जिसके बाद स्पीकर ओम बिड़ला ने बिल पेश करने को लेकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कराई। इसमें 369 सदस्यों ने वोट डाला। पक्ष में 220, विपक्ष में 149 वोट पड़े। इसके बाद विपक्ष के सदस्यों ने आपत्ति जताई। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर उनको ऑब्जेक्शन है तो पर्ची दे दीजिए। इस पर स्पीकर ने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि अगर किसी सदस्य को लगे तो वह पर्ची के जरिए भी अपना वोट संशोधित कर सकता है। इसके बाद ज्यादा सांसदों ने वोट डाला। पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। इसके बाद 1:15 बजे कानून मंत्री ने दोबारा बिल पेश किया।

सरकार ने सदन में 2 बिल पेश किए सरकार ने एक देश, एक चुनाव से जुड़े 2 बिल 17 दिसंबर को लोकसभा में पेश किए। पहला- संविधान (129वां संशोधन) बिल। दूसरा-केंद्र शासित कानून (संशोधन) बिल 2014, इसके तहत पुडुचेरी, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ कराए जा सकें। इस संशोधन बिल के जरिए इन तीन एक्ट में बदलाव किया जाना है। द गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट- 1963, द गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली- 1991 और द जम्मू एंड कश्मीर रीऑर्गनाइजेशन एक्ट- 2019 शामिल हैं।

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2, जयपुर में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2, जयपुर में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक17 दिसंबर 2024 को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ब्रिगेडियर संजीव कुमार, डिप्टी जनरल कमांडिंग ऑफिसर 61 सब एरिया ने की। बैठक में कर्नल शरद शर्मा (नामित अध्यक्ष) सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। प्राचार्य प्रदीप कुमार टेलर ने विद्यालय की प्रगति और सत्र 2024-25 की प्रमुख गतिविधियों का अवलोकन पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अंतर्गत विद्यालय में हो रहे कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और कौशल निर्माण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। अध्यक्ष ब्रिगेडियर संजीव कुमार ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा प्रबंधन की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने विद्यालय विकास हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिनमें अलुम्नी मीट का आयोजन, सफाई के लिए मॉपिंग मशीन व वैक्यूम क्लीनर की खरीद, पैरेंट्स को विद्यालय गतिविधियों से जोड़ने तथा पीएम श्री योजना के अधिकतम लाभ को विद्यार्थियों तक पहुँचाने जैसे बिंदु शामिल थे। उन्होंने विद्यालय भवन की पेंटिंग और कैंपस को हरा-भरा बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। बैठक के अंत में प्राचार्य श्री टेलर ने सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी विद्यालय प्रबंध समिति तथा अध्यक्ष महोदय के सहयोग की आशा व्यक्त की।

एशियन फैशन टूर में कीर्ति राठौड़ के डिजाइन से सजी रैंप वॉक

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान की गुलाबी नगरी जयपुर में फैशन के रंग बिखरते हुए एशियन फैशन टूर का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया। यह आयोजन शहर के सी-स्कीम स्थित क्लब हाउस ऑफ पीपल में हुआ। इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न हिस्सों से आए मॉडलों ने हिस्सा लिया और अपने अनोखे अंदाज में रैंप पर जलवे बिखेरे। फैशन टूर का मुख्य आकर्षण देश की मशहूर सेलिब्रिटी डिजाइनर कीर्ति राठौड़ की कलेक्शन रही। जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डिजाइनर कीर्ति राठौर ने इटली की तर्ज पर अपने परिधानों को डिजाइन किया और गुजरात के बने हुए सफेद हेंडलूम जॉर्जट कपड़े से बना हुआ सोना-चांदी कलेक्शन पेश किया। उनकी डिजाइन की गई पोशाकों में भारतीय परंपरा और आधुनिकता का खूबसूरत संगम देखने को मिला। शो की शुरुआत मिसेज़ एशिया पेसिफिक परम मेहराने की और बॉलीवुड एक्टर विशाल कोटियान शो स्टॉपर रहे। इसके अलावा हर मॉडल ने आत्मविश्वास के साथ रैंप पर चलते हुए इन खास परिधानों की प्रस्तुति दी।इस कार्यक्रम में शहर के कई फैशन प्रेमी, डिजाइनर और सोशलाइट्स शामिल हुए।

फैशन शो की भव्यता और सुंदर कलेक्शन ने आयोजन को यादगार बना दिया। कीर्ति राठौड़ के कलेक्शन की अनूठी थीम और रंगों के संयोजन ने फैशन के प्रति उनके दृष्टिकोण को स्पष्ट किया। डिजाइनर कीर्ति राठौड़ ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि वह राजस्थान के और भारतीय हथ करघा को देश विदेश तक अपने डिजाइंस के माध्यम से विदेशी बायर्स तक पहुँचा पा

रही है। वह हमेशा भारतीय परंपरा को आधुनिक ढंग से प्रस्तुत करने का प्रयास करती है। जिससे हमारे भारत की मैन्यूफ़ैक्चरिंग और डिजाइनिंग का परचम् पूरे विश्व में लहरा सके और ग्लोबल प्लेटफार्म पर भारत का बोलबाला सबसे ऊपर रहे । कीर्ति राठौड़ के सफल शो केस सोना चाँदी कलेक्शन ने जयपुर को एक बार फिर देश के फैशन मानचित्र पर मजबूती से स्थापित कर दिया।

सड़क हादसों में एक महिला सहित तीन की मौत

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। शहर में अलग-अलग हादसों में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। महेश नगर थाना इलाके में मॉर्निंग वॉक से लौट रही महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे महिला की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार महेश नगर निवासी 62 वर्षीय रुकमणी देवी पत्नी दुर्गाप्रसाद 14 दिसम्बर को मॉर्निंग वॉक पर गई थी। वापस लौटने के दौरान जेडीए पार्क अस्सी फीट रोड पर एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। दूसरी घटना में ट्रांसपोर्ट नगर में एक तेज रफ्तार बाइक ने पैदल को टक्कर मार दी। इससे राहगीर की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार निहालपुर दौसा निवासी 35 वर्षीय कुंदनसिंह पुत्र नरपतसिंह 16 दिसम्बर की सुबह करीब साढ़े 10.30 बजे पैदल ही जा रहा था। ट्रांसपोर्ट नगर में एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसकी मंगलवार को मौत हो गई। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल विजय ने बताया कि मृतक बस चालक था और वह किसी काम से जा रहा था इसी दौरान बाइक ने टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद चालक बाइक लेकर भाग निकला। तीसरी घटना में गांधी नगर स्टेशन के पास अज्ञात वाहन ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार किसान मार्ग बरकत नगर टोंक रोड निवासी 81 वर्षीय हनुमान सहाय 11 दिसम्बर को बाजार गए थे। वापस लौटने के दौरान गांधी नगर रेलवे स्टेशन के सामने एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां पर मंगलवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में 59 सी रैंक हासिल करने वाला चयनित सब इंस्पेक्टर गिरफ्तार

पिता लेकर आया था पेपर, परीक्षा से पहले पेपर पढ़कर पास हुआ था सिद्धार्थ

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। एसओजी ने एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में पेपर लीक सहित अन्य माध्यमों से परीक्षा पास करने के मामले में कनिष्ट अभियंता को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एसआई भर्ती परीक्षा पास कर ली थी और उसे 59वीं रैंक मिली थी। आरोपी वर्तमान में सार्वजनिक निर्माण विभाग बारां में कनिष्ट अभियंता के पद पर कार्यरत है। आरोपी को उसके पिता ने पेपर लीक गिरोह से पेपर लाकर दिया था। एटीएस एवं एसओजी एडीजी वी के सिंह ने बताया कि एसओजी द्वारा उप-निरीक्षक संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2021 के सम्बन्ध में दर्ज प्रकरण में 30 वर्षीय सिद्धार्थ यादव निवासी कुमावत कॉलोनी खातीपुरा रोड़ झोटवाड़ा जयपुर (चयनित उप निरीक्षक - रैंक 59) हाल पदस्थापित कनिष्ठ अभियन्ता, (विद्युत) सार्वजनिक निर्माण विभाग, बांरा को सोमवार को गिरफ्तार किया गया है। जिसको न्यायालय में पेष किया गया। जिसका बीस दिसम्बर तक पीसी रिमांड स्वीकृत किया गया है। गिरफ्तार राजेन्द्र कुमार यादव मेजर दिग्विजय सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खातीपुरा, जयपुर में वर्ष 2001 से अध्यापक के पद पर कार्यरत था। राजेन्द्र कुमार यादव शुरू में 20 अगस्त 2011 से परीक्षा सह प्रभारी एवं बाद में वर्ष 2022 से परीक्षा प्रभारी का काम देखता था। राजेन्द्र कुमार यादव का जानकार व्यक्ति राजेश खण्डेलवाल है। जो कि रविन्द्र बाल भारती सीनियर सैकण्डरी स्कूल शांति नगर हसनपुरा जयपुर में अकाउंटेंट है। यूनिक भाम्बू उर्फ पंकज चौधरी, शिवरतन मोट, राजेश खंडेलवाल ने मिलकर उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 का पेपर लीक किया। राजेन्द्र कुमार यादव ने अपने गैंग के सदस्यों यूनिक भाम्बू उर्फ पंकज चौधरी, जगदीश विश्नोई एवं शिवरत्न मोट से मिलीभगत कर अपने बेटे सिद्धार्थ यादव को उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 का सॉल्वड पेपर उसकी परीक्षा का पेपर पूर्व में पढ़ाया। उक्त प्रकरण में सिद्धार्थ यादव चयनित उप निरीक्षक के पिता राजेन्द्र कुमार यादव, जगदीश विश्नोई एवं शिवरत्न मोट एवं राजेश खण्डेलवाल को एसओजी द्वारा पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है । जो वर्तमान में न्यायिक हिरासत में चल रहे हैं।

गृह रक्षा विभाग में नवनियुक्त आरक्षियों का दीक्षांत समारोह बुधवार को

कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.) जनजातिय क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी की अध्यक्षता में गृह रक्षा विभाग में नवनियुक्त आरक्षी, आरक्षी (ड्रममैन), आरक्षी (बिगुलर) एवं आरक्षी वाहन चालकों का लंबे समय उपरांत दीक्षांत परेड़ समारोह कार्यक्रम बुधवार 18 दिसम्बर को केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा राजस्थान, फतेहपुरा (बेगस) जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। यह समारोह बुधवार को प्रात: 8.45 बजे से शुरू होगा। महानिदेशक व महासमादेष्टा गृह रक्षा श्री राजेश निर्वाण ने बताया कि इन कुल 115 नवनियुक्त आरक्षियों एवं वाहन चालकों में 88 पुरूष आरक्षी एवं 27 महिला आरक्षी है। जिनका उच्च स्तरीय प्रशिक्षण पुलिस ट्रेनिंग स्कूल अलवर में 16 सप्ताह, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में 96 दिन तथा जिला स्तर पर फील्ड ट्रेनिंग शहरी गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र एवं सीमा गृह रक्षा बटालियन पर एक-एक माह की अवधि के लिए पूरी हो चुकी है।

जलदाय विभाग का अधीक्षण अभियंता दो लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो(एसीबी) की डूंगरपुर टीम ने कार्यवाही करते हुये जलदाय विभाग जिला डूंगरपुर के अधीक्षण अभियंता अनिल कछवाहा को परिवादी से दो लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की डूंगरपुर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि जल-जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत करवाये गये कार्यों के करीब 2 करोड 50 लाख रुपये के बकाया बिलों को पास करने की एवज में अधीक्षण अभियंता अनिल कछवाहा 5 लाख रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी की डूंगरपुर टीम के उप अधीक्षक पुलिस रतन सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्यवाही करते हुये अधीक्षण अभियंता अनिल कछवाहा को 2 लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपित अधीक्षण अभियंता ने शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से एक लाख रुपये रिश्वत के रूप में वसूल किये जा चुके हैं।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा सरकारी एवं निजी महाविद्यालय में हुआ प्रकृति परीक्षण का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान में आमजन का बड़ी संख्या में प्रकृति परीक्षण किया जा रहा है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों द्वारा 17 दिसंबर को देश का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत दीपशिखा कॉलेज ग्रुप रीजनल टेक्निकल कॉलेज सीतापुरा, वेदांत महाविद्यालय के साथ विभिन्न सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों में नि:शुल्क आयुर्वेद

चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान से डॉ राकेश नागर, डॉ. रितेश रामनानी, डॉ. सुभाष यादव, डॉ. प्रियका एवं चिकित्सकों की टीम द्वारा कॉलेज स्टॉफ, छात्रों और स्थानीय नागरिकों का प्रकृति परीक्षण (हैल्थ चेक अप) व दवा वितरण का कार्य

किया। संस्था के सचिव एवं निदेशक ने विद्यार्थियों के प्रकृति परीक्षण के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2023 में चयनित अभ्यर्थियों को जल्द मिलेगी पोस्टिंग

पुलिस मुख्यालय ने दिए नियुक्ति आदेश जारी करने के सम्बंध में अग्रिम तैयारी के लिए दिशा-निर्देश

कांस्टेबल भर्ती-2023 में उच्च न्यायालय ने खारिज की भर्ती से जुड़ी याचिकाएं

आगामी दिनों में रोजगार उत्सव में दिए जाएंगे सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2023 में चयनित अभ्यर्थियों को जल्द पोस्टिंग मिलेगी । लम्बे समय से अटकी ज्वाइनिंग की राह को उच्च न्यायालय से साफ कर दिया है। पुलिस मुख्यालय ने भी इनकी नियुक्ति को लेकर अग्रिम तैयारियां शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा कांस्टेबल भर्ती-2023 से संबंधित एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 20250/2023 द्वारा सौरभ कुमार व अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य 118 याचिकाओं को खारिज कर दिया है। इससे इस भर्ती परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से आगामी दिनों में रोजगार उत्सव के तहत नियुक्ति पत्र प्रदान करने की दिशा में तैयारी आरम्भ कर दी गई है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पांडेय ने बताया कि एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 39/2023 द्वारा विकास बाजिया व अन्य बनाम राज्य सरकार व अन्य में माननीय उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा पारित आदेश 1 फरवरी 2024 की पालना में कॉन्स्टेबल भर्ती-2023 के लिए विज्ञापित 3578 पदों के विरूद्ध चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश अग्रिम आदेश तक जारी नहीं करने के लिए निर्देश प्रदान किए गए थे। अब न्यायालय द्वारा इस भर्ती से सम्बंधित याचिकाओं को खारिज कर दिया गया है। इस संदर्भ में सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर नियुक्ति आदेश जारी करने के सम्बंध में अग्रिम तैयारी के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। रोजगार उत्सव की तिथि निर्धारण होने तक पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) सहित जयपुर और जोधपुर के पुलिस उपायुक्तों और अन्य संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे इस दौरान चयनित अभ्यर्थियों (रिव्यू में चयनित अभ्यर्थियों सहित) की नियुक्ति संबंधी नियमानुसार समस्त औपचारिकताएं आगामी 3 दिनों में पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही नियुक्ति आदेश का प्रारूप तैयार रखें ताकि रोजगार उत्सव की तिथि नियत होने पर पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार शीघ्र नियुक्ति आदेश प्रसारित किए जा सके। उन्होंने बताया कि रोजगार उत्सव की तिथि नियत होने पर नियुक्ति आदेश जारी करने के सम्बंध में पुलिस मुख्यालय द्वारा पृथक से निर्देश प्रदान किए जाएंगे।

विभिन्न खाद्य व्यापार प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण एवं खाद्य नमूनीकरण की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

जयपुर द्वितीय। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. हँसराज भदालिया के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा मंगलवार, 17 दिसंबर को विभिन्न खाद्य व्यापार प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण एवं खाद्य नमूनीकरण की कार्रवाई की गई। चाकसू से लाल मिर्च पॉउडर, धनिया पाउडर, तिल का तेल, सरसों तेल, चाय पत्ती और पोहा का नमूना लिया गया और दुग्ध सहकारी समिति छांदेल कलां से भैंस का दूध, दुग्ध सहकारी समिति ढेर की ढाणी से मिक्स दूध, पुरोहित जोधपुर मिष्ठान भंडार कोटखावदा से मिश्री मावा, माँ भवानी जोधपुर मिष्ठान भंडार से सोया तेल, मिश्री मावा, मावा बर्फी, बेसन लड्डू का नमूना लिया गया।

लिए गए नमूनों को जांच हेतु खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। अनवरत चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत मिलावटख?री करने वालों पर

सख्त कार्यवाही करने एवं आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु प्रतिदिन इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी द्य समस्त कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश कुमार यादव, अवधेश गुप्ता और नंदकिशोर कुमावत शामिल रहे।

कैम्पा के सहयोग से हो रहा सेरेन्डिपिटी फेस्टिवल 2024 का भव्य आयोजन

रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का प्रमुख ब्रांड है कैम्पा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर/गोवा। भारत के सबसे बड़े बहु-विध कला उत्सव सेरेन्डिपिटी आर्ट्स फेस्टिवल 2024 ने प्रतिष्ठित घरेलू पेय ब्रांड कैम्पा के साथ साझेदारी की घोषणा की है। कैम्पा, रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का प्रमुख ब्रांड है। सेरेन्डिपिटी आर्ट्स की निदेशक स्मृति राजगढ़िया ने कहा, यह साझेदारी कला के विकास और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का उदाहरण है। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के सीओओ केतन मोदी ने इसे रचनात्मकता और नई खोजों का उत्सव बताया। इस वर्ष फेस्टिवल का मुख्य आकर्षण 'श्री डीवाज' कार्यक्रम होगा, जिसमें पद्मश्री अरुणा साईराम, पद्म भूषण उषा उथुप और पद्मश्री शुभा मुद्गल 22 दिसंबर को पहली बार नागल्ली हिल्स कॉन्सर्ट एरीना (पणजी, गोवा) में एक साथ प्रस्तुति देंगी। इसके अलावा, 17 दिसंबर को ब्लैक स्ट्रैट ब्लूज़ के वॉरेन मेंडोंसा और थर्मल एंड अ क्वार्टर रॉक बैंड अपनी ऊर्जावान संगीत प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। 15 से 22 दिसंबर तक गोवा में आयोजित हो रहे इस नौवें संस्करण में 1800 से अधिक कलाकारों की भागीदारी के साथ परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की बैठक

जयसिंहपुरा खोर एवं आमेर में अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत सीवरेज पम्पिंग स्टेशन हेतु प्रस्ताव

राज्य सरकार को भेजा जाएगा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के मार्गदर्षन में जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में भूमि एवं संपत्ति निस्तारण समिति की 204वीं बैठक में विभिन्न प्रकरणों का अनुमोदन किया गया।

बैठक में ग्राम जयसिंहपुरा खोर तहसील जयपुर एवं ग्राम आमेर तहसील आमेर में क्षेत्र की आवश्यकता के मद्देनजर अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत सीवरेज पम्पिंग स्टेशन निर्माण हेतु भूमि आवंटन करने का प्रस्ताव अनुमोदन करते हुए प्रकरण राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया। और अधिशाषी अभियंता परियोजना खण्ड-द्वितीय (उत्तर), जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्थान जयपुर को उच्च जलाशय निर्माण हेतु भूमि आवंटन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

मुकेश कुमार राजपूताना रायफल्स, शौर्य चक विजेता को मोहनलाल सुखाडिया नगर योजना में 162 व.मी. का भूखण्ड लॉटरी के माध्यम से आवंटन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। ग्राम गाडोता तहसील मौजमाबाद, जिला जयपुर के खसरा नं. 417 रकबा 0.80 हेक्टेयर, खसरा नं. 597 रकबा 4.26 हैक्टेयर किस्म चरागाह किता 2 कुल रकबा 5.06 हैक्टेयर भूमि सुरक्षा पुलिस बल हेतु नि:शुल्क आवंटन करने के प्रस्ताव अनुमोदन करते हुए प्रकरण राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया। क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, जयपुर विद्युत वितरण निगम लि., जयपुर द्वारा नींदड आवासीय योजना के समीप क्षेत्रफल 1500.00 व.मी. भूमि में से 33/11 के.वी. सब स्टेशन हेतु आरक्षित दर पर भूमि आवंटन का प्रस्ताव अनुमोदन करते हुए प्रकरण राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया।

नगर निगम ग्रेटर, जयपुर को ग्राम भाटेड़ तहसील सांगानेर ख. नं. 835 रकबा 2.55 हैक्टेयर किस्म चरागाह में से 5472.00 व.मी. कचरा संग्रहण स्टेशन हेतु आवंटन करने के प्रस्ताव अनुमोदन करते हुए प्रकरण राज्य सरकार की स्वीकृति हेतु भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया।

वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव समाज के लिए बेहद उपयोगी : सुराणा

बढ़ता राजस्थान

चूरू(नि.स.)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा है कि पिछले तीस-चालीस साल में दुनिया बहुत तेजी से बदली है। ऐसे में समाज को सही दिशा देने की दिशा में वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समाज को उनके अनुभवों का लाभ उठाना चाहिए। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा चूरू की ओर से मंगलवार को राष्ट्रीय पेंशनर दिवस के अवसर पर पेंशनर भवन में आयोजित जिला स्तरीय पेंशनर सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में उपस्थित पेंशनरों को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर जिला कलक्टर ने कहा कि तेजी से बदल रही दुनिया में बुजुर्गों का अनुभव समाज के लिए बेहद उपयोगी है। उन्होंने चूरू के पेंशनरों के उत्साह की सराहना की और विश्वास दिलाया कि पेंशनरों के हितों की सुरक्षा के लिए शासन-प्रशासन सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि समाज को सदैव बुजुर्गो का सम्मान करना चाहिए क्योंकि उनके अनुभव बहुत कीमती हैं। हमारे पेंशनर ज्ञान एवं अनुभव का भण्डार हैं। उन्हें चाहिए कि वे अपने लम्बे ज्ञान व गहन अनुभव का सदुपयोग युवा पीढ़ी के मार्गदर्शन में करें और उन्हें जीवन जीने का सही तरीका बताएं ताकि युवा पीढ़ी राष्ट्र के निर्माण में सहायक सिद्ध हो सके। उन्होंने कहा कि चूरू जिले का पेंशनर जागरूक है और प्रदेश के अन्य जिलों के पेंशनर समाज के लिए प्रेरणादाई है। विशिष्ट अतिथि कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल व सहायक निदेशक (जनसम्पर्क) कुमार अजय ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर 101 वर्षीय सर्वाधिक आयु की महिला पेंशनर मोहन कंवर, घंटेल तथा 92 वर्षीय सर्वाधिक आयु के पुरूष पेंशनर डॉ. मोतीलाल सोनी सहित 80 वर्ष से अधिक आयु के 20 पेंशनरों को माला और शॉल ओढाकर उनका स्वागत किया किया। उपशाखा सरदारशहर के अध्यक्ष विश्वलाल पारीक, रतननगर के नरेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, तारानगर के पालाराम, राजगढ़ के सत्यनारायण गुप्ता, रतनगढ के सत्यनारायण सेवदा, सुजानगढ़ के रेखाराम मेहरड़ा, बीदासर के फूसराज गौड़ एवं सिधमुख के संयोजक महावीरसिंह जांगिड़ को माला व शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिह्न भेंटकर उनका सम्मान किया गया। श्रेष्ठ कार्यकर्ता के रूप में उपाध्यक्ष हरिसिंह को माला व शॉल पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों को भी माला व शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया।

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ 16 दिसम्बर को प्रहार विजय दिवस मनाया

स्वंय सेवको ने लगाये हजारो प्रहार



बढ़ता राजस्थान

फुलेरा,(नि.स.)। कस्बे के रामलीला मैदान पर 16दिसम्बर की रात सैकडो राष्ट्रीय स्वंय सेवको ने विजय दिवश मनाकर दण्ड से हजारो प्रहार लगाये। संघ के खण्ड कार्यवाह ने अपने बोद्दिक मे बताया कि सन 1971 मे भारत-पाकिस्तान तीसरा युद्ध था। इससे पहले के दोनो युद्धो में भी भारत की जीत हुई थी । परंतु इस तीसरे युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत हुईथी.। यह युद्ध न सिर्फ भारत बल्कि विश्व के इतिहास का एक ऐतिहासिक युद्ध बना। 16 दिसंबर 1971 को 93,000 सशस्त्र पाकिस्तानी सैनिकों नेभारतीय जवानो के आगे घुटने के बल बैठकर प्राण दान मांगते हुए सशस्त्र आत्मसमर्पण भारतीय सेना के समक्ष कर दिया और आत्मसमर्पण के पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस युद्ध में पाकिस्तान दो देशों में बट गया था इस ऐतिहासिक युद्ध में कई भारतीय वीर जवानों नेअपनी प्राणों की आहुति दी और वीरगति को प्राप्त हुए। इस ऐतिहासिक जीत और वीर जवानों की शहादत को 'गौरवशाली विजय शौर्य दिवस' पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 16 दिसंबर को 'प्रहार दिवस' 'प्रहार महायज्ञ' के रूप में मनाता है। और इस प्रहार महायज्ञ के दिन प्रत्येक शाखा पर प्रत्येक स्वयंसेवक 1 घंटे लगातार अधिक से अधिक प्रहार लगाकर प्रहार रूपी आहुति देता है। और अपनी शारीरिक क्षमता एवं दक्षता का प्रदर्शन कर वीर शहीद जवानों को आश्वस्त करता हैं कि आप हमें जो राष्ट्र सौंपकर गए है उसकी सुरक्षा के लिए हम अपनी बाजुओं में इन प्रहारों से ताकत भर रहे है.गोरतलब है कि बॉर्डर पर - 40 डिग्री (माइनस) में भी हमारा वीर जवान खड़ा रहकर अपने प्राणों की परवाह न करके देश की रक्षा करता है तो हम एक दिन प्रात: 12 डिग्री में प्रहार नहीं लगा सकते क्या. इस अवसर पर कमल सोनी ने स्वंय सेवको को नशाखोरी के विरूद्द शपथ दिलाते हुये बोद्दिक मे कहा कि आज कस्बे मे कुछ माफिया गिरोह सुखे नशे का कारोबार करते हुये युवाओ का भविष्य बरबाद कर देश का भविष्य भी खराब कर रहेहै इनसे सावधान रहते हुये इनका भण्डा फोडना होगा ताकि दैश सुरक्षित रहे।

जिले के हजारों लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में लिया उत्साहपूर्वक भाग

राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में सभा का दिखाया लाईव प्रसारण

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर ' हर घर खुशहाली' कार्यक्रम के तहत जयपुर के दादिया में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में कोटपूतली-बहरोड़ जिले से हजारों लोग शामिल हुये। जिले के विभिन्न गांवों और शहरों से सैकड़ों बसों द्वारा लोग प्रात: जयपुर पहुंचे और इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बने। कार्यक्रम के दौरान राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली के सभागार में भी सभा का लाईव प्रसारण दिखाया गया। जिसमें जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, एसीईओ रामनिवास, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट समेत विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी व लाभार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईआरसीपी (ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट) परियोजना का शिलान्यास किया। जिससे कोटपूतली-बहरोड़ जिले की सिंचाई और पेयजल समस्याओं का समाधान होगा। पीएम मोदी ने जल संरक्षण और पर्यावरण बचाने के लिये 卐 एक पेड़ मां के नाम 卐 अभियान से जुडने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास पर करतल ध्वनि से खुशी जाहिर की और प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का समापन भी हुआ। जिसमें सैकड़ों विद्यार्थी, युवा, महिलायें और नागरिक शामिल हुये। उन्होंने विभिन्न विभागों की स्टालों पर जाकर सरकार की विकास योजनाओं और गत एक वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी ली।

विचारों को मंच मिले तो निखरेंगी प्रतिभाएं : झाझड़िया

पद्म भूषण देवेन्द्र झाझड़िया ने जिला कलक्टर की अभिनव पहल पर आयोजित आइडियाथॉन विजेताओं को पुरस्कार राशि भेंट कर किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

चूरू(सुरेश लाटा)। पदमभूषण् देवेन्द्र झाझड़िया ने रविवार को जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अभिनव पहल पर सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के आई स्टार्ट नेस्ट, इनक्यूबेशन सेंटर में रविवार को आइडियाथॉन के समापन समारोह में शिरकत कर विजेताओं को पुरस्कार राशि भेंट कर सम्मानित किया। बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए पद्म भूषण देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि प्रतिभाओं के विचारों को मंच मिलने पर निखरकर हमारे सामने आएंगी। जिले में छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के लिए जिला प्रशासन की पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जिले में इन्क्यूबेशन सेंटर का संचालन जिले की युवा पीढ़ी के विचारों के लिए बड़ा मंच है। सेंटर में हाइटेक सुविधाएं विकसित की गई हैं। साथ ही मेंटरशिप की व्यवस्था भी सराहनीय है। यहां की प्रतिभाओं के विचारों को बेहतरीन सुविधाएं मिलने पर देश-विदेश में जिले का नाम रोशन होगा। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि युवा अपने विचारों को नए आयाम दें और इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से उन्हें तराशें। सेंटर पर मेंटरशिप का लाभ उठाते हुए युवा अपने विचारों को प्रोडक्टिव अंदाज में इम्प्लीमेंट करें। इसके लिए जिला प्रशासन की टीम सहयोगी की भूमिका निभाएगी। युवा सीखें और इन्क्यूबेशन सेंटर में आइडियाज की बेहतरी के लिए सतत प्रयास करें। उन्होंने डीओआईटी टीम को बधाई देते हुए कहा कि टीम के समर्पित प्रयासों से अल्प समय में आइडियाथॉन का सफल क्रियान्वयन संभव हो पाया। आइडियाथॉन में प्रतिभागियों ने दिए गए विषयों पर नवाचारयुक्त सुझाव जूरी मेंबर्स के सामने प्रस्तुत किए। डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, आत्मा परियोजना निदेशक दीपक कपिला, वाटरशेड एसई महेन्द्र सूरा, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, इन्क्यूबेशन सेंटर प्रभारी गुरप्रीत सिंह लबाना व मेंटर मनु विजय ज्यूरी सदस्य रहे। जिले की स्थानीय समस्याओं के अभिनव समाधान व नवाचार के आधार पर ज्यूरी द्वारा प्रतिभागियों को अंक प्रदान किए गए। एसीपी नरेश टुहानिया ने बताया कि 'किसानों की उत्पादकता व आय को बढ़ाना' विषय में संदीप कुमार प्रथम, सूरज शर्मा द्वितीय एवं मुकेश प्रजापत व नरेंद्र सिहाग ने तृतीय स्थान, 'नगर निकायों व ग्राम पंचायत में दीर्घकालिक एवं एकीकृत ठोस कचरा प्रबंधन' विषय में शिशिर सिंघल प्रथम, मोहसिन भाटी द्वितीय व मधु स्वामी तृतीय, 'जल के पुनर्भरण, पुनर्प्रयोग व पुनर्चक्रण को सुनिश्चित एवं प्रोत्साहित करना' विषय में हेमंत कुमार सैनी प्रथम, प्रदीप सिंह आदित्य तथा जतिन तृतीय स्थान पर रहे। अतिथियों ने तीनों वर्गों में प्रथम स्थान पर रहने वालों को 10000 रुपए, , द्वितीय स्थान पर रहने वालों को 7000 रुपए तथा तृतीय स्थान पर रहने वालों को 3000 रुपए पुरस्कार राशि का चेक प्रदान किया।

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित

ग्राम रघुनाथपुरा में आयोजित शिविर में 1682 जनसहभागी हुये उपस्थित

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। राज्य सरकार के कार्यकाल की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर 15 दिसम्बर से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसका द्वितीय कैम्प मंगलवार 17 दिसम्बर को ग्राम रघुनाथपुरा के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर-आरोग्य परम धनम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रघुनाथपुरा पर आयोजित किया गया। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी के साथ कैम्प का निरीक्षण किया। कैम्प में आये हुये मरीजों एवं परिजनों को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बीपीएम विजय तिवाड़ी ने बताया कि शिविर में 1682 जनसहभागियों की उपस्थिति रही। मरीजों को विषय विशेषज्ञों द्वारा दन्त रोग, नेत्र रोग, मेडिसन की सेवायें दी गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों का टीकाकरण, असंक्रामक रोग यथा डायबिटीज, हाईपरटेंशन, कॉमन कैंसर, टीबी, अंधता रोगी की स्क्रीनिंग, ईसीजी सहित 37 प्रकार की निःशुल्क जांचें कर उपचार किया गया। शिविर में आने वालों की आभा आई.डी. एवं बकाया ई-केवाईसी की गई। आरबीएसके टीम द्वारा छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग कर उपचार किया गया। साथ ही 28 मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थान हेतु रैफर किया गया। जिनका निरन्तर फॉलोअप किया जायेगा। बीसीएमओ ने शिविर के सफल आयोजन के लिये पीएचसी प्रभारी डॉ. राहुल शर्मा, राजेन्द्र सिंह राठौड़, नरेश यादव, अशोक यादव, बलवंत मीना, पूजा यादव, बबीता यादव, ममता जाट, लालचन्द रहीसा, सत्यनारायण यादव एवं समस्त पीएचसी स्टॉफ को धन्यवाद् दिया। बुधवार को सीएचसी नारेहड़ा में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

उदयपुर में बीपीसीएल का पहला कोको पेट्रोल पंप शुरू

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने उदयपुर में अपने पहले कंपनी ओन्ड कंपनी ऑपरेटेड पेट्रोल पंप बीपी उदयपुर की शुरुआत की इस कोको पेट्रोल पंप का उद्घाटन बीपीसीएल हेड (रिटेल), नॉर्थ अचमन त्रेहन ने की। यह अत्याधुनिक सेवाओं और गुणवत्ता के प्रति बीपीसीएल की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उदयपुर सिटी का यह पहला कोको पूर्णता महिलाओं द्वारा संचालित है, जो महिला सशक्तिकरण के लिया उठाया गया भारत पेट्रोलियम उदयपुर टेरिटरी का अहम कदम है। यह परियोजना बीपीसीएल रिटेल टेरिटरी, उदयपुर की देखरेख में पूरी की गई है। यह कोको पेट्रोल पंप ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले ईंधन के साथ आधुनिक सुविधाएं, उत्कृष्ट सेवा और तकनीकी उन्नति प्रदान करेगा। यह बीपीसीएल की बढ़ती उपस्थिति और उदयपुर के ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीपीसीएल उदयपुर क्षेत्र में अपने उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस नए कोको पंप के साथ, बीपीसीएल सेवा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और ग्राहकों की संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए तत्पर है।

दीवारों पर उकेरे गए चित्र यात्रियों को लुभाएंगे : सुराणा

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने दीवारों पर की जा रही चित्रकारी का किया अवलोकन, पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

चूरू(सुरेश लाटा)। जिला कलक्टर सुराणा ने मंगलवार को पीएचईडी कार्यालय के पास चित्रकारों द्वारा की जा रही पेंटिंग का अवलोकन किया तथा कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि चित्रकारों द्वारा की जा रही चित्रकारी शहर को सुंदर व मोहक अंदाज दे रही हैं। चूरू नगरपरिषद द्वारा ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन सराहनीय है। इससे कलाकारों को भी हौसला मिलता है। साथ ही शहर भी सुंदर होते हैं। उन्होंने दीवारों पर उकेरे गए चित्रों को देखकर कहा कि यह मोहक चित्र निश्चित तौर पर गुजरने वाले यात्रियों को लुभाते हुए रोकेंगे। वहीं बाहर से आने वाले प्रवासियों को भी आकर्षित करेंगे। सुराणा ने कहा कि चूरू सहित अन्य नगरनिकायों में भी ऐसे नवाचार किए जाएं तथा सौन्दर्यकरण पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने आयुक्त से कहा कि पुराने कलक्ट्रेट की दीवारों पर भी टेराकोटा जैसा रंग-रोगन करवाया जाए। साथ ही शहर में अधिकतम फुटफॉल वाले स्थानों पर भी चित्रकारी करवाई जाए। इस मौके पर एडीपीआर कुमार अजय, प्रधानाचार्य मुकुल भाटी सहित कलाकार मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, डीएफओ भवानी सिंह, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, आत्मा परियोजना निदेशक दीपक कपिला, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में चूरू नगरपरिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार राशि, प्रमाण -पत्र व मेमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बताया कि पेंटिंग प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में सौरभ प्रजापत प्रथम, दीपक गुर्जर द्वितीय तथा कनिष्ठ वर्ग में प्रियंका व आदित्यविक्रम मोठसरा प्रथम, प्रिति प्रजापत व वंदना राठौड़ द्वितीय तथा विशाल वाल्मिकी व संदीप महावर तृतीय स्थान पर रहे।

न्याय सभी के लिए सहज और सुलभ हो : दिलीप सिंह गोरा

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)। आमजन को न्याय सहज और सुलभ हो इसकी समुचित व्यवस्था ज़िला बार एसोसिएशन की नवनियुक्त कार्यकारिणी करेगी। रक्तदान और सामाजिक कार्यों में अग्रणी संस्था मानव सेवा संकल्प द्वारा अजमेर रोड स्थित एक होटल में आयोजित सम्मान समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष दिलीप सिंह गोरा ने अपने उद्बोधन में यह उद्गार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी ब्यावर बार का गौरव पूर्ण इतिहास रहा है हमारा ध्येय भी इस बार के गौरव को लगातार बढ़ते रहना रहेगा। अधिवक्ताओं का सम्मान हमारी प्राथमिकता रहेगी। ब्यावर लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष आशीषपाल पदावत ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी अधिवक्ता साथियों के लिए सदैव कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। मानव सेवा संकल्प के प्रणेता एडवोकेट अजय शर्मा ने इस अवसर पर नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हाल ही में उन्होंने राजस्थान बार काउंसिल की सदस्यता ली है, वे स्वयं भी सभी अधिवक्ताओं के साथ मिलकर ब्यावर बार एसोसिएशन के गौरवशाली इतिहास की परम्परा को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर मानव सेवा संकल्प के सदस्यों द्वारा जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तुषार दुबे, उपाध्यक्ष ऋषिराज सिंह चौहान, सचिव नरेंद्र शर्मा, सहसचिव विजय फुलवारी, कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह चौहान, पुस्तकालयाध्यक्ष पंकज अरोड़ा सहित कार्यकारिणी सदस्यों एडवोकेट रहमत काठात, विकास चौहान, महेंद्र सिंह, सुरेंद्र चनिया, शाहिद खान, मुकेश भाटी, सुरेंद्र राठौड़, विक्रम सिंह एवं एडवोकेट रवि टांक का भी माला व साफ़ा पहनाकर स्वागत किया। ज़िला बार एसोसिएशन के स्वागत समारोह में प्रमुख होटल व्यवसायी नितेश यादव, पुरूषोत्तम सेवानी, अज़मत काठात, रवि डंडायत, जितेंद्र सिंह राजावत, ओमप्रकाश गर्ग, पार्षद अनिल भोजक, मदनमोहन त्रिपाठी, शेख सय्यद मुग़ल पठान संस्था के अध्यक्ष बशीर मोहम्मद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ जमाल अली, मनोज शर्मा, अभिषेक जैन, अनिल प्रजापत, चेतन शर्मा, वृत्तंजय आर्य, दिलीप सोलीवाल, ललित सोनी, मुकेश गर्ग, प्रशांत प्रजापत, संजय मेहता, योगेश पंचोली, राजेश शर्मा बाबा, मोहनलाल भोपलावत, हरिओम शर्मा, राहुल सामरिया और त्रिभुवन राय शर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। स्वागत कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट विजय पारीक ने किया।

20 औद्योगिक इकाईयों में रिक्त साढ़े चार हजार पदों के लिए 9 हजार युवा रोजगार शिविर में भाग लेगें

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर, ब्यावर विधायक सहित कई जनप्रतिनिधिगण उपस्थित होगें

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)। कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के तत्वावधान में 18 दिसंबर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) ब्यावर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस शिविर में अब तक 20 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। इन कंपनियों ने कुल 4568 रिक्तियों की जानकारी प्रदान की है, जिनके लिए युवाओं का चयन किया जाएगा। जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर में जिला कलेक्टर डॉ श्री महेंद्र खड़गावत,ब्यावर विधायक श्री शंकर सिंह रावत बतौर अतिथि जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर में मौजूद रहेंगे।

कंपनियों की सक्रिय भागीदारी

इस रोजगार शिविर में स्थानीय, राज्य और देशभर की प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल हो रही हैं, जो मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, रिटेल, बैंकिंग, हेल्थकेयर, ऑटोमोबाइल , और अन्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। यह पहली बार है कि ब्यावर में इतने बड़े स्तर पर जिला स्तरीय रोजगार शिविर का आयोजन हो रहा है।

4568 रिक्तियां होंगी उपलब्ध

शिविर में भाग लेने वाली कंपनियों ने कुल 4568 रिक्तियों की पेशकश की है, जो विभिन्न पदों के लिए हैं। इनमें कुशल और अर्ध-कुशल श्रमिकों के साथ-साथ फ्रेशर्स और अनुभवी पेशेवरों के लिए भी अवसर हैं। यह युवाओं के लिए अपने कौशल और योग्यता के अनुरूप नौकरी पाने का सुनहरा अवसर है। सहायक निदेशक (प्रशिक्षण) वनफूल जाट ने कहा, इस रोजगार शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। 20 से अधिक कंपनियों की भागीदारी और 4568 रिक्तियां इस आयोजन की सफलता को पहले ही सुनिश्चित कर रही हैं।

राज्यपाल श्री बागडे ने विकसित भारत में सभी के योगदान का किया आह्वान

नगर निगमों के महापौरों से किया संवाद

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने राजस्थान को वीर भूमि बताते हुए यहां के गौरवमय इतिहास से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है।

उन्होंने जयपुर को सर्वाधिक सुनियोजित शहर बताते हुए इसकी स्वच्छता और सुंदरता के लिए सभी को मिलकर कार्य किए जाने पर जोर दिया। श्री बागडे मंगलवार को चोखी ढाणी में नगर निगम द्वारा आयोजित जयपुर महोत्सव कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने भारत के इतिहास और विकास की चर्चा कर विकसित भारत में सभी को भूमिका निभाने का भी आह्वान किया। राज्यपाल ने आरंभ में राज्य के विभिन्न नगर निगम महापौरों से परिचय प्राप्त कर उनसे संवाद भी किया। उन्होंने इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों की भी सराहना की।

सम्पादकीय

नशे के आदी युवाओं में सुधार की गुंजाइश, उपेक्षा के बजाय उसके प्रति करना चाहिए उचित व्यवहार

एक संवेदनशील समाज अपने बीच पल रही नकारात्मक प्रवृत्तियों की पहचान करता और उसे नजरअंदाज करने के बजाय दूर करने के लिए उचित रास्ते अपनाता है। विडंबना है कि हमारे आसपास कई ऐसी स्थितियां होती हैं, जिन्हें लेकर समाज आमतौर पर उपेक्षा और कई बार उसे खारिज करने का रवैया अख्तियार कर लेता है। नतीजतन वह समस्या और जटिल होती जाती है। समूचे देश के युवाओं के बीच मादक पदार्थों की बढ़ती लत या नशे की आदत एक ऐसी समस्या है, जिससे निपटने में समाज से लेकर सरकार तक ने एक तरह की उदासीनता ही दर्शायी है। बल्कि आमतौर पर मादक पदार्थों के लती युवाओं में सुधार या नशे से मुक्ति की गुंजाइश पैदा करने के बजाय उन्हें सबके लिए खतरनाक व्यक्ति के रूप में देखा जाता है। जबकि यह हमेशा साबित हुआ है कि इस तरह की नकारात्मक सामाजिक प्रतिक्रिया की वजह से जो युवा मादक पदार्थों के दलदल से बाहर आ सकते थे, वे भी अपनी उपेक्षा और खुद को अपमानित किए जाने की वजह से उस संजाल में और ज्यादा उलझते चले जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ लड़ाई से जुड़े महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर रोशनी डाली और इससे प्रभावित युवाओं का 'दानवीकरण' करने के बजाय उनके पुनर्वास पर जोर दिया। यह छिपा तथ्य नहीं है कि समाज में एक बड़ा तबका किसी न किसी तरह के मादक पदार्थ का सेवन करता है, मगर इसके समांतर ऐसे लोगों के प्रति एक नकारात्मक भाव भी होता है। जब कोई युवा संगति या अन्य वजहों से धूम्रपान, शराब या इससे ज्यादा घातक नशीले पदार्थों का सेवन करने लगता है, तब उसके प्रति एक आम सामाजिक प्रतिक्रिया ऐसी नहीं होती, जिसमें उसके उस जाल में फंसने के कारणों पर गौर करके उससे निकालने की इच्छाशक्ति दिखे। इसके उलट इस दुश्चक्र में फंसे युवाओं के बारे में नकारात्मक धारणा बनाई जाती है। इसका नतीजा यह होता है कि एक लत का शिकार होकर पहले ही उद्वेलन और द्वंद्व के मनोविज्ञान में फंस गया व्यक्ति अपने प्रति अपमानजनक और उपेक्षित रवैये से चोट खाकर और ज्यादा नशे में डूब जाता है। सवाल है कि नशे के संजाल में फंसे युवा के एक बेहतर मनुष्य होने की उम्मीद पालने वाले समाज को इससे क्या हासिल होता है। व्यवहार मनोविज्ञान की कसौटी पर देखें तो मादक पदार्थों की लत या अनुचित आदत का शिकार हो गए व्यक्ति में भी अपने प्रति संवेदनशील बर्ताव और उचित तौर-तरीके के जरिए बदलाव लाया जा सकता है, उसे इस जाल से बाहर निकाला जा सकता है। इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने मादक द्रव्यों की लत के बहुआयामी कारणों की ओर इशारा किया, जिसमें शैक्षणिक दबाव, पारिवारिक अशांति और नशीली दवाओं की आसान उपलब्धता शामिल है। ये कारक ही अक्सर किशोरों और युवाओं के बीच भावनात्मक पलायनवाद के रूप में मादक पदार्थों के सेवन को बढ़ावा देते हैं। पिछले कुछ समय से इन्हीं जटिल परिस्थितियों का फायदा उठा कर अवैध व्यापार करने वाले इसका इस्तेमाल आतंकवाद और हिंसा को बढ़ावा देने में कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर विशेष

अल्पसंख्यक के नाम पर राजनीति ज्यादा खतरनाक

भारत 'लोकतंत्र की जननी' कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्र म एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र में अलग-अलग जातीय, भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक समूह होते हैं।

ललित गर्ग

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पहली बार 18 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिन्हित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं समाज को जागृत करने हेतु मनाया जाता है। इस साल थीम 'विविधता और समावेश का जश्न मनाना' है। इसका उद्देश्य भारत के अल्पसंख्यकों की समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देना है। यह थीम इस बात पर ज़ोर देती है कि अल्पसंख्यक के अधिकार सिर्फ़ आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों की परिभाषा दी है कि ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा। भारत में, इस दिन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रीय या जातीय, धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा को जीवंतता प्रदान करने का दिवस है। भारत में केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के गैर-भेदभाव और समानता के अधिकारों की गारंटी के प्रयास सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिन, देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान खींचा जाता है। लोग धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की बात करते हैं।

भारत में अनेक अल्पसंख्यक समुदाय है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की, जो संविधान और संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों में दिए गए अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और संरक्षण करते हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। हालांकि, कानूनी रूप से भारत के संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान के कई प्रावधान अनुच्छेद 29, 30 आदि हैं। अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो शब्दों से बना है। जिसका मतलब दूसरों की तुलना में कम संख्या होना है। भारत में अल्पसंख्यकों में मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी शामिल हैं। जरूरत है कि अल्पसंख्यकों को नहीं बांटें और सत्य को नहीं ढकें। लोकतंत्र भारत की आत्मा है और उसकी रगों में लोकतंत्र रचा-बसा है। यहां सभी को समानता से जीने का अधिकार है, जाति, पंथ एवं धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के कल्याण एवं अधिकारों पर बल दिया है तभी उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलती है। अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव के आरोप पर मोदी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में धर्म, जाति, उम्र या भू-भाग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों के आधार पर बने संविधान के आधार पर चलती है तो पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं उठता है। 'सबका' शब्द में सभी अल्पसंख्यक वर्ग को सम्मिलित करने का भाव है, मोदी सरकार ने अपने नए नारे के साथ ये एहसास दिलाने का प्रयास किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय का भी विश्वास अर्जित करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून लाकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को बहुसंख्यक समाज के महिला के बराबर बताने की कोशिश ऐसा ही प्रयास है। भारत की माटी ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का उद्घोष करके सभी प्राणियों के सुखी एवं समृद्ध होने की कामना की है। यहां अल्पसंख्यकों के साथ इसी उद्घोष की भांति उदात्तता बरती जाती है। महात्मा गांधी ने कहा भी है कि किसी राष्ट्र की महानता इस बात से मापी जाती है कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है।' इस दृष्टि से आजादी के बाद की सभी सरकारों ने अल्पसंख्यकों के साथ उदात्त एवं कल्याणकारी दृष्टिकोण अपनाया है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों ने अपने स्वार्थों के लिये अल्पसंख्यकों को गुमराह किया है, साम्प्रदायिक उन्माद पैदा किया है। जिससे भारत के लोकतंत्र पर लाल और काले धब्बे लगते गये हैं। इन्हीं संकीर्ण एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले दलों ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की बजाय उनको वोट बैंक मानकर उनके वास्तविक अधिकारों की अनदेखी की है। ऐसे राजनेताओं ने अल्पसंख्यकों का जीवन खतरे में है, कहकर उन्हें उकसाया है, राष्ट्र की मूलधारा से अलग-थलग करने की कोशिश की है, लेकिन मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की अनेक बहुआयामी योजनाओं एवं नीतियों को लागू कर इन तथाकथित नेताओं की जुबान पर ताला लगा दिया है। सच कहा जाये तो देश में अल्पसंख्यक खतरे में नहीं हैं, अल्पसंख्यकों के नाम पर राजनीति करने वाले खतरे में हैं। भारत विविध संस्कृतियों और समुदायों का देश है, यही इसका सौन्दर्य है। एक या अधिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव और जबरन आत्मसात करने से समृद्ध और ऐतिहासिक संस्कृतियों, भाषाओं और धर्मों का नुकसान हो सकता है जिन्होंने सदियों से भारत में अपनी विरासत संभाली है। विशिष्ट भारतीय समुदायों की सांस्कृतिक रूप से विविध पहचान को केवल अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करके ही बरकरार रखा जा सकता है। भारतीय सामाजिक प्रथाओं में प्रत्येक संस्कृति और धर्म के प्रति सहिष्णु और सर्व-समावेशी रवैया शामिल है। भेदभाव, जबरन आत्मसातीकरण एवं धर्म-परिवर्तन समुदायों को खतरे में डालता है और भारतीय समाज के समग्र सार एवं उसके मूल स्वरूप को प्रभावित करता है। भेदभाव नफरत का सबसे खराब एवं वीभत्स रूप है। लोगों के एक समूह के खिलाफ उनकी भाषाई या सांस्कृतिक मान्यताओं के आधार पर हिंसक कार्रवाई करना किसी व्यक्ति के विवेक के लिए हानिकारक है। खतरा मन्दिरों, मस्जिदों, गिरजों और गुरुद्वारों को नहीं है। खतरा हमारी संस्कृति को है, हमारी सांस्कृतिक एकता को है, जो हमारी हजारों वर्षों से सिद्ध चरित्र की प्रतीक है। जो युगों और परिवर्तनों के कई दौरों की कसौटी पर खरा उतरा है। कोई बहुसंख्यक और कोई अल्पसंख्यक है, तो इस सच्चाई को स्वीकार करके रहना, अब तक हम क्यों नहीं सीख पाए? देश में अनेक धर्म के सम्प्रदाय हैं और उनमें सभी अल्पमत में हैं। वे भी तो जी रहे हैं। उन सबको वैधानिक अधिकार हैं तो नैतिक दायित्व भी हैं। देश, सरकार संविधान से चलते हैं, आस्था से नहीं। धर्म को सम्प्रदाय से ऊपर नहीं रख सके तो धर्म का सदैव गलत अर्थ निकलता रहेगा।

शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

अनुराग हरित
(राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी)

नमस्कार साथियों हमारी आज के कॉलम के स्टार हैं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री अनुराग हरित जी। 20 मार्च सन 1981 को दिल्ली में जन्में अनुराग शुरू से ही होनहार रहे हैं। बेहद शानदार अधिकारी है उससे भी कहीं अच्छे इंसान हैं हरित। अलवर तहसीलदार के पदस्थाप्र के दौरान इनकी कार्यशैली को बेहद करीब से देखने का मौका लगा साथ ही एक दिन मैं जब यह मालाखेड़ा तहसीदार थे तब इनसे मिलने गया तो हर गाँव का आदमी सीधा इनके पास पहुँच रहा था और ये सभी को बिना तनाव के अच्छे से अटेंड कर रहे थे सभी ग्रामीणों को बेहद प्यार से समझा रहे थे।

बाहर आकर भी ग्रामीणों में इनकी चर्चा सुनकर मन बड़ा प्रसन्न हुआ। राजस्थान तहसील सेवा में बतौर नायब तहसीलदार लगे और आज उप जिला कलक्टर बानसूर जिला कोटपूतली-बहरोड़ पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये उपखण्ड अधिकारी, नगर डीग रहे। उपखण्ड अधिकारी, बूंदी। निजी सचिव, मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जेल विभाग पंचायती राज के अधीनस्थ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग स्वतंत्र प्रभार जयपुर टीकाराम जूली रहे। उप खण्ड अधिकारी, मालाखेड़ा अलवर। तहसीलदार, मालाखेड़ा अलवर। तहसीलदार, थानागाजी, अलवर। तहसीलदार, अजमेर। तहसीलदार, राजस्व बोर्ड अजमेर। तहसीलदार, अलवर। तहसीलदार, जयपुर। सहायक बंदोबस्त अधिकारी, भरतपुर। नायब तहसीलदार, अलवर रहे हैं। बेहद शानदार शख्सियत के रूप में इन्हें जाना जाता है। हमेशा मुस्कान भरे चहरे से आने वाले हर शख्स का स्वागत करते हैं। कभी इन्हें तनाव में नहीं देखा गया। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

रूपक शर्मा

आज का इतिहास

18 दिसम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मंगोल शासक कुबलई खान ने 1271 में अपने साम्राज्य का नाम युआन रखा और यहीं से मंगोलिया और चीन में युआन वंश की शुरुआत हुई।
- तैमूर ने 1398 में सुल्तान नुसरत शाह को हराकर दिल्ली पर कब्जा किया।
- समुद्री खोजी नाविक तस्मान 1642 में न्यूजीलैंड की धरती पर उतरा। उसी के नाम पर न्यूजिलैंड के समीपवर्ती समुद्र को तस्मानिया समुद्र भी कहा जाता है।
- अमेरिका में 1777 में पहली बार नेशनल थैंक्स गिविंग डे मनाया गया।
- अमेरिकी संविधान को स्वीकार करने वाला न्यू जर्सी 1787 में तीसरा राज्य बना।
- अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जार्ज वाशिंगटन के पार्थिव शरीर को 1799 में माउंट वर्नान में दफनाया गया।
- रूस का राष्ट्रीय गान 'गॉड सेव द जार' 1833 में पहली बार गाया गया।
- अमेरिका के जॉन ड्रेपर ने 1839 में पहली बार किसी आकाशीय पिंड (चंद्रमा) की तस्वीर उतारी।
- विलियम बांड ने 1849 में टेलीस्कोप के जरिये चांद की पहली फोटोग्राफ ली।
- अमेरिका में पहला मवेशी आयात कानून 1865 में पारित हुआ।
- अल-थानी परिवार 1878 में कतर पर शासन करने वाला पहला परिवार बना।
- फील्ड मार्शल लार्ड राबर्ट्स 1899 में दक्षिण अफ्रीका में पहले ब्रिटिश सुप्रीम कमांडर नियुक्त किये गये।
- ब्रिटेन ने 1914 में औपचारिक रुप से मिस्र को अपना उपनिवेश घोषित किया।
- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान 1916 में वेरदून में हुए लड़ाई में फ्रांस ने जर्मनी को हराया।
- सोवियत रेजीमेंट ने 1917 में फिनलैंड की स्वतंत्रता की घोषणा की।
- एडवर्ड बेंस 1935 में चेकोस्लोवाकिया के राष्ट्रपति बने।
- जर्मनी के वैज्ञानिक और रसायनशास्त्री ऑटोहैन द्वारा नाभकीय उर्जा के विश्लेषण से परमाणु युग का 1938 में आरंभ हुआ।
- सन 1941 में द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जापानी सेना हांगकांग पहुंची और आम नागरियों का कत्ल करना शुरू कर दिया।
- दक्षिण अमेरिकी देश उरुग्वे 1945 में संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना।
- उद्योगपति विजय माल्या का जन्म 1955 में हुआ।
- जापान ने 1956 में संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता ग्रहण की।
- राजधानी दिल्ली में 1960 में राष्ट्रीय संग्रहालय का उद्घाटन हुआ।
- शनि के उपग्रह एपी मैथिल्स की 1966 में खोज हुई।
- इंग्लैंड में 1969 में मृत्युदंड की सज़ा समाप्त कर दी गई।
- इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक की 1973 में स्थापना।
- ऑस्ट्रेलिया ने 1988 में महिला विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड को 8 विकेट से हराकर लगातार तीसरी बार खिताब जीतने की हैट्रिक बनाई।
- सचिन तेंदुलकर ने 1989 में अपना पहला एकदिवसीय क्रिकेट मैच पाकिस्तान के खिलाफ खेला था।
- अज्ञात विमान ने 1995 में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में हथियारों का जखीरा गिराया।
- भारत और अमेरिका के बीच 1997 में अंतरिक्ष अनुसंधान में सहयोग के लिए वाशिंगटन संधि सम्पन्न।
- श्रीलंका की राष्ट्रपति चंद्रिका कुमार तुंग पर 1999 में हुए जानलेवा हमले में 25 लोगों की मृत्यु तथा 100 घायल।

विशेष आलेख

सदैव गुंजायमान रहेगी उस्ताद जाकिर हुसैन के तबले की थाप

सुनिल महला



भारत ही नहीं दुनिया के सबसे प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद ज़ाकिर हुसैन हमारे बीच अब नहीं रहे।15 दिसंबर 2024 को 73 साल की उम्र में सेन फ्रांसिस्को के अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि वे सांस की बीमारी(इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस) से ग्रस्त थे।पाठकों को बताता चलूं कि उस्ताद जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च 1951 को मुंबई में हुआ था और वे तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा के बेटे थे। बहुत कम लोगों को यह जानकारी होगी कि उनका पूरा नाम जाकिर हुसैन अल्लारका क़ुरैशी था। यह भी बहुत कम लोग ही जानते होंगे कि जाकिर हुसैन को पंडित रविशंकर ने उस्ताद कहा था। जाकिर हुसैन को भारत सरकार द्वारा कला के क्षेत्र में सन् 1988 में पद्मश्री तथा सन् 2002 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। इतना ही नहीं, वर्ष 2023 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया तो साल 1990 में उन्हें संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड प्रदान किया गया था। इतना ही नहीं,वर्ष 2016 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उन्हें ऑल स्टार ग्लोबल कॉन्सर्ट में भाग लेने के लिए व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया था। जाकिर हुसैन पहले इंडियन म्यूजिशियन थे, जिन्हें यह निमंत्रण मिला था। यह भी एक तथ्य है कि जाकिर हुसैन ने अपना पहला शो सिर्फ 7 साल की उम्र में किया था। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि जाकिर हुसैन ने महज 11 साल की उम्र में ही अमेरिका में अपना पहला कॉन्सर्ट किया था। इसके बाद साल 1973 में अपना पहला एल्बम लिविंग इन द मैटेरियल वर्ल्ड लॉन्च किया। संगीत के साथ ही उन्होंने उन्होंने 1989 की फिल्म 'हीट एंड डस्ट' में अभिनय भी किया। यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि वे 66वें ग्रैमी अवॉर्ड समारोह में भारत के पहले संगीतज्ञ बने, जिन्होंने अलग-अलग श्रेणियों में एक साथ तीन ग्रैमी अवॉर्ड हासिल किए। उन्होंने पूर्वी और पश्चिमी संगीत के बीच दूरियों को कम किया था, जैसा कि उन्हें भारतीय संगीत के साथ ही पाश्चात्य संगीत की बहुत अच्छी जानकारी थी। सच तो यह है कि जाकिर हुसैन को तबला का रॉकस्टार कहा जाता था।1970 के दशक में उन्होंने पश्चिमी संगीतकारों के साथ काम करके भारतीय संगीत को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहुंचाया। महत्वपूर्ण तथ्य है कि उस्ताद जाकिर हुसैन ने प्रसिद्ध गिटारवादक जॉन मैकलॉघलिन के साथ मिलकर ‘शक्ति’ नामक एक फ्यूज़न म्यूज़िक बैंड बनाया था। यह बैंड भारतीय शास्त्रीय संगीत और जैज़ संगीत का अद्भुत मिश्रण प्रस्तुत करता था। उनके इस प्रयोग ने भारतीय संगीत को पश्चिमी श्रोताओं के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया।अपने शुरूआती दौर में वे ट्रेन के जनरल कोच में यात्रा करते थे और सीट न मिलने पर कोच में फर्श पर अखबार बिछाकर सो जाया करते थे लेकिन तबला हमेशा उनकी गोद में रहता था। पाठकों को बताता चलूं कि जाकिर हुसैन ऐसे कलाकार थे जो अपने लंबे और घुंघराले बालों के लिए मशहूर थे। वे संगीत को मात्र एक कला ही नहीं बल्कि ईश्वर से जुड़ने का एक माध्यम मानते थे। दूसरे शब्दों में कहें तो संगीत उनके लिए मेडिटेशन था। पुराने जमाने में उनका टीवी पर चाय का विज्ञापन आखिर कौन भूल सकता है ? पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि ताज चाय के विज्ञापन में तबला बजाते हुए जाकिर हुसैन द्वारा बोला गया वाक्य वाह ताज बोलिए तो आज एक आईकन बन चुका है। कहते हैं कि जाकिर हुसैन ने एक प्रस्तुति के दौरान तबले से महादेव के डमरू और महादेव के गणों के शंखनाद की धुन निकाल दी थी। उनकी इस प्रस्तुति को उस समय लोगों ने उन पर दैवीय शक्तियों का आशीर्वाद बताया था। वे ऐसे संगीतज्ञ थे जिन्होंने कभी भी किसी निजी समारोह, कॉर्पोरेट कार्यक्रम या शादियों में प्रस्तुति नहीं दी। जाकिर हुसैन ने अपनी मैनेजर रही एनटोनिया मिनेकोला से शादी की, जो कि एक कथक डांसर व शिक्षक हैं। उन्हें दो बेटियां हैं, जिनके नाम अनीशा और इस्केला कुरैशी हैं। कहते हैं कि उनकी उंगलियों और हाथ की थाप में जादू था। कहना ग़लत नहीं होगा कि उस्ताद जाकिर हुसैन का नाम तबला और भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है। अंत में यही कहूंगा कि आज भले ही जाकिर हुसैन हमारे बीच नहीं हैं लेकिन कला और संगीत के प्रति उनकी असीम साधना, उनके तबले की थाप दुनिया के हर किसी संगीत प्रेमी के दिल में हमेशा गूंजती रहेगी।

ईश्वर और रिश्वत

एक बार एक जहाज पानी में हिचखोले खाए चला जा रहा था। सूरज डूबने को था आसमां पर लालीमा छाई हुई थी। पानी के जहाज में बैठे लोग एडवेंचर का मजा ले रहे थे कि अचानक तेज तूफान आ गया। समुद्र की लहरें उछाला मारने लगी। जहाज भी ऊपर नीचे होने लगा। जहाज में बैठे सभी यात्रियों में चींख पुकार सी मच गई। ऐसे में दो मिनट पहले सब अपनी मस्ती में मस्त ईश्वर को बिना याद करे अपने इस माहौल को एंजाय कर रहे थे कि अचानक सबकी जुंबा पर ईश्वर का नाम आने लगा। जहाज में एक फकीर बैठा था ना वो ईश्वर से दुआए कर रहा था ना ही रोते हुए याचना। बाकि लोग तो ईश्वर को रिश्वत देने का काम कर रहे थे कोई कह रहा था कि एक बार बचा ले तो मज्जिद पर रंगरोंगन करवाऊंगा तो कोई हनुमानजी के सवामणी का प्रसाद बोल रहा था। सबको सामने मौत नजर आ रही थी। सबने देखा कि फरीर बे-फिकरी में बैठा है कोई शिकन तक नहीं उसके चेहरे पर, तो सबने कहा कि तुम दुआ क्यों नहीं करते। तुम तो फकीर हो,तुम तो अल्लाह ताला या ईश्वर के काफी नजदीक हो तुम अपना धर्म भूला चुके हो क्या? दुआ करो कि ये जहाज डूबने से बच जाए। सुना है फकीर की दुआओं में बड़ा असर होता है। फकीर बोला ये जो तुम भगवान या अल्लाह से याचना कर रहे हो,पूजा कर रहे हो या वायदा कर रहे हो ये क्षणिक है,जहाज किनारे क्या लगा तुम्हारा भय दूर क्या हुआ तुम्हारे प्रलोभन का तथ्य ही बदल जाएगा देख लेना। दोनों ही गायब हो जाऐंगे, भय दूर हुआ तो ईश्वर को देने वाला प्रलोभन भी बदल जाएगा। ये प्रार्थना है ही नहीं,ये तो मौत की भय के कारण ईश्वर को देने वाली रिश्वत का एक हिस्सा है। काम हुआ तो काहे कि रिश्वत। फकीर ने आसमां की ओर देखा तो एकदम शांत सा हो गया वही जानलेवा तूफान। सब फकीर के पाँवों में आ लगे उसकी खिदमद करने लगे आधा घण्टे तक बच गए, आज तो भाई, ये फकीर बाबा ने बचा लिया की आवाजें गूंजती रही। आधा घण्टे बाद जहाज किनारे आ लगा लोग उतरे और अपने-अपने गंतव्य को चल पड़े। फकीर मुस्कुराया और एक बार फिर से उस नीले अंबर वाले की लीला को नमन किया और लोगों द्वारा मौत के भय से ईश्वर की प्रार्थना के लिए हंस पड़ा, थोडा आगे चला और एक पेड़ के नीचे आसन बिछाकर बैठ गया.....।

यही जीवन का यर्थाथ है।

रूपक शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार,बढ़ता राजस्थान

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष

चिंता से मुक्ति का अनुभव करेंगे। मित्रों के साथ किसी प्राकृतिक स्थान पर जाने की योजना बन सकती है। आज का दिन भोजन सुख के लिए अच्छा है। आपके दृढ़ मनोबल और भरपूर आत्मविश्वास से हर काम सफलतापूर्वक संपन्न होंगे।

वृष

विदेश जाने के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण होगा। स्नेहीजनों के समाचार मिलने से आनंद होगा। भाई-बहनों से आर्थिक रूप से लाभ होगा। आप की वाणी पर संयम रखें। नियम विरुद्ध काम ना करें।

मिथुन

आपकी आय में वृद्धि होगी। किसी अन्य तरीके से भी आर्थिक लाभ होगा। मित्रों के साथ मुलाकात हो सकती है। व्यपार में लाभ होगा। संतान और जीवनसाथी से सुख मिलेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कर्क

आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा। मानसिक चिंता के कारण मन व्यग्र रहेगा। अनुचित कार्यों में शक्ति का व्यय होगा। आध्यात्मिकता और ईश्वरीय शक्ति आपकी सहायक सिद्ध होगी। आज का दिन आपके लिए बहुत लाभकारी है। आज आपके लिए आर्थिक लाभ का दिन है।

सिंह

जमीन जायदाद के काम में सावधानी रखें। आज आप का दिन बहुत शुभ है। धार्मिक कार्य एवं यात्रा के लिए समय अनुकूल है। मित्रों एवं सम्बंधियों से हुई मुलाकात के कारण आनंद होगा। मित्रों से लाभ होगा।

कन्या

अपने उत्तदायित्व अच्छी तरह से निभा पाएंगे। आर्थिक योजना बना सकेंगे। आभूषण, सौंदर्य प्रसाधन और मनोरंजन के पीछे खर्च होगा। परिवार के सदस्यों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए संबंधों से नुकसान हो सकता है।

तुला

आज आप खर्च में संयम बनाए रखें। अनावश्यक कारणों पर भी धन खर्च हो सकता है। धन संबंधी एवं लेन-देन संबंधी सभी कामों में सावधानी रखने की जरूरत है। मित्रों एवं परिवारजनों के साथ मनमुटाव होने की आशंका बनी रहेगी।

वृश्चिक

व्यापार के क्षेत्र में आपकी प्रतिभा बढ़ सकती है। पदोन्नति की संभावना है। पिता की संपत्ति से लाभ होगा। कला एवं खेल-कूद में निपुण व्यक्तियों को अपनी प्रतिभा दर्शाने का मौका मिलेगा। सरकार के साथ धन का व्यवहार सफल रहेगा।

धनु

किसी मनोरंजन स्थल या पर्यटन स्थल पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। समाज में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। मित्रों और स्वजनों के साथ घूमना-फिरना आनंदप्रद हो सकता है। परिवार के साथ अच्छा समय गुजरेगा।

मकर

आज आपका दिन शारीरिक एवं मानसिक अस्वस्थता के साथ चिंता में भी रहेगा। आज कोई भी काम बिना विचारे नहीं करें। व्यवहार से किसी को कोई भ्रम न हो इसका ध्यान रखें। दुर्घटना में संभलना अनिवार्य है।

कुंभ

आज का दिन मध्यम फलदायी है। हर काम में सतर्क रहने की जरूरत है। आज का दिन शुभ फलदायी है। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। मानसिक रूप से आज आप वैचारिक स्थिरता का अनुभव करेंगे।

मीन

ईश्वर की आराधना एवं आध्यात्मिकता आपके मन को शांति प्रदान कर सकती है। परिवार के साथ दिन गुजारें, इससे आपको खुशी महसूस हो सकती है। आज आप दैनिक कामों से दूर आनंद-प्रमोद में खोए रह सकते हैं। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

युवाओं को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई

बढ़ता राजस्थान

टोंक,(का.स.)। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत टोंक के तहत एवं जिला युवा अधिकारी के निर्देश पर श्रीजी आईटीआई कॉलेज मालपुरा में युवाओं को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सीएचसी मालपुरा के डॉ. नासिर नकवी ने कहा कि युवाओं को मूल व्यवसायियों की आकांक्षा से प्रेरित किया जाना चाहिए और उन्हें स्वस्थ विचार धारा के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। इस दौरान ब्रह्मा कुमारी पूजा, सोनू ने राजयोग के बारे में बताया कि हर समस्या का समाधान है। राजयोग में एक ऐसी शक्ति है जो बुराई को सहज बनाती है। ब्रह्मा कुमारी संस्था में बहुत से लोग हैं जो राजयोग चिकित्सा करके नशे से पूरी तरह मुक्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग मेडिटेशन से निकलने वाली मेडिटेशन से नशे और बुराई को दूर करने में दवा का काम होता है।

माय भारत टोंक स्वयंसेवक नरेंद्र कुमार ने कहा कि हमारे समाज के लिए देशी दवा एक बड़ा खतरा है। समाज में नशे को लेकर विभिन्न भ्रांतियां समाहित है। समाज में जो लोग नशे से बचे हुए हैं उन्हें किसी भी तरह से नशे की ओर जाने से रोके। अपना मेडिकल स्टोर के दीपक वर्मा ने बच्चों को हिदायत देते हुए कहा कि बच्चे नशे की लत उनके लिए नहीं बल्कि उनके परिवार के लिए भी एक अभिशाप है। कार्यशाला में सभी को स्टेशनरी कीट भी वितरित किए गए।

जिला स्तरीय जनसुनवाई कल

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (नि.स.)। मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के आदेशानुसार नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत प्रदत्त निर्देशों की अनुपालना में माह के तृतीय गुरूवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में 19 दिसंबर को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र वी.सी. कक्ष में होगी।

पंचायत समिति स्तर पर विशेष जागरूकता शिविर कल से

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। राज्य सरकार द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना उद्योगों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रारंभ की गई है।

महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र सुग्रीव मीणा ने बताया कि जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र द्वारा एससी, एसटी वर्ग के आवेदकों को अपना उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित कर मार्गदर्शन एवं आर्थिक सहयोग देने के लिए पचायत समिति स्तर पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सवाई माधोपुर में 19 दिसंबर को, बामनवास में 24 दिसंबर, खंडार में 3 जनवरी 2025, चौथ का बरवाडा में 9 जनवरी, गंगापुर सिटी में 16 जनवरी, बौंली में 21 जनवरी, मलारना डूंगर में 24 जनवरी को विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत उद्यमियों को उद्यम की स्थापना, विस्तार, आधुनिकीकरण एवं विविधिकरण हेतु विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता अनुदान एवं अन्य सुविधाओं सबंधी प्रावधान किये गए है। योजनान्तर्गत कम लागत पर ऋण सुविधा, सीजीटीएमएसई गारन्टी फीस, मार्जिन मनी अनुदान एवं ब्याज अनुदान सहित विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से लाभान्वित किया जा सकेगा।

योजना के प्रमुख प्रावधानों के अनुसार योजना अधिसूचना 8 सितम्बर, 2022 से 31 मार्च, 2027 की अवधि तक प्रभावी रहेगी।

आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। आयुर्वेद विभाग सवाई माधोपुर द्वारा जिले में तृतीय चरण में चयनित 24 आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष में से सवाई माधोपुर, चौथ का बरवाड़ा, खंडार ब्लॉक के 12 आयुष्मान आरोग्य मंदिर के परिक्षेत्र में कार्यरत आशा, एएनएम, आयुर्वेद नर्स/कंपाउंडर का मंगलवार, 17 दिसंबर से तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम फूल उत्कृष्टता केंद्र, सवाई माधोपुर में प्रारम्भ हुआ। आयुर्वेद विभाग सवाई माधोपुर के उपनिदेशक डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के पश्चात सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर क्रियाशील हो जाएंगे साथ ही वहां पर लैब, योग, प्रकृति परीक्षण, एनसीडी रोगों, आहार विहार, रैफरल सहित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कैलाशचंद्र सोनी द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि चिकित्सा विभाग की आशा, एएनएम आयुर्वेद विभाग से समन्वय कर सर्वे और स्क्रीनिंग का कार्य करेगी। साथ ही गैर संक्रामक रोग बीपी, डायबिटीज, कैंसर, हृदरोग की पहचान करके उन्हें आहार विहार की जानकारी देगी। विशिष्ट अतिथि जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुधींद्र शर्मा ने बताया कि वेलनेस की अवधारणा आयुर्वेद बिना संभव नहीं है। आयुर्वेद वेलनेस में बेहतरीन कार्य कर रहा है। विशिष्ट अतिथि लखपत लाल मीणा उपनिदेशक फूल उत्कृष्टता केंद्र ने औषधीय पुष्पों और सुगंध चिकित्सा की विस्तृत जानकारी दी। आयुर्वेद प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. विजय शंकर बैरवा, डॉ. अंजली मीना, गोवर्धन गुप्ता, भूपेंद्र पांडेय, प्रीति पवार, मनोज सैनी का सहयोग रहा।

वैध रूप से स्मेक ले जाते एक गिरफ्तार, 8.59 ग्राम स्मेक जब्त

बढ़ता राजस्थान

गंगापुरसिटी (अब्दुल माहिर)। शहर में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध रूप से स्मेक ले जाते 42 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बाबूलाल (42) पुत्र रामचरण माली निवासी तुलस्यापुरा महूकला का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8.59 ग्राम स्मेक जब्त की है। पुलिस के अनुसार थानाधिकारी जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे सहायक उपनिरीक्षक रामखिलाडी ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर रेलवे क्रासिंग के पीछे हार महुकला में एक व्यक्ति को एक अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया आरोपी पुलिस को देख को देख कर सकपकाने लगा। संदेह होने पर युवक को रोक कर जांच की तो उसके पास एक पुड़िया में मादक पदार्थ मिला। जांच करवाने पर स्मेक की पुष्टि हुई। इस पर आरोपी को गिरफ्तार कर स्मेक को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धरा 8/21में प्रथमिकी दर्ज की है।

यह रहे कार्रवाई में शामिल

थानाधिकारी जितेंद्र कुमार, सहायक उपनिरीक्षक रामखिलाड़ी, कांस्टेबल सत्यप्रकाश, कृष्णा, रिंकू और चालक कंडेबल शिवलाल इस कार्रवाई में शामिल रहे।

नगरपरिषद की नई कार्यवाहक सभापति की कमान अब फिर बदली

सवाई माधोपुर में नारी शक्ति का ही बोलबाला,सुनील तिलकर आउट, मेघा वर्मा इन

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। सवाई माधोपुर में अब तक 90प्रतिशत बड़े पदों पर नारी शक्ति ने अपना एक अधिकार बनाया हुआ था, लेकिन सोमवार को शहर के प्रथम नागरिक का कार्यभार भी अब एक और नारी शक्ति के हाथों में सौंपने से अब 100त्न बड़े पदों पर नारी शक्ति का ही वर्चस्व हो गया है। गौरतलब है कि जिला कलेक्टर शुभम चौधरी जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, सहायक जिला कलेक्टर रूबी अंसार, जिला प्रमुख सुदामा मीणा, चौथ का बरवाड़ा पंचायत समिति प्रधान संपत पहाड़िया, सवाई माधोपुर पंचायत समिति प्रधान निरमा मीणा विकास अधिकारी सरोज बैरवा विधायक इंदिरा मीणा जिला विधिक प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम के अलावा जिला शिक्षा अधिकारी कृष्ण शर्मा पदासीन हैं। नगर परिषद सभापति महिला नहीं थी लेकिन यह कमी भी सोमवार को पूरी हो गई है।

लगातार सभापति बदल रहे

उधर लगता है सभापति बदले जाने से जहां नगर परिषद के कार्य

प्रभावित हो रहे हैं। वहीं कर्मचारियों में भी कोई डर नहीं है। वे उन्मुक्त होकर मनमर्जी से कार्यालय आ जा रहे हैं। वहीं सभापति के साथ ही आयुक्त का पद भी कार्यवाहक के भरोसे होने से शहर के लोग परेशान हो रहे हैं। हर दो महीने में कार्यवाहक सभापति नियुक्त करने से शहर की जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है। स्थाई सभापति नहीं होने से पट्टा, राजस्व बढ़ाने, अतिक्रमण हटाने, साफ-सफाई सहित अन्य विकास कार्यों को ग्रहण लगा हुआ है।

डेढ़ साल से नहीं स्थाई सभापति

पिछले डेढ़ साल से अधिक समय से नगरपरिषद की गाड़ी कार्यवाहक सभापति के भरोसे रेंग रही है। उधर, स्थाई सभापति नहीं मिलने व बार-बार हर दो महीने में सभापति बदलने से शहर के विकास कार्य भी ठप पड़े है। पूर्व में वैकल्पिक व्यवस्था के लिए स्वायत्त शासन विभाग ने नौ मई 2023 को वार्ड नंबर 53 से पार्षद राजबाई बैरवा को कार्यवाहक सभापति नियुक्त किया था।

2 से 4 महीने में बदल रहे सभापति

उल्लेखनीय है कि सवाईमाधोपुर नगर परिषद सभापति की कुर्सी हर दो से चार माह के अंतराल में बदली जा रही है। इसके चलते अब तक चौथी बार फिर से नए चेहरे को सभापति बनाया गया है। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक एवं विशिष्ट सचिव कुमार पाल गौतम ने सोमवार शाम एक आदेश जारी कर वार्ड नं .23 की भाजपा पार्षद मेघा वर्मा को 60 दिन के लिए नगरपरिषद कार्यवाहक सभापति का कार्यभार सौंपा है। मेघा वर्मा के कार्यवाहक सभापति नियुक्त होने पर भाजपाइयों ने खुशियां मनाई। गौरतलब है कि इनके पहले सुनील कुमार तिलकर को सभापति बनाया था। उनका कार्यकाल आठ दिसबर को पूरा हो गया था। तब से ही सभापति का कार्यकाल बढ़ाने अथवा नए सभापति बनाए जाने को लेकर चर्चाएं थी।

बारिश के समय मिट्टी का कटाव होने से सड़क हो गई थी खोखली, जेसीबी से वाहन को बाहर निकाला

बजरी के ओवरलोड वाहन से टूटी रपट, ट्रैक्टर-ट्रॉली गिरी

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। मलारना डूंगर क्षेत्र में बजरी के ओवरलोड वाहन के दबाव से मायापुर डूंगरी सड़क मार्ग पर मोरेल नदी में बनी सीमेंटेड रपट टूट गई। इसमें धंसने से गत दिवस ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तड़के एक बजरी की ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली मलारना डूंगर से मायापुर की तरफ जा रही थी। मोरेल नदी में पहुंचते ही सड़क टूटकर धंसने से ट्रैक्टर-

ट्रॉली उसमें गिर गई। बाद में जेसीबी मशीन की मदद से उसे बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में नदी में बनी रपट पानी के बहाव के साथ बह गई थी। इसके अलावा मिट्टी में कटाव लगने से कई जगह से सड़क खोखली हो गई थी। इससे कई दिनों तक मायापुर डूंगरी की ओर जाने वाला रास्ता बंद रहा। मोरेल नदी में पानी का बहाव कम होने पर सार्वजनिक निर्माण विभाग ने पुलिया की जगह मिट्टी डालकर आवागमन सुचारू करवाया। ग्रामीणों का कहना है कि आज भी मिट्टी कटाव से रपट कई जगह से खोखली हो रही है, जो कभी भी भरभरा कर गिर सकती है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग से किसानों के वाहन भी निकलते हैं।

इसके चलते फसल व चारा लाने वाले वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का अंदेशा बना हुआ है। ऐसे में जहां भी नदी पेटे में सड़क के नीचे मिट्टी कटाव हुआ है उसे चिह्नित कर मरम्मत करवाया जाए।

ठंड ने ठिठुराया। बाड़मेर, पाली में 28.6 तो करौली में 1.3 डिग्री रहा तापमान

बढ़ता राजस्थान



गंगासपुरसिटी (नि.स.)। राजस्थान में शीतलहर का सर दिखने लगा है। विशेष कर पूर्वी राजस्थान में तापमान में आई गिरावट से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार बीती सोमवार रात सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर व पाली में 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया तथा करौली जिले में न्यूनतम तापमान 1.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

करौली में तापमान की गिरावट का असर पड़ोसी जिले गंगापुरसिटी में दिखाई दिया। राज्य में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा। हालांकि कहीं कहीं पर शीत लहर/अतिशीत लहर भी चली। तापमान में आई गिरावट से जहां फसलों में फायदा होने लगा है।

वहीं पशुओं के लिए नुकसानदायक सबित हो रहा है। ठंडी के कारण पशुओं के फुग्ध उत्पादन में भी कमी आई है।

राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ राज्य स्तरीय समारोह का जिलेभर में लाइव प्रसारण देखा

बढ़ता राजस्थान

टोंक,(का.स.)। वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में मंगलवार को जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को जिलेभर में लाइव प्रसारण देखा गया। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया, जिला परिषद के सीईओ परशुराम धानका, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा एवं कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने जिला परिषद सभागार में कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को देखा। इसके साथ ही, विभिन्न जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत कार्यालयों में अधिकारी-कार्मिकों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने सजीव प्रसारण के माध्यम राज्य स्तरीय समारोह का लाभ लिया। जिलेभर से करीब 8 हजार से अधिक लोगों ने जयपुर पहुंचकर राज्य स्तरीय समारोह में भाग लिया। जयपुर जाने वाले लोगों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों से संबंधित कैलेंडर, फोल्डर, बुकलेट आदि का वितरण किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी के मुख्य आतिथ्य में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह के लिए रवाना हुए लाभार्थी

बढ़ता राजस्थान

नटवाड़ा(नि.स.)। राजस्थान में राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को जयपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह के लिए कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लाभार्थी और भाजपा कार्यकर्ता बसों से रवाना हुए। भाजपा संगठन और सरकार द्वारा स्थानीय कर्मचारियो को लाभार्थियों को कार्यक्रम में शामिल कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्राम विकास अधिकारी एवं पटवारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा ने बताया कि सभी कार्मिकों को पूर्ण गंभीरता से कार्य करने

तथा आपसी समन्वय रखते हुए प्रत्येक स्थिति से अवगत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को व्यवस्था संबंधी किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विभिन्न स्थानों से बसों की रवानगी का जायजा लिया। विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से बसों की रवानगी स्थल निर्धारित किए गए। लाभार्थियों को सभा स्थल तक पहुंचाने, रास्ते में चाय-नाश्ता एवं खाना आदि व्यवस्थाओं तथा सभा के पश्चात् सभा के पश्चात् लाभार्थियों की वापसी से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं के पर्यवेक्षण के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए है। जयपुर जाने वाले लाभार्थियों को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से उपलब्ध करवाया गया साहित्य वितरित किया गया।

इसके साथ ही प्रत्येक उपखण्ड स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। यह नियंत्रण कक्ष बसों के पुन: लौटने तक कार्यरत रहेंगे और बसों की रवानगी एवं मूवमेंट की गहन मॉनिटरिंग करेंगे। जनसभा के लिए इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी रामदेव प्रजापत, बद्री विजय, तेजभँवर सिंह राठोड़, रामजी लाल बोकण, शंकर मोठिया, सांवरा जोशी, मुकेश कीर, श्याम जोशी, भगवान जाट, मूलचंद धाबाई, हीरा लाल कसाणा, बाबू धाबाई, इरफान खान सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आमजन मौजूद रहे।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड की सिफारिश के अनुसार ही उर्वरक प्रयोग करे : सोलंकी

जैविक खेती आज की आवश्यकता, परम्परागत खेती से प्राप्त उत्पाद स्वास्थ्य के लिए लाभदायक, रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से बचे, दूनी में कृषक गोष्ठी आयोजित

बढ़ता राजस्थान

दूनी(नि.स.)। स्थानीय सहायक निदेशक सभागार में परम्परागत कृषि विकास योजनार्न्तगत कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में की गई सिफारिश के अनुसार उर्वरक प्रयोग करने की सलाह दी गई। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि परम्परागत खेती आज के समय कि आवश्यकता है अंधाधुन्ध उर्वरक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा क्षमता कमजोर होती है, साथ ही मानव स्वास्थय पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है,अत: किसान अपनी मृदा की जांच प्रयोगशाला में कराये एवं कृषि वैज्ञानिको की सिफारिश के अनुसार ही उर्वरक प्रयोग करें, मिट्टी एवं पानी की जांच मात्र 5 रुपये शुल्क निर्धारित है, संतुलित उर्वरक उपयोग से मृदा की उर्वरा शक्ति बनी रहती है एवं उत्पादन क्षमता भी बनी रहती है।

सहायक निदेशक बाबू लाल यादव ने कहा कि कृषि विभाग की कई प्रकार की योजनाएं हैं जिनका किसान ऑनलाइन आवेदन कर लाभ उठा सकते हैं सरसो की फसलों में यदि किसी रोग का प्रकोप दिखाई दे कृषि विभाग के कृषि पर्यवेक्षक एवं सहायक कृषि अधिकारी से संपर्क कर सलाह ले सकते है, सहायक निदेशक मुख्यालय दुर्गा शंकर कुम्हार ने जैविक खेती पर व्याख्यान देते हुए करा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए जैविक खेती आवश्यक है, कृषक अधिक से अधिक जैविक उत्पादन करे एवं प्रमाणीकरण संस्था से प्रमाण पत्र लेने पर मूल्य मी अधिक मिलता है। कृषि अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर ने रबी फसलो में प्रमुख कीट एवं व्याधियों के लक्षण एवं नियन्त्रण पर जानकारी दी।

इस अवसर पर मधुमक्खी उत्कृष्टता केन्द्र के उपनिदेशक डा. फतेह सैनी ने कृषि फसलों में हानिकारक कीटों का प्राकृतिक विधियों से नियन्त्रण एवं कृषि विश्व विद्यालय कोटा के सेवा निवृत प्रोफेसर डा. रतन लाल सुवालका ने जैविक खाद का निर्माण एवं जैविक कीट नियन्त्रण पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर सहायक कृषि अधिकारी रामावतार उपाध्याय, कृषि पर्यवेक्षक गैरोली शंकर लाल बैरवा, रेखा गुर्जर कृषि पर्यवेक्षक घाड, भगवान मीणा चांदसिंह पुरा, मुकेश खींची चांदली, रामफूल गुर्जर, बिरधी चन्द कुमावत, प्रहलाद धाकड़, मानसिंह मीणा, रमेश बैरवा सहित अनेक प्रगतिशील कृषक मौजूद थे।

सीएचसी और पीएचसी पर लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविर

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले सहित प्रदेशभर में सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मित्रपुरा, खिरनी, भगवतगढ़, बहरांवडा खुर्द, कुंडेरा में आयुष्मान शिविरों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीना ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में विभिन्न विशेषज्ञों की टीम मौजूद है, जिसमें चिकित्सक, दंत रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, फार्मासिस्ट और नर्सिंगकर्मी शामिल है इन शिविरों में विभिन्न प्रकार की जांच सुविधा निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और कैंसर जैसी बीमारियों की जांच की जा रही है। साथ ही गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, बच्चों का टीकाकरण, डायबिटीज हाइपरटेंशन व अंधता के रोगियों की स्क्रीनिंग की सुविधा भी है। इसके अलावा टीबी मरीजों की जांच, जरूरत होने पर एक्स-रे करवाना, निक्षय पोषण योजना में वंचित व्यक्तियों का बैंक अकाउंट प्राप्त कर पोर्टल में अपडेट करवाना सहित अन्य बीमारियों की जांच एवं उपचार किया जा रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा टेली कंसल्टेशन से रोगियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इन शिविरों में आयुष पद्धति से भी उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है।

मोतियाबिंद और टीबी का इलाज भी शामिल

मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान कर उनके ऑपरेशन के लिए रेफर किया जाएगा और जरूरतमंदों को चश्मे वितरित किए जाएंगे। टीबी मरीजों की जांच, एक्स-रे और पोषण योजना में नामांकित करना भी इन शिविरों का हिस्सा है।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरी तरह फेलियर है : नेता प्रतिपक्ष जूली

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.) । नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जयपुर में आयोजित सभा के दौरान मंच से दिए गए भाषण पर पलटवार करते हुए कहा कि राजस्थान प्रदेश की जनता से देश के पीएम झूठ बोल रहे हैं कि राजस्थान के लिए जीवनदायिनी बनी ईआरसीपी का प्रोजेक्ट कांग्रेस सरकार ने अटकाया था। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा बनाई गई इस परियोजना को गहलोत सरकार ने आगे बढ़ाने का काम किया जबकि केंद्र सरकार ने हमेशा इस परियोजना में रोड़े अटकाये है। भारतीय जनता पार्टी के राज में राजस्थान के 25 सांसद और जल शक्ति मंत्री होने के बावजूद भी प्रदेश की जनता के लिए अहम इस परियोजना की किसी ने सुध नहीं ली और अब जब गहलोत सरकार ने इस परियोजना की शुरुआत कर दी तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार और देश के प्रधानमंत्री इसका शिलान्यास कर कोरी वाह वाही लूटने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश की धरती अजमेर और जयपुर में देश के प्रधानमंत्री दो बार इसकी घोषणा कर कर गए थे लेकिन वह केवल जुमले की बरसात साबित हुई।उन्होंने कहा कि ऐसी कौन सी सरकार की

कमजोरी है कि फरवरी में विधानसभा में इस परियोजना के एमओयू की बात कर अभी तक इसकी कॉपी सामने भी नहीं दिखा पा रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरी तरह फेलियर है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में भीड़ बढ़ाने के लिए इस सरकार ने सरकारी मशीनरी, संसाधनों और धन का जमकर दुरुपयोग किया है।

नेता प्रतिपक्ष जूली से प्रदेश कांग्रेस महिला और सेवा दल के पदाधिकारियो ने की मुलाकात : नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में महिला प्रदेश पदाधिकारियोएराजस्थान के सभी जिला से कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी के साथ मीटिंग कर संगठन की मजबूत के लिए चर्चा की।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की विफलता के लिए सभी लोगों को जागरूक करे। सेवादल के कार्यकर्ता ने भी मुलाकात कर संगठन को मजबूत बनाने पर विचार विमर्श किया।

जूली बोले पथ प्रदर्शक के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे व्यास और जोशी

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की ओर से स्वतंत्रता सेनानी, राजस्थान के 3 बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय श्री हरिदेव जोशी जी को उनकी जयंती पर पीसीसी कार्यालय जयपुर में उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रहे पूर्व सांसद स्वर्गीय गिरधारी लाल व्यास की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। जूली बोले कांग्रेस में उनके संघर्ष को याद जाएगा साथ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा उपस्थित रहे।

आटा वाली गली में अस्थमा से ग्रस्त व्यापारी लगा रहे हैं प्रशासन के चक्कर

दूसरी बार बयान के लिए एडीएम सिटी ने बुलवाया
पहले भी सभी व्यापारी बयान दे चुके हैं शहर कोतवाली में जाकर

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.) । आटा वाली गली में एक मसाला पिसाई केंद्र लगा हुआ है जिसके कारण वहां के निवासी और दुकानदार बहुत ज्यादा ही परेशान है काफी दुकानदारों को तो अस्थमा दवा की शिकायत भी हो चुकी है। मामले को लेकर आटावाली गली में व्यपारियों ने 14 मई को एडीएम सिटी को ज्ञापन दिया था, एडीएम सिटी ने यह फाइल कोतवाली थाना में जांच के लिए भेज दी थी कोतवाली पुलिस ने आटा वाली गली के सभी दुकानदार जिनको मसाला मशीन से परेशानी है उन सब को बुलाकर बयान करवा लिए थे लेकिन मसाला पिसाई केंद्र और पुलिस ने मिली भगत करके फाईल को एफ.आर लगाकर एडीएम सिटी ऑफिस वापस भेज दी। मसाला पिसाई केंद्र वाले ने पुलिस में 5-6 ऐसे दुकानदारों के बयान कराए हैं जो आटा वाली गली के उस लाइन के नहीं है जहां पर मशीन लगी हुई है वह दूसरी लाइन के हैं और पुलिस ने उन्हें बयानों के आधार पर फाइल को लीपा पोती करके ठंडा बस्ती में डाल दिया । तहसीलदार तनु शर्मा के पास जाँच आने के बाद वे आटा वाली गली में मौके पर पहुँची और सभी 25 दुकानदारों के बयान भी ले लिए जिसमें से 21 दुकानदारों ने मसाला फैक्ट्री को बंद कराने के लिए बोला उसके कारण स्वास्थ्य की बहुत परेशानी है सबको और केवल 4 दुकानदारों ने यह बोला हमें कोई मतलब नहीं है क्योंकि वह उनके भाई और रिश्तेदार हैं। आटा वाली गली के निवासी और दुकानदार बहुत ही नरकीय हालत में मसाला पिसाई केंद्र के कारण आटा वाली गली में रह रहे हैं। 14 मई 2024 से आटा वाली गली के निवासी और दुकानदार एडीएम सिटी मैडम से 6 बार मिल चुके हैं ऐसे में मंगलवार को दुकानदारों को एक बार फिर बयान के लिए बुलवाया गया है। दुकानदारों का कहना है कि लेकिन अभी तक एटीएम सिटी मैडम ने इस समस्या का हल नहीं किया है और ना ही मसाला पिसाई बंद करने का निर्देश दिया है और उसको अन्य स्थान पर शिफ्ट करने का निर्देश अभी तक नहीं दिया है।

जबकि तहसीलदार मैडम तनु शर्मा की रिपोर्ट आए एक महीना से ऊपर हो गया है और उनकी रिपोर्ट में उन्होंने माना कि व्यपारी सच में खासे परेशान हैं। तनु शर्मा मैडम ने भी आटा वाली गली के प्रत्येक निवासी और प्रत्येक दुकानदार के एक-एक दुकान पर जाकर बयान लिए थे। उसी के आधार पर तहसीदार तनु शर्मा ने यहां पर मसाला पिसाई केंद्र को बहुत ही हानिकारक बताया है सभी के स्वास्थ्य की दृष्टि से।

सभी आटा वाली गली के दुकानदार और निवासियों ने मंगलवार को एडीएम सिटी बीना महावर के पास बयान के दौरान अनुरोध किया कि वे मसाला पिसाई केंद्र अन्य जगह स्थानांतरण करने के निर्देश देवे। आपका आटा वाली गली और यहां के निवासियों पर बहुत बड़ा उपकार रहेगा। व्यपारी सच में बहुत ही परेशान हैं।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रचार प्रसार करने व लोक अदालत के नोटिस बकायेदारों को बांटने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर /बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। जयपुर डिस्कॉम के बयाना एक्सईएन विवेक शर्मा ने सोमवार को कर्मचारियों की बैठक लेकर विभागीय बिंदुओं पर दिशा निर्देश जारी किए। एक्सईएन ने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करें। जिससे बिजली उपभोक्ताओं को इस योजना के बारे में जानकारी हो सके व उपभोक्ता योजना का फायदा उठा सकें। इस योजना मे अब तक बयाना उपखण्ड मे मात्र 264 रजिस्ट्रेशन होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने व वेण्डर चयन कर जल्द सोलर सिस्टम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश फीडर इंचार्ज को दिए गए हैं।

अधिशाषी अभियन्ता विवेक शर्मा ने बताया कि सोलर सिस्टम स्थापित कराने वाले उपभोक्ताओं के आवश्यक विभागीय कार्य तुरंत कराए जा रहे हैं। 5 किलोवॉट का सोलर प्लान्ट एक माह की अवधि में 600 यूनिट बिजली का उत्पादन करता है। 1 किलोवॉट का सोलर सिस्टम स्थापित कराने पर 30 हजार, 2 किलोवॉट पर 60 हजार व 3 किलोवॉट या इससे अधिक का सोलर लगवाने पर अधिकतम 78 हजार रूपये की सब्सिडी सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को उपलब्ध करायी जा रही है। एक बार स्थापित कराने के बाद सोलर प्लान्ट कम से कम 25 वर्ष से भी अधिक समय तक काम करता है। सोलर प्लान्टस लगाने के लिए बैंकों द्वारा आसानी से लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। एक्सईएन शर्मा ने बताया कि बकाया राशि के आसानी से निपटारे को 22 दिसम्बर राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किया जा सकता है। फीडर इंचार्जों से उपभोक्ताओं को नोटिस बंटवाए जा रहे हैं। निगम की ओर से उपभोक्ताओं से भी अपील की गई है कि वो राष्ट्रीय लोक अदालत मे अपने मामलों को निस्तरण कराए। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निस्तरण के लिए लंबित पुरानी वीसीआर व बिल के मामलों के नोटिस जारी किए गए हैं।

इस दौरान एईएन गुलाब प्रसाद, फीडर इन्चार्ज मुख्यार सिंह धाकड़, नरेन्द्र चौधरी, हरिओम गुर्जर, राजेश, बृजेन्द्र, धीरज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

पूर्व विधायक अतर सिंह भडाना द्वारा चारागाह भूमि पर किए जा रहे हैं अवैध खनन पर कार्यवाही करने की मांग एसडीएम को सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (नि.स.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गृह जिला भरतपुर की तहसील वैर के गांव भौडागांव की चारागाह भूमि पर भाजपा नेता पूर्व विधायक अतर सिंह भडाना द्वारा बड़े स्तर पर चारागाह भूमि पर अवैध खनन किया जा रहा है। इस अवैध खनन से आसपास के ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। भौड़ा गांव के एक दर्जन से अधिक गांव वासियों के हस्ताक्षर से युक्त एसडीम सचिन यादव को दिए ज्ञापन में बताया है कि रायपुर गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्कूल की दीवारों में दरार आ रही है कोई बड़ा हादसा हो सकता है प्राचीन भैरव बाबा के मंदिर में भी दरार आ गई है । भैरव बाबा के मंदिर पर अवैध ब्लास्टिंग होने से पत्थर के टुकड़े गिरते हैं तथा आसपास गांव रायपुर, सीता, हाथौड़ी गांव के किसानों का बकरी आदि जानवरों को पालना भी सुरक्षित नहीं रहा है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में आरोप लगाया है कि भाजपा नेता भड़ाना आसपास के गांव वालों के पशुओं को भी चारागाह भूमि पर चराने नहीं देता है जिससे पशु पालको का जीवन ज्ञापन करना बहुत दुर्लभ हो रहा है तथा चारागाह भूमि पर कब्जा कर अवैध खनन के लिये रास्ता निकाल रखा है ।

यहां बड़े स्तर पर अवैध खनन किया जा रहा है आसपास के गांव वाले बहुत परेशान हैं अवैध खनन की वजह से बोरिंगो में पानी भी कम पड़ गया है बोरिंग सूखने के कगार पर है। राज्य सरकार द्वारा अवैध खनन के खिलाफ अभियान भी चलाया जा रहा है परंतु पूर्व विधायक अतर सिंह भडाना द्वारा किये जा रहे अवैध खनन के विरुद्ध कोई भी प्रभावशाली कार्यवाही अभी तक नहीं हुई है। ग्रामीणों ने निकट भविष्य में बडा आंदोलन करने की चेतावनी दी है मंदिर भूमि की पैमाइश कर मंदिर से 100 मीटर की दूरी तक खनन कार्य व हाई टेंशन ग्रिड लाइन से 300 मीटर की दूरी तक खनन प्रतिबंधित घोषित है। चारागाह भूमि में बनाए गए रास्ते से भारी वाहनों की आवा जाही से पेड़ पौधे नष्ट हो गए हैं। ज्ञापन पर भरत सिंह गुर्जर, राजवीर, केदार, रोहतास, महेश, दुष्यंत, महेंद्र, नंदराम, उमेश, मोहित सहित दर्जन भर से अधिक गांव वासियों की हस्ताक्षर है।

'अलवर रंगमंच थिएटर फेस्टिवल' विश्व नाट्य इतिहास का अपूर्व अध्याय '

100 दिन 100 नाटकों का महाकुंभ का आगाज आज से

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.) । रंग संस्कार थिएटर ग्रुप अलवर के जेल चौराहे पर स्थित महावर ऑडिटोरियम के रंगमंच पर बुधवार से 27 मार्च 2025 तक 100 दिनों के नाट्य समारोह के वृहद आयोजन के द्वारा विश्व के नाट्य इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रहा है। इससे पूर्व भी 75 दिवसीय नाट्य समारोह का रिकॉर्ड व सफल आयोजन रंग संस्कार थिएटर ग्रुप द्वारा किया जा चुका है। यह विशाल थिएटर फेस्टिवल अलवर रंगम एक साथ कई अर्थों में अनूठा और खास होने जा रहा है। अलवर जैसे छोटे शहर के लिए यह सांस्कृतिक गौरव का विषय है क्योंकि विश्व में 100 दिनों तक चलने वाला यह अपनी तरह का पहला आयोजन है । इस ऐतिहासिक नाट्य समारोह के आयोजन में देश की ख्यातिलब्ध नाट्य संस्था . श्रंग संस्कार थिएटर ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. देशराज मीणा की उत्कट नाट्य जिजीविषा, उनके व्यापक रंग संपर्क व संयोजन क्षमता के साथ उनके चमत्कारिक व प्रतिबद्ध व्यक्तित्व का परिणाम है और प्रमाण भी।इस विश्व स्तरीय नाट्य समारोह में नेपाल और स्पेन के नाट्य दलों की प्रस्तुतियाँ एक ओर इसे विशिष्टता प्रदान करेंगी तो दूसरी ओर बॉलीवुड व टी वी सीरियल के नामी किरदोरों के अदाकार इसके मुख्य आकर्षण होंगे। इस थिएटर फेस्टिवल की शुरुआत गंगाजल, सरफ़रोश जैसी फिल्मों में काम करने वाले व चर्चित टटी वी सीरियल चद्रकांता में क्रूरसिंह की भूमिका निभाने वाले ख्यातिलब्ध कलाकार अखिलेन्द्र मिश्र की सोलो प्रस्तुति .श्रीराम की प्रत्यंचाश् से होगी। अलवर रंगम् थिएटर फेस्टिवल में फिल्म व टी वी सीरियल्स से जुड़ी हिमानी शिवपुरी, अभिनेता राजेन्द्र गुप्तासंजय पांडेय ,मराठी फिल्मों व रंगमंच के कलाकार जयंत कार्डेकर, भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता मनोज टाइगर भी अपना अभिनय कौशल का जलवा बिखेरेंगे ।

महिला से मारपीट करने से रोका तो शराबी व्यक्ति ने युवक पर बरसाई लाठियां, युवक के कंधे की हड्डी टूटी, हाथ में आया फैक्चर...

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर /बयाना (नि.स.)। कस्बे से सटे संत नगर रोड पर महिला से हाथापाई करने से मना करने पर शराब के नशे में एक व्यक्ति ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए युवक के साथ मारपीट कर दी। जिससे युवक के कंधे की हड्डी टूट गई और बाएं हाथ में फ्रेक्चर आ गया। मामले की जांच डिप्टी एसपी कृष्णराज को सौंपी गई है। उधर, लोगों का कहना है कि रुदावल स्टेट हाईवे से संतनगर जाने वाले मार्ग पर जिस जगह यह घटना हुई है, वहां शराब का एक गोदाम है। जिससे अवैध रूप से शराब की रिटेल बिक्री होती है। सीएलजी की बैठक में भी गोदाम से शराब बिक्री को लेकर कई बार मुद्दा उठ चुका है।

सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

1 मार्च को बजेंगी शहनाई, तैयारीयों को लेकर बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर /बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। श्री सैनी समाज विकास सेवा समिति बयाना के तत्वाधान में आगामी 1 मार्च फुलेरा दोज पर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समिति की बैठक दमदमा रोड स्थित फार्म हाउस पर गोविन्द सैनी की अध्यक्षता में हुई। महामंत्री किशन स्वरूप सैनी ने बताया कि बैठक में विवाह योग्य समाज के युवक-युवतियों के रजिस्ट्रेशन किए जा रहे है। जल्द ही वर- वधुओं के पंजीयन भी शुरू किए जाएंगे। सम्मेलन में सैनी, कुशवाह, फूलमाली समाज के जोड़े बनाए जा रहे हैं। बैठक में सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधने वाले जोड़ों को कमेटी की ओर से कन्यादान स्वरूप गृहस्थी का सामान भी दिया जाएगा।

सामान के तौर पर बैड, गद्दा, बेडशीट, तकिया, कम्बल, आलमारी, फ्रिज, कूलर, बक्सा, एलईडी, मिक्सी, सोने-चांदी के आभूषण, 31 बर्तन आदि दिए जाएंगे। इसके अलावा भोजन में देशी घी के बूंदी के लड्डू, छैना, पूड़ी-सब्जी की व्यवस्था रखी गई है।

बैठक में रामकिशन सैनी, जनक सैनी, मुरारीलाल, ख्यालीराम, रमेश चन्द, हुकुम सिंह, दीपाराम, देवीराम, मदनसिंह, राजू सैनी, ओमप्रकाश, सोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

गायत्री परिवार द्वारा भव्य दीपयज्ञ का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.) । अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान मे आगामी फरवरी माह मे ज्योति कलश अलवर आ रहा है, इसी क्रम में मंगलवार को जनकपुरी दाउदपुर स्थित मन्दिर मे देव संस्कृति विश्वविद्यालय से इंटरशिप के लिए आई विद्यार्थियों नेहाएसलोनी बैचलर इन जर्नलिज्म एंड मास कॉम्युनिकेशन और अजिता बीएससी इन इन्फोर्मेशन टेक्नोलोजी की विद्यार्थी है द्वारा भव्य दीपयज्ञ का आयोजन शाम 3:30 बजे से किया गया इस कार्यक्रम मे गायत्री परिवार अलवर की वरिष्ठ परिजन और ट्रस्टी आशा तिवाड़ी बहन जी ने दीप यज्ञ की महिमा बताते हुए आगामी ज्योति कलश यात्रा के उद्धेश्य और महत्व को समझाया और सभी को इसमें सक्रिय भागीदारी देने के लिए आमंत्रित किया इस दौरान कॉलोनी की करीब 75 महिलाओ ने इस दीपयज्ञ मे भाग लिया। वरिष्ठ परिजन जे पी गुप्ता दौलत राम गुप्ता रीना गुप्ता ट्रस्टी श्रीमती कीर्ति शर्मा शशि अग्रवाल गिरीश सेठी, डॉ मनोज कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे ।

लावारिश मानसिक विक्षप्त युवक को अपनाघर भेजा

बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। उपखंड के गांव खिरनी मे लावारिश घूम रहे मानसिक विक्षप्त को अपनाघर सेवा समिति व पुलिस के सहयोग से ग्रामीणो की सूचना पर बझेरा स्थित अपनाघर आश्रम भेजा गया। अपनाघर सेवा समिति भुसावर संरक्षक सीमा लवली ने बताया कि गांव खिरनी निवासी संदीप मीना ने जानकारी तो, उनके गांव खिरनी मे कई दिनों से एक मानसिक विक्षिप्त युवक लावारिश घूम रहा था। जो अपना नाम, पता बताने मे असमर्थ है। जिसकी सूचना मिलने पर समिति पदाधिकारी अशोक भारती व राजेंद्र फेंटा मोके पर पहुंचे और लावारिश युवक से बात करनी चाही लेकिन वह कुछ भी बताने मे असमर्थ था। इसके बाद संदीप मीना ने उन्हे खाना खिलाया और उन्हे पुलिस के सहयोग से बझेरा स्थित मां माधुरी ब्रज वरिष्ठ सेवा सदन अपनाघर आश्रम एम्बुलेंस से भेज दिया गया।

गौवंशों की रक्षा के लिए आगे आए युवा

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.) । जय श्री राम जय गौ माता की गौ रक्षा दल रामबास गोविंदगढ़ के नई पीढी के नौ जवान भाई है। जिसमें गौ रक्षा दल रामबास के सभी युवा मेवात क्षेत्र में गौ माता नन्दी महाराज और जो भी बेजुबान जानवर पशु पक्षी आदि कोई भी गम्भीर हालत में है तो उसका इलाज करते हैं नि:शुल्क रूप से अगर आपको कही भी आस पास के क्षेत्र में कोई भी बेजुबान जानवर पशु पक्षी गौमाता गम्भीर हालत में दिखाई देते हैं तो दिए गए नंबरों पर सम्पर्क करें।

एडवोकेट बॉबी दत्ता जयपुर जिला प्रभारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (नि.स.)। राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र कुमार पाण्डेय एडवोकेट ने राष्ट्रीय संरक्षक,कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा , राष्ट्रीय संगठन मंत्री डा. मदन मोहन पाण्डेय , राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुशासन समिति अनुपम मिश्रा , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ट विमल सोनी ,राजस्थान प्रदेश प्रभारी माधो सिंह मंदेरणा के अनुमोदन पर प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ट जितेन्द्र पाठक,वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष किशन शर्मा , वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमति मीनाक्षी शर्मा एडवोकेट व प्रदेश उपाध्यक्ष एम. एल. शर्मा , प्रशांतअग्रवाल , राजेश पाण्डेय , नीरज जोशी ,प्रदेश सचिव सुनील वैष्णव , प्रदेश महामंत्री लोकेश शर्मा ,उदयपुर सम्भाग अध्यक्ष लोकेश शेर एडवोकेट व जयपुर सम्भाग प्रभारी श्रीमति प्रेरणा मिश्रा एडवोकेट व जयपुर जिला अध्यक्ष सुश्री गिरिजेश चतुर्वेदी एडवोकेट की अभिषंशा पर जयपुर जिला प्रभारी के पद पर बॉबी दत्ता एडवोकेट को नियुक्त किया गया है इनकी मंच के प्रति लगन,कार्यशैली, निष्ठा को देखते हुए इनको जिला प्रभारी के पद पर नियुक्ति किया है। इसी तरह भविष्य में कार्य करती रहेगी ।

जमीन नगर पालिका की, निजी लोगों का कब्जा नगर पालिका संपत्ति का बोर्ड हटाकर बेच रहे भू-खण्ड

नगर पालिका नोटिस देकर कर रही औपचारिकताएं पूरी, जिस पर नोटिस चस्पा किया उसी भूखंड का काम पूरा हुआ

बढ़ता राजस्थान

अंता (शफीक मंसूरी) । अंता क्षेत्र में नगरपालिका अतिक्रमणों को हटाने में कोसों दूर है। नगरपालिका के अधिकारियों के उदासीन रवैये का अतिक्रमणकारियों द्वारा भरपूर फायदा उठाया जाता है। कभी अपने घरों के आस-पास खाली पड़ी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण तो कभी अतिक्रमणकारियों द्वारा नगरपालिका क्षेत्र के आस-पास पड़ी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लेते हैं। लेकिन अधिकारियों द्वारा इस ओर न तो कोई कदम उठाए जा रहे हैं और न ही इन अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई अमल में लाई जाती है। इसके चलते जहां एक ओर नगरपालिका के पास दिनों दिन जमीन कम पड़ती जा रही है वहीं दूसरी ओर कंगाली के कगार पर चल रही है । अतिक्रमणकारियों के हौसले भी बुलंद होते जा रहे हैं। इन अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि नगरपालिका द्वारा प्रस्तावित की गई कॉलोनियों के साथ-साथ पालिका के बोर्ड लगे स्थान पर भी धड़ल्ले से अतिक्रमण किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर नगरपालिका प्रशासन मूक दर्शक बन कर देख रहा है। ऐसा ही इन दिनों अस्पताल रोड, बरड़िया बस्ती, बमोरी खाड़ी के ऊपर स्टेशन रोड शाहिद जहां सरकारी जमीन पड़ी इस पर भूमाफियाओं का कब्जा जोरों पर चल रहा है। बरड़िया बस्ती में गौशाला की प्रस्तावित जमीन पालिका द्वारा लगाए गए बोर्ड को हटाकर अतिक्रमणकारियों द्वारा दर्जनों भूखंड बेच रहे है । पिछले लम्बे समय से क्षेत्र में अतिक्रमणों की बाड़ आ गई है। लेकिन कार्रवाई के नाम पर आज दिन तक नगरपालिका द्वारा कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। कस्बे के अस्पताल सिसवाली जाने वाले सडक़ मार्ग के दोनों और नगर पालिका ने लाखों रुपए खर्च कर तार फेंगसिंग करवाई गई थी लेकिन नगर पालिका के गैर जिम्मेदार कर्मचारियों के कारण भ-ूमाफियाओं ने दोनों साइड स्थित सरकारी भूमि पर दुकानों का निर्माण हो चुका है । कई निर्माण अभी भी जारी है यहां पत्थर की पट्टियों से अस्थाई कमरे बनाकर, कच्चे झोंपड़े व चारदीवारी का निर्माण करवाकर करोड़ों रुपए की जमीन पर अवैध कब्जे किए जा रहे है।

सरकारी जमीन पर भू-माफियाओ ने बोडिया रख कर किया कब्जा

भू-माफियाओ ने नगर पालिका की खाली पड़ी जमीन पर किसी ने पत्थर डालकर तो किसी ने बोड़ियां लगाकर सरकारी जमीन पर कब्जे कर रहे हैं । जिस जमीन पर भू माफियाओ ने कब्जे कर रखे हैं उस जमीन की किमत लाखों की मानी जाती हैं । हाईकोर्ट के भी सख्त आदेश हैं सरकारी सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होने दे । इसके बावजूद भी सरकारी जमीन पर भू-माफियाओ ने बोडिया रख कर कब्जा जमा कर रखा है तो किसी ने सरकारी जमीन पर प्लाट काटकर पैसा कमा रहे हैं । आपको बता दे इन दोनों अंता कस्बे में शिवाजी चौक के आगे कवासपुरा की पुलिया के बिल्कुल नजदीक नगर पालिका की भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण जारी जारी है।

अवैध निर्माण को रोकने के लिए नगर पालिका कर्मचारी अपनी औपचारिकता पूरी कर रहे हैं । निर्माण कर्ता शनिवार रविवार दो दिन की छुट्टी होने के कारण अधिक मजदूर लगाकर निर्माण कार्य किया जाता है ताकि नगर पालिका से कोई भी कर्मचारी काम को रुकवाये नहीं यह अवैध निर्माण कर्मचारियों की मिली भगत से हो रहे हैं । दिखावे के तौर पर कर्मचारी मौके पर जाकर गेती,तगारी ,फावड़े जास कर नगर पालिका में रख दिए जाते हैं लेकिन कुछ ही देर बाद जस किये सामान निर्माण कर्ता को वापस लोटा दिए जाते हैं। ऐसे में कर्मचारियों के ऊपर सवालिया निशान उठना लाजमी हैं ।

विधायक व ग्रामीणो ने की कलक्टर से मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच)। जिले के डाबी थाना क्षेत्र के गोपालपुरा बरड के वन भूमि के धोरेला क्लोजर पर दबंगो द्वारा पंचायत के अन्य चार गांवो के ग्रामीणो व पशुपालको को उनके पशुओ को चराने से रोका जा रहा है। इसको लेकर सोमवार को ग्रामीणो ने श्री देवलाल चांदना पूर्व सरपंच के नेतृत्व में बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा के साथ जिला कलक्टर से मुलाकात इसको लेकर कडी नाराजगी प्रकट की। विधायक हरिमोहन शर्मा की अगुवाई मे कलक्टर से मिले पीडित ग्रामीणो के प्रतिनिधीमंडल ने जिला कलक्टर को बताया कि धोरेला व फतेहपुर के बीच बने वन क्लोजर पर ग्रामीण व पशुपालक पिछले 40 वर्षो से चराई करते चले आ रहे है। वन क्लोजर मे बनी हुई वन समिति द्वारा गोपालपुरा, फतेहपुर, श्रीनगर व देवगढ के लोगो को अपने पशुओ की चराई कराने से अवैध रूप से रोका जा रहा है। जिससे आपसी संघर्ष की स्थिती उत्पन्न हो रही है। इस प्रकार ग्रामीणो व पशुपालको को वन भूमि के क्लोजर मे चराई कराने से नही रोका जा सकता है। प्रतिनिधीमंडल ने जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौपा। इस दौरान महावीर मीणा राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिला अध्यक्ष, संजय शर्मा संगठन महासचिव कांग्रेस, राजीव लोचन गौतम, बृजमोहन यादव देवलाल चांदना पूर्व सरपंच कंवरपुरा सहित समस्त गोपालपुरा पंचायत के ग्रामवासी उपस्थित रहे।

राजनैतिक दबाव मे पुलिस कर रही अत्याचार : हरिमोहन

पिछले एक माह से धोरेला गांव के कुछ लोगो द्वारा गोपालपुरा बरड के अन्य गांवो के ग्रामीणो को क्लोजर मे अपने मवेशी चराने नही दिये जा रहे है जो कि उचित नही है। जिला कलक्टर व वन अधिकारी भी यह मानते है कि सभी को क्लोजर मे अपने पशु चराने का अधिकार है। पुलिस के कुछ अधिकारी धोरेलो मे दबंगई एक रहे एक पक्ष से मिले हुये है और राजनैतिक दबाव के कारण अन्य गांवो के लोगो को क्लोजर मे अपने मवेशी चराने से रोक रहे है। कलक्टर साहब से चर्चा हुई है डीएफओ परसों विवादित स्थल पर जायेगे और यह व्यवस्था करेगे की पूर्व की भांति सभी गांवो के मवेशी उस क्लोजर मे चरे। काफी समय से पुलिस राजनैतिक दबाव मे ग्रामीणो के साथ अत्याचार कर रही है।

उपखंड क्षेत्र में कोटा महोत्सव का भव्य आगाज आज से

स्थानीय प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच, लोक कलाकारों की होंगी प्रस्तुतियां

बढ़ता राजस्थान

कोटा, (का.स.)। कोटा की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और लोक प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कोटा महोत्सव का उपखण्ड स्तरीय शुभारंभ रामगंजमंडी से होगा। इस महोत्सव में स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला के प्रदर्शन का सुनहरा अवसर मिलेगा। ख्यातनाम लोक कलाकारों की भी प्रस्तुतियां होंगी। उपखंड स्तरीय विजेता कलाकार जिला स्तरीय कार्यक्रम में 25 दिसम्बर को प्रस्तुतियां देंगे। उपखंड अधिकारी रामगंजमंडी नीता वसीटा ने बताया कि कोटा महोत्सव के दौरान कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम का आयोजन गोवर्धनपुरा माताजी मंदिर प्रांगण में होगा। महोत्सव सायं 4 से 8 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ''लोकल टैलेंट हंट'' रहेगा जिसमें स्थानीय लोक कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। नॉर्थ ज़ोन कल्चरल सेंटर के कलाकारों द्वारा विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके अलावा त्रिनेत्र कत्थक अकादमी के कलाकार कत्थक नृत्य की मोहक प्रस्तुति देंगे एवं कार्यक्रम में आतिशबाजी का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपखंड स्तरीय विजेता कलाकार जिला स्तरीय कार्यक्रम में 25 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे चम्बल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर प्रस्तुतियां देंगे। उपखंड अधिकारी रामगंजमंडी ने समस्त कोटा वासियों से अपील की है कि वे इस गौरवमयी उत्सव का हिस्सा बनें और इसे भव्य बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि कोटा महोत्सव न केवल स्थानीय कलाकारों को मंच देगा बल्कि हाड़ौती की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का भी कार्य करेगा।

कोटा महोत्सव में अमृता हाट 23 से 29 दिसम्बर तक

प्रदेशभर से आयेंगे महिला समूहों के उत्पाद

बढ़ता राजस्थान

कोटा, (का.स.)। कोटा महोत्सव का आयोजन 23 से 25 दिसम्बर तक शहर के विभिन्न ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों पर किया जा रहा है। इसका एक खास आकर्षण रहेगा ''अमृता हाट'' जो 29 दिसम्बर तक चलेगा। इसमें प्रदेशभर से महिला समूहों की दुकानें आएंगी जहां विभिन्न तरह के उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा जिनमें अलवर का टैराकोटा, बीकानेर के नमदे, मंगोडी, पापड़, जुतियां, कोटा डोरिया आदि प्रमुख हैं। प्रतिदिन सांय सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे मिस अमृता, घूमर, कालबेलियां नृत्य, कवि सम्मेलन, फैशन शौ आदि भी किये जाएंगे।

प्रतिदिन निकाला जाएगा लकी-ड्रॉ

अमृता हाट मेला समिति की बैठक का आयोजन अतिरिक्त संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने बताया कि अमृता हाट मेला 23 से 29 दिसम्बर तक 'कोटा महोत्सव' के साथ चम्बल रिवरफ्रंट (पश्चिम घाट) में आयोजित किया जाएगा। मेले में सामान क्रय करने वाले ग्राहकों को 500 रुपये की खरीद पर एक-एक कूपन दिया जाएगा जिसका ड्रॉ प्रतिदिन रात्रि 8 बजे खोला जाएगा। इसमें 3 विजेताओं को चांदी के सिक्के पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये जाएंगे। मेले में 70 स्टॉल लगाई जाएंगी जिसमें राजस्थान के सभी जिलों के स्वयं सहायता समूहों द्वारा हस्तनिर्मित सामान उपलब्ध होंगे।

डॉ. राजकुमार यादव ने फिर किया नया करिश्मा, रचा इतिहास

हार्ट और लंग का सफल ट्रांसप्लांट कर बने देश के पहले डॉक्टर

बढ़ता राजस्थान

अंता (शफीक मंसूरी) । बारां जिले एक छोटे से गांव के मेलखेड़ी के रहने वाले जिले के डॉ. राजकुमार यादव ने रविवार को जयपुर में हार्ट व लंग का एकसाथ ट्रांसप्लांट कर देश में फिर रिकॉर्ड बना दिया है। वे हृदय व फेफड़े को प्रत्यारोपित करने वाले देश के पहले डॉक्टर हो गये आपको बता दे बारां जिले के मेलखेड़ी गांव में जन्मे डॉ. राजकुमार यादव राजस्थान के झालावाड़ से विष्णु कहार के डोनेट अंगों को एअर लिफ्ट कर सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर लेकर आए तथा 23 वर्षीय महिला को प्रत्यारोपित कर जीवनदान दिया। इस ऑपरेशन से सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर भी देश का पहला अस्पताल बन गया है। जहां हार्ट व लंग एक साथ ट्रांसप्लांट किये गये कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व डॉ.राजकुमार के भाई दिनेश यादव ने संवाददाता को बताया कि यह देश के मेडिकल इतिहास में सबसे जटिल आपरेशन था, जिसे डॉ. राजकुमार व उनकी कुशल मेडिकल टीम ने सफलतापूर्वक संयोजित किया।

ब्रेन डेड अनिता ने 4 लोगों को जीवनदान दिया

इससे पहले, डॉ. यादव ने बाड़मेर जिले के बायतू रोड पर हुए हादसे में ब्रेन डेड हो चुकी अनिता के अंगों को ट्रांसप्लांट कर कई लोगों की जान बचाई थी। अनिता के शरीर से हार्ट और किडनी को फ्लाइट से एसएमएस जयपुर लाकर लिवर और किडनी को जोधपुर एम्स में ट्रांसप्लांट किया गया, जिससे चार लोगों को जीवनदान मिला।

डॉ. राजकुमार यादव की यह मेहनत और समर्पण बारां जिले और चिकित्सा क्षेत्र के लिए एक बड़ा गौरव है।

बारां जिले के डॉ.यादव ने किया कमाल, तीसरी बार किया सफल हार्ट ट्रांसप्लांट

जिले के डॉ. राजकुमार यादव ने हार्ट ट्रांसप्लांट कर जिले का भी मान बढ़ाया है।जिले के मेलखेड़ी गांव निवासी डॉ. राजकुमार यादव ने एक बार फिर सफलतापूर्वक हार्ट ट्रांसप्लांट कर जिले और शहर का ही नहीं गांव ओर परिजनों का भी मान बढ़ाया है। डॉ. यादव जयपुर स्थित सवाई मानसिंह अस्पताल में कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग के वरिष्ठ आचार्य है। उन्होंने जोधपुर से एअर एम्बुलेंस से धडक़ता हुआ दिल जयपुर लाकर ट्रांसप्लांट किया। डॉ. यादव का यह तीसरा हृदय प्रत्यारोपण ऑपरेशन है। इससे पहले भी वह दो लोगों को हृदय प्रत्यारोपित कर चुके हैं। तीसरा सफलतापूर्वक हृदय प्रत्यारोपित करना राष्ट्रीय स्तर पर उनकी बड़ी उपलब्धि है।

एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ की गिरफ्तारी का विरोध

बूंदी में प्रदर्शन के साथ राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच)। राजस्थान एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ की जयपुर में उत्कर्ष कोचिंग जहरीली गैस रिसाव प्रकरण में विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिये प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तारी के विरोध में बूंदी में एनएसयूआई छात्र नेता किशन नेखाड़ी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने मंगलवार को राज्यपाल हरि भाऊ किशनराव बागड़े व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य सरकाए को एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ को तत्काल रिहा करना चाहियें। एनएसयूआई छात्र नेता किशन नेखाड़ी ने कहा कि पीड़ित छात्रों के हक की आवाज बुलंद कर रहे कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कर पुलिस हिरासत में लेना असहनीय है। दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की बजाय सरकार विद्यार्थियों की आवाज दबा रही है। ज्ञापन देने वालो में हरीश मीणा, बंटी गुर्जर ाचाढ़ बंटी सूरी,शिवम् फागना, रामचरन कसाना, भोजराज गुर्जर गुडा, राकेश चादना, शुभम जाट आदि शामिल रहे।

महिला और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए राजस्थान सरकार की अभिनव पहल

बूंदी में कालीका यूनिट महिला पुलिस टीम को मिली स्कूटी

बढ़ता राजस्थान

बूंदी (नि.स.)। महिला और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए राजस्थान सरकार की अभिनव पहल के तहत, बूंदी में कालीका यूनिट महिला पुलिस टीम को नई स्कूटी, हेलमेट और वायरलेस सेट प्रदान किए गए। महिला पुलिस जवान इन स्कूटीयों के जरिए महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए तत्पर रहेंगी।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक राजेंद्र मीणा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर महिला पुलिस जवानों को इन स्कूटीयों के साथ रवाना किया। यह कालीका यूनिट की महिला पुलिस जवान अब दोपहिया वाहनों पर तैनात रहेंगी और सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों तथा कॉलेजों के आसपास गश्त करेंगी, जहाँ महिलाओं और बालिकाओं की आवाजाही अधिक रहती है। अगर किसी महिला या बालिका द्वारा कोई शिकायत मिलती है, तो कालीका यूनिट की महिला पुलिस जवान तुरंत मौके पर पहुंचकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई भी करेंगी।

राज्य को मिली एक लाख करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

अंता नगर पालिका सहित ग्राम पंचायत, ब्लॉक स्तर एवं जिला मुख्यालय पर हुआ समारोह का लाइव प्रसारण

बढ़ता राजस्थान

अंता (नि.स.) । राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को अंता नगर पालिका में राज्य सरकार का 1 वर्ष होने पर नगर पालिका में लाभार्थियों ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव प्रसारण सुना । अधिशाषी अधिकारी के निर्देश पर प्रभारी चंद्रमोहन वैष्णव द्वारा सफल आयोजन किया गया मंगलवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में ग्राम दादिया, वाटिका रोड़ जयपुर में ''एक वर्ष परिणाम उत्कर्ष'' राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। उक्त समारोह का लाइव प्रसारण प्रदेश के सभी जिलों में किया गया। जिला स्तर पर इसका सीधा प्रसारण वर्चुअल माध्यम से कलेक्ट्रेट परिसर डीओआईटी के वीसी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी, एडीएम दिवांशु शर्मा, जिला परिषद सीईओ राजवीर सिंह चौधरी, एसडीएम अभिमन्यु सिंह कुंतल, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक रामकुमार बाथम, कृषि विभाग संयुक्त निदेशक अतीश कुमार शर्मा, मुख्य योजना अधिकारी कैलाश चन्द्र मीणा, जेडी पशुपालन हरिबल्लभ मीणा सीएमएचओ डॉ. सम्पतराज नागर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। जिले में पंचायत मुख्यालय एवं ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से समारोह का लाइव प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय समारोह के दौरान राजस्थान और मध्यप्रदेश के कई जिलों की प्यास बुझाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी .आर.पाटिल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की उपस्थिति में एमओए किया गया। इस दौरान प्रतिकात्मक रूप से प्रधानमंत्री के कर कमलों द्वारा तीनों नदियों के पानी को ''रामसेतु जल संकल्प कलश'' में प्रवाहित कर परियोजना का शुभारम्भ किया गया। इस परियोजना से राजस्थान के बारां सहित 21 जिलों में परियोजना पेयजल आपूर्ति, सिंचाई और औद्योगिक जल की मांग को पूरा करने जैसे विभिन्न उद्देश्यों को पूरा करेगी। इसके अन्तर्गत बारां जिले में रामगढ़ और महलपुर बैराज को परियोजना में शामिल किया गया है।

अखिल भारतीय परमाणु ऊर्जा विभाग पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन की बैठक में 11 सूत्री मांग पत्र पर चर्चा

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा (नि.स.)। अखिल भारतीय परमाणु ऊर्जा विभाग पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नाभिकीय विद्युत निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री भुवनेश चंद्र पाठक से विक्रम नगर अतिथि गृह में मुलाकात की और 11 सूत्री मांग पत्र प्रस्तुत किया। बैठक में वरिष्ठ सेवा निवृत्त पदाधिकारियों और कार्यक्रम के संयोजक डी. पी. सिंह ने पेंशनरों से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। मांग पत्र में अस्पतालों में क्रोनिक मरीजों को ब्रांडेड दवाइयां देने के बजाय भारतीय जन औषधियों की जेनरिक दवाइयां दी जाने की शिकायत की गई, जिससे मरीजों की हालत और खराब हो रही है। इन दवाइयों की गुणवत्ता की जांच अधिकृत प्रयोगशालाओं में कराने की मांग की गई। इसके अलावा, मेडिकल बिलों के क्लेम का भुगतान 8 से 10 महीने तक न किए जाने की समस्या पर भी चर्चा हुई। भुगतान की प्रक्रिया को समयबद्ध किया जाए और क्लेम की सीमा बढ़ाकर तीन माह की जाए। साथ ही, पेंशनर्स एसोसिएशन ने सुपर स्पेशलिस्ट द्वारा लिखी गई दवाइयों को स्थानीय चिकित्सकों द्वारा जन औषधि दवाइयों से बदलने की आलोचना की।

यह सीएचएस योजना का उल्लंघन बताया गया और मरीजों को मेडिकल उपचार में होने वाली समस्याओं को दूर करने की अपील की गई। रावतभाटा के पेंशनरों के लिए डेंटल अस्पताल को पैनल में शामिल करने की मांग भी की गई। साथ ही, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा सुविधाएं देने का भी आग्रह किया गया, जो भारत सरकार के आदेशों के बावजूद रावतभाटा में लागू नहीं की जा रही हैं। बैठक में पेंशनर एसोसिएशन की ओर से नरोतम जोशी, पी. बी. शर्मा, निर्मल जैन, डी. पी. सिंह, एम. बी. शर्मा, जे. के. सेवदा और एस. सी. नंदवाना उपस्थित थे। इस बैठक में अध्यक्ष श्री भुवनेश चंद्र पाठक और इकाई एक व दो के केंद्र निदेशक गौरव शर्मा ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके अलावा, रावतभाटा के सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा लंबे समय से पेंशनर भवन की मांग की जा रही है। यह मांग प्रतापनगर स्थित रोडवेज़ बस स्टैंड के पास की भूमि पर सीएसआर योजना के तहत पेंशनर भवन बनाने की थी, जिसे अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक महोदय ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

रेलवे ने शुरू की बाउंड्री वॉल फेंसिंग : 15 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है काम

आवारा मवेशियों को रोकने में रहेगी कारगर

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। आगरा रेल खंड में आरसीसी बाउंड्री बॉल फेंसिंग का कार्य शुरू हो गया है। यह कार्य 15 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से कराया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा इस खंड का निरीक्षण भी किया गया।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने धौलपुर आगरा खंड में होने वाले कैटल रन ओवर की रोकथाम पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के प्रति प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। आगरा मंडल में मथुरा-पलवल रेल खंड में पहले से ही ट्रैक के किनारे डब्ल्यू बीम मेटल टाइप फेंसिंग का काम हो रहा है।

उसी क्रम में धौलपुर-आगरा रेल खंड में भी आज से ट्रैक के किनारे आरसीसी बाउंड्री बॉल फेंसिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह काम 15 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 13 किलोमीटर में कराया जा रहा है। यह दीवार बनने के बाद इस रेल खंड में होने वाले कैटल रन ओवर पर रोकथाम

लगाई जा सकेगी। आगरा मंडल में मनिया-धौलपुर रेल खंड में वर्ष 2023-24 में 69 कैटल रन ओवर हुए जो कि 15 दिसंबर 2024 तक 46 कैटल रन ओवर हुए हैं। मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि कैटल रन ओवर के समाधान के लिए बहुआयामी प्रयास की जरूरत है। फील्ड में काम करने वाले रेलवे अधिकारियों को चाहिए कि वे कैटल रन ओवर प्रभावित क्षेत्रों के गांवों में स्थानीय निवासियों से मिलें और उन्हें मवेशियों को रेलवे ट्रैक से दूर रखने के विषय में प्रतिबंधित करें।

बाड़ी सीवेज लाइन और पेयजल लाइन के काम में लापरवाही का मामला

एडीजे कोर्ट में परिवाद पर हुई सुनवाई, कोर्ट ने लगाई अधिकारियो को फटकार

विभागीय लापरवाही की वजह से आमजन हो रहा परेशान,आज फिर सुनवाई

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी(राजू शर्मा)। बाड़ी शहर में विकास के लिए समर्पित पुनर्गठित पेयजल पाइप लाइन परियोजना और सीवेज लाइन परियोजना का काम लापरवाही की भेंट चढ़ने के चलते आमजन की परेशानी को लेकर जलदाय विभाग,सार्वजनिक निर्माण विभाग,नगर पालिका और मॉनिटरिंग टीम के अधिकारियो के साथ संबंधित ठेकेदार की लापरवाही और स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा मामले में ध्यान नहीं देने को लेकर शहर के दो युवाओ ने एडीजे कोर्ट में विधिक सेवा के तहत परिवाद दायर किया था। जिसकी आज 17 दिसंबर मंगलवार को सुनवाई की गई। एडीजे कोर्ट में हुई मामले की सुनवाई को लेकर कोर्ट के अधिवक्ता रूप सिंह किलेदार ने बताया की मामले में अदालत द्वारा जलदाय विभाग,पीडब्ल्यूडी और नगर पालिका के साथ बाड़ी एसडीएम और धौलपुर कलेक्टर को मंगलवार को अदालत में पेश होने के निर्देश दिए थे। जिसमे से अधिकांश अधिकारी कुछ प्रतिनिधियों कोर्ट में पेश

हुए। जिनको एडीजे एवं अध्यक्ष विधिक सेवा समिति नीरज कुमार ने फटकार लगाई है और मामले में क्या कार्यवाही की और परियोजना के मापदंड क्या है इसको लेकर पूछताछ की है। जिसमे सन्तुष्टपूर्ण जबाब नहीं मिलने पर कोर्ट ने सभी को बुधबार को माय जबाब फिर से कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए है। मामले में जनता की पीड़ा को लेकर न्यायालय का रुख सख्त दिखा है। गौरतलब है की शहर के विकास को समर्पित दोनों परियोजना को लेकर जलदाय विभाग, पीडब्ल्यूडी और नगर पालिका के अधिकारियो कोई ध्यान नहीं है और न ही कार्य की मॉनिटरिंग ठीक ढंग से अधिकारियों की टीम कर रही है। ऐसे में परेशान शहरवासियों की समस्या को लेकर शहर के युवा अधिवक्ता रूप सिंह किलेदार और प्रमोद मुद्गल ने एडीजे कोर्ट में विधिक सेवा के तहत प्री लिटिगेशन परिवाद दायर किया है।

सीवर खुदाई के दौरान टूटी पेयजल पाइप लाइन

दूसरी ओर शहर में सीवर लाइन डालने को लेकर चल रहे खुदाई कार्य के दौरान कायस्थ पाड़ा पुलिया से आगे मशीन ने पेयजल पाइपलाइन को तोड़ दिया है। जिसके चलते कई मोहल्लों की पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है। स्थानीय नागरिक मुकेश कुमार,जितेंद्र समाधिया,रविंद्र सिंह आदि ने बताया कि चार बार पेयजल पाइपलाइन को सीवर लाइन खुदाई करने वाले ठेकेदार के कर्मचारियों ने तोड़ दिया है। पूर्व में भी लापरवाही से लाइन टूटी थी। जिसे जलदाय विभाग ने जैसे-तैसे दुरुस्त कराया। आज फिर से पाइपलाइन टूट गई है। जिसके चलते कायस्थ पाड़ा,न्यू कॉलोनी,मास्टर कॉलोनी,यीशु वाले हनुमान मंदिर के मोहल्ले सहित कई मोहल्लो की पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है। नागरिकों का आरोप है कि सीवर खुदाई के दौरान घरो को जाने वाली पाइपों को भी तोड़ दिया गया। जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी हुई और खुद के खर्चे पर उन्हें सही कराया है। अब मुख्य पाइपलाइन टूटी पड़ी है।

धौलपुर परीक्षा देने गए छात्र की बेरहमी से पिटाई,वाहन के इंतजार में खड़े छात्र को बाइक पर बिठाकर ले गए आरोपी

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (नि.स.)। उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के कुंजी का नगला गांव निवासी एक दसवीं कक्षा के छात्र के साथ धौलपुर में स्कूल परीक्षा देने जाते समय बाइक पर बिठाकर ले गए आरोपियों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के बाद अचेत हुए छात्र को आरोपी छोड़कर भाग गए। छात्र जैसे-तैसे पास स्थित अपने स्कूल पहुंचा। जहां पूरी घटना की जानकारी देने के बाद परिजनों को फोन से बुलाया। परिजनों ने घायल छात्र को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना को लेकर निहालगंज थाने में रिपोर्ट दी है। बाड़ी अस्पताल में भर्ती घायल 10वीं कक्षा के छात्र प्रशांत कुमार पुत्र धर्मेंद्र सिंह जाटव निवासी कुंजी का नगला थाना कंचनपुर ने बताया कि वह दसवीं क्लास में धौलपुर के शारदे विद्यापीठ स्कूल से पढ़ रहा है। जहां अर्धवार्षिक की परीक्षा को लेकर वह सोमवार को परीक्षा देने गया था। करीब एक बजे वह राजाखेड़ा बाईपास पर खड़ा था। जहां से स्कूल तक जाने के लिए किसी टेंपो या अन्य वाहन का इंतजार कर रहा था। इस दौरान दो बाइकों पर सवार एक महिला और तीन अज्ञात लोग उसके पास आकर रुके और उससे पूछा कि वह कहां जा रहा है । घायल छात्र ने बताया कि वह शारदे विद्या स्कूल में परीक्षा देने जा रहा है तो बाइक सवारों ने उसको अपनी बाइक पर बिठा लिया और स्कूल से पहले एक संकरे रास्ते से होकर एक सुनसान जगह पर ले जाकर लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़ित छात्रा ने बताया कि इस दौरान जब वह अचेत हो गया तो आरोपी मौके से भाग गए। बाद में उसे होश आया तो वह जैसे-तैसे अपने स्कूल पहुंचा और पूरे मामले की जानकारी दी। जिस पर परिजनों को फोन से बुलाया जो उसे जब बाड़ी लेकर आए। जहां अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना को लेकर घायल छात्र प्रशांत के पिता धर्मेंद्र सिंह जाटव ने निहालगंज थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना में शामिल लोग कौन थे। उनकी छात्रों से क्या रंजिश थी। इसका अभी तक कोई पता नही लगा है।

बीपीएल में शामिल लोगों को नहीं मिल रही खाद्य सामग्री

पीड़ितों ने बसेड़ी एसडीएम से की शिकायत, आवश्यक कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। धौलपुर जिले के बसेड़ी क्षेत्र के गोटे का पुरा गांव के लोगों ने एसडीएम बसेड़ी को शिकायती लेटर दिया है। उन्होंने लेटर में जीएसएस खिडोरा के संचालक द्वारा ग्रामीणों का फिंगर प्रिंट लगाने के बाद भी राशन सामग्री नहीं देने के साथ अनियमितताओं का आरोप लगाया है। एसडीएम अनिल मीणा को दिए गए शिकायती लेटर में गोटे का पुरा गांव के लोगों ने जीएसएस खिडोरा तहसील बसेड़ी के संचालक पर राशन नहीं दिए जाने का आरोप लगाया है।

शिकायती लेटर में बताया है कि संचालक द्वारा ग्रामीणों के घर-घर जाकर फिंगर प्रिंट लगवाने के बाद भी खाद्य सुरक्षा योजना एवं बीपीएल योजना के लाभार्थियों कों राशन नहीं दिया जा रहा है। लेटर में बताया गया है कि संचालक द्वारा दुकान खोलने व बंद करने का कोई समय तय नही हैं। शिकायती लेटर में बताया गया है कि जब संचालक द्वारा राशन दिया जाता है, तब उसके कांटे द्वारा राशन को कम तोला जाता है और राशन की रसीद नहीं दी जाती है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि संचालक द्वारा कोरोना काल में आए दोगुने राशन में से केवल एक योजना का राशन दिया गया था। ग्रामीणों द्वारा विरोध करने परसंचालक द्वारा राशन नहीं देने एवं खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटाने की धमकी दी जाती है। ग्रामीणों ने एसडीएम से मामले में हस्तक्षेप कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की हैं।

सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कैंपेन 19 दिसम्बर से

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार 19 दिसंबर से 24 दिसम्बर 2024 तक जिले में गुड गवर्नेंस के अन्तर्गत 'सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कैम्पेन' का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि सुशासन सप्ताह का मुख्य उद्देश्य आमजन को दी जाने वाली सेवाओं मे सुधार लाना एवं उनकी समस्याओं को दूर करना है। सुशासन सप्ताह के दौरान पंचायत, तहसील स्तर पर विशेष कैंप, इवेंट का आयोजन कर आमजन की परिवेदनाओं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज, सीपीग्राम पोर्टल की परिवेदनाओं का निस्तारण किया जायेगा। इसके अंतर्गत 23 दिसम्बर को जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन कर जिले में गुड गवर्नेंस हेतु अपनाए गए नवाचार, गुड गवर्नेंस प्रैक्टिस, इनिशिएटिव पर विस्तृत चर्चा की जावेगी।

बाड़ी में पोद्दार बगीची पर हुआ अन्नकूट महोत्सव

प्रजापति समाज हलवाई संघ ने लगाया पाताली हनुमान का भोग, श्रद्धालुओं में बांटा प्रसाद

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। बाड़ी शहर के तुलसी वन रोड स्थित पोद्दार बगीची पाताली हनुमान मंदिर पर मंगलवार को अन्न कूट महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रजापति समाज हलवाई संघ द्वारा महोत्सव के दौरान अन्न कूट की प्रसादी तैयार कर सबसे पहले हनुमान बाबा, शिव परिवार और भैरों बाबा को भोग लगाया गया। इसके बाद पंगत में सैकड़ों श्रद्धालुओं को प्रसादी खिलाई गई। प्रसादी वितरण का यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ है, जो शाम 4 बजे तक चलेगा। इस दौरान आसपास के क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे अन्न कूट की प्रसादी ग्रहण करने पहुंच रहे है। अन्न कूट आयोजन को लेकर प्रजापति समाज के अध्यक्ष संतोष हलवाई ने बताया- हर साल पोद्दार की बगीची पर पाताली हनुमान के लिए अन्नकूट की प्रसादी का यह कार्यक्रम किया जाता है। जिसमें प्रजापति समाज के सभी हलवाई शामिल होते हैं। साथ में मंदिर से जुड़े श्रद्धालु और मोहल्ले के लोगों द्वारा आर्थिक सहयोग दिया जाता है। ऐसे में आज मंगलवार को सबसे पहले मन्दिर के महंत दीपू सोनी ने बाबा का विशेष श्रृंगार किया। आरती के बाद बाबा को अन्न कूट की प्रसादी लगाई गई। इसके बाद सभी लोगों के लिए अन्न कूट की प्रसादी पंगत में खिलाई जा रही है। शाम 4 बजे बाद शेष बची प्रसादी का घरों के लिए वितरण भी किया जाएगा।

गोवर्धन पूजा से शुरू हुए आयोजन, बसंत पंचमी तक चलेंगे : दीपावली की गोवर्धन पूजा से बाड़ी शहर और ग्रामीण क्षेत्र में अन्न कूट का आयोजन किया जाता है, जो बसंत पंचमी तक चलता है। इस दौरान संत आश्रम, विभिन्न मंदिरों और शहर के प्रमुख स्थानों पर यह आयोजन देखने को मिलते हैं। जिसमें बिना निमंत्रण के ही लोग पहुंचते हैं और बेसन की कढ़ी, चावल, बाजरा एवं सभी तरह की मिक्सर सब्जी का एक साथ मिलकर खाते है और आनंद लेते हैं।

उद्यानिकी फसलों में गुणवत्ता के लिए प्लास्टिक मल्चिंग बेहतर विकल्प

प्रोत्साहन के लिए दिया जा रहा अनुदान

बढ़ता राजस्थान

कोटा, (का.स.)। उद्यानिकी फसलों को शीत प्रकोप से बचाने, खरपतवार नियंत्रण, जल के कुषलतम उपयोग एवं फसल उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाए जाने के लिए प्लास्टिक मल्चिंग के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्लास्टिक मल्चिंग के उपयोग पर अनुदान देय है। उप निदेशक उद्यान एन.बी. मालव ने बताया कि स्वयं के भू-स्वामित्व होने पर प्लास्टिक मल्च की अनुमानित लागत 32 हजार प्रति हैक्टेयर का सामान्य कृषक को 50 प्रतिषत तथा लघु-सीमान्त कृषकों को लागत का 75 प्रतिषत अधिकतम 2 हैक्टेयर क्षेत्र के लिए अनुदान/सहायता देय है। उद्यानिकी फसलों को शीत के प्रकोप से बचाने के लिए लॉ-टनल के उपयोग करने पर अनुमानित लागत 60 प्रति वर्गमीटर सामान्य कृषक को 50 प्रतिषत तथा लघु-सीमान्त कृषकों को लागत का 75 प्रतिषत अधिकतम 4 हजार वर्गमीटर क्षेत्र हेतु देय है।

हाइवे के चिलाचाँद गांव के पास श्रद्धालुओं से भरा टैम्पो पलटा

चार महिलाओ सहित आधा दर्जन लोग घायल, दो की हालत गंभीर होने पर धौलपुर भेजा

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (नि.स.)। उपखंड से गुजर रहे हाईवे 11बी पर चिलाचोंद गांव के पास सोमवार की रात सड़क हादसा हो गया। आगरा देवली से आंगई गांव स्थित बाबा भैरवनाथ के दर्शन करने जा रहे आधा दर्जन लोग टेंपो पलटने से घायल हुए है। जिनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा है। सभी घायलों को सूचना पर पहुची हाईवे एंबुलेंस 1033 से बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से दो घायलों को गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। जानकारी के अनुसार आगरा जिले के देवरी थाना दालतनगर निवासी कुछ लोग टेंपो से आंगई गांव के पास स्थित बाबा भैरवनाथ की जात करने सोमवार की शाम आगरा से निकले थे। जो रात करीब 8 से 9 बजे के करीब जब हाइवे पर चिलाचोंद गांव के पास पहुंचे तो अचानक से चालक टेंपो से संतुलन को बैठा और टेंपो सड़क किनारे पलट गया। आसपास के लोगों को जब दुर्घटना की सूचना मिली तो उन्होंने हाईवे एंबुलेंस 1033 को जानकारी दी। जिस पर एंबुलेंस से सभी घायलों को ग्रामीणों

के सहयोग से बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉ आनंद वर्मा ने दो घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। बाकी घायलों का उपचार बाड़ी अस्पताल में जारी है। डॉ आनंद वर्मा ने बताया की हाइवे पर चिलाचोंद गांव के पास टेंपो पलटने से आधा दर्जन लोग घायल हुए है। जिनको सोमवार की रात बाड़ी अस्पताल लाया गया। सभी घायलों में से गगनदेवी पत्नी होशियार सिंह जाटव (40 वर्ष) और सावित्री पत्नी छेदीलाल जाटव (60) वर्ष को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। बाकी घायलों में दुर्गेश पत्नी मुनेंद्र जाटव (40) वर्ष,पुष्पा पत्नी रणबीर (35) वर्ष,विष्णु पुत्र राजेंद्र (18) वर्ष, टेम्पो चालक मंजीत पुत्र पप्पू (25) वर्ष का उपचार बाड़ी अस्पताल में जारी है। हाईवे पर लगातार हो रही टेंपो पलटने की घटनाएं,नहीं दिया जा रहा ध्यान हाईवे 11बी पर लगातार टेंपो पलटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। अक्टूबर के महीने में टेंपो की निजी बस से भिड़ंत की दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हुई थी। वहीं नवम्बर महीने में भी टेंपो पलटने से तीन लोगों की मौत हुई है। दुर्घटना के बाद पुलिस और प्रशासन थोड़ा एक्शन लेता है लेकिन बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है।

एसडीएम ने चारागाह भूमि से हटाया अतिक्रमण : जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण किया ध्वस्त, सख्त कार्रवाई करने की दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। धौलपुर के बसेड़ी एसडीएम अनिल कुमार मीणा के नेतृत्व में सरमथुरा और नादनपुर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। एसडीएम के साथ मौजूद टीम ने सरमथुरा में एक और नादनपुर गांव में चारागाह भूमि पर किए जा रहे पांच अतिक्रमण को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया। प्रशासनिक अधिकारी ऋतुराज शर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर जिले भर में सरकारी और चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। जिस कड़ी में बसेड़ी एसडीएम अनिल कुमार मीणा के नेतृत्व में सरमथुरा में एक और नादनपुर गांव में पांच जगह से अतिक्रमण हटाया गया है। एसडीएम अनिल कुमार मीणा ने बताया कि जिला कलेक्टर के आदेश पर नादनपुर चारागाह भूमि पर अवैध तरीके से बनाए जा रहे मकानों को जेसीबी चलवाकर अतिक्रमण को हटाया गया है। उन्होंने बताया कि नादनपुर गांव में पांच जगह पर चारागाह भूमि पर कुछ लोग दुकान और मकान का निर्माण कर रहे थे। जिन्हें चिन्हित कर अतिक्रमण हटाया गया है। अतिक्रमण हटाने पहुंचे एसडीएम ने चेतावनी दी है कि अगर कोई भी चारागाह भूमि पर अतिक्रमण करता है, तो ऐसे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान प्रशासनिक

अधिकारी ऋतुराज शर्मा, नायब तहसीलदार पुनीत सिंह परमार सहित कई अधिकारी कर्मचारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित : समता सैनिक दल ने कराया भीम जागरण सामाजिक जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। धौलपुर के विपरपुर गांव में समता सैनिक दल द्वारा भीम जागरण सामाजिक जन जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए गायक कलाकारों ने गायन कला के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों को छोड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

समता सैनिक दल के राष्ट्रीय सचिव बी के कंचन बौद्ध नहीं बताया कि विपतपुर गांव में 86वां भीम जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। जिस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर रामनाथ पोसवाल पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुजुर्ग नत्थी लाल बाबा ने की। राष्ट्रीय सचिव ने बताया कि मुरैना से बुद्ध गाथा वाचक सुमन प्रताप बौद्ध, भिंड से राजेश बौद्ध, फिरोजाबाद से शिवानी बौद्ध, धौलपुर से जगन्नाथ गौतम, आरती बौद्ध, आयना कंचन बौद्ध और दिनेश टाइगर के द्वारा गायक कला के जरिए सामाजिक कुरीतियों को छोड़ने का संदेश दिया गया।

31 दिसंबर तक करायें पेंशन सत्यापन, बिना सत्यापन अटकेंगी पेंशन सहायता राशि

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजनान्तर्गत सम्मिलित राष्ट्रीय वृद्वावस्था पेंषन योजना, राष्ट्रीय नि:षक्त पेंषन योजना, राष्ट्रीय विधवा पेंषन योजना, राजस्थान सामाजिक सुरक्षा लघु एवं सीमान्त वृद्वजन कृषक सम्मान पेंषन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विषेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री वृद्वावस्था सम्मान पेंशन योजनान्तर्गत जिले के कुल 65711 लाभार्थियों का पेंशन सत्यापन बकाया है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक बाड़ी में 13 हजार 272, ब्लॉक बसेड़ी में 9 हजार 484, ब्लॉक धौलपुर में 14 हजार 610, ब्लॉक राजाखेडा में 11 हजार 213, ब्लॉक सरमथुरा में 7 हजार 56, ब्लॉक सैंपऊ में 10 हजार 76 पेंशन लाभार्थीयों का पेंशन सत्यापन बकाया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत लाभार्थियों का वार्षिक सत्यापन ई-मित्र केन्द्र अथवा ई-मित्र कियोस्क-बॉयोमैट्रिक, एन्ड्रॉइड मोबाईल एप एवं संबधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के द्वारा लाभार्थी के आधार से जुड़े मोबाईल पर ओटीपी के माध्यम से किया जा सकता है।

ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 5 जनवरी को : बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले मेधावी स्टूडेंट को किया जाएगा सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। भगवान परशुराम चैरिटेबल ट्रस्ट धौलपुर की शैक्षिक प्रकोष्ठ समिति के तत्वावधान में 5 जनवरी 2025 रविवार को समाज का प्रतिभा सम्मान एवं नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। मानक पूरे करने वाले छात्र-छात्रा या उनके पेरेंट्स अपने आवेदन 31 दिसंबर 2024 शाम 5 बजे तक भगवान परशुराम सेवा सदन मचकुंड रोड धौलपुर पर जमा करवा सकते हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष पी.सी. बोहरा व शैक्षिक प्रकोष्ठ समिति के संयोजक रमेश चंद तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन नए साल में 5 जनवरी 2025 को दोपहर 12.30 बजे से भगवान परशुराम सेवा सदन मचकुंड रोड धौलपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के ब्राह्मण समाज के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कक्षा 10वीं में 90त्न या अधिक अंक, 12वीं (विज्ञान) में 90त्न या अधिक, 12वीं (कला, वाणिज्य) में 80त्न या अधिक अंक, स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में 85त्न या अधिक अंक, कला, वाणिज्य में 80त्न या अधिक, स्नातकोत्तर स्तर के सभी संकायों के लिए 80त्न या अधिक प्राप्तांक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही आईआईटी, मेडिकल व उच्चतर योग्यता अर्जित करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

कोटा-पटना एक्सप्रेस का लखनऊ-वाराणसी के बीच मार्ग परिवर्तित

बढ़ता राजस्थान

कोटा। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के बाराबंकी-अयोध्या कैंट-जफराबाद खण्ड पर अयोध्या कैंट स्टेशन यार्ड रिमाडलिंग कार्य के चलते कोटा-पटना-कोटा के मध्य चलने वाली ट्रेन दोनों दिशाओं में 09-09 ट्रिप लखनऊ-वाराणसी के मध्य परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। यह गाड़ी दोनों दिशा में निर्धारित तिथियों में लखनऊ-वाराणसी के मध्यवर्ती स्टेशन अयोध्या कैंट, अयोध्याधाम, अकबरपुर, शाहगंज एवं जौनपुर नहीं जाएगी।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिसोदिया ने मुल्क में अमनो सुकून हेतु दुआ की

कपासन प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह सिशोदिया ।

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह सिसोदिया द्वारा मुख्य मजार पर फूल पेशकर मुल्क मे अमनो सुकून हेतु दुआ की गयी। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खां अशरफी ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह सिसोदिया एवं एडीजे डॉ. महेन्द्र सोलंकी का बुलन्द दरवाजा पर दरगाह वक्फ कमेटी के सदस्य अब्दुल वहीद अंसारी,हाजी मोहम्मद शरीफ,हाजी अब्दुल रहमान ने स्वागत किया एवं दरगाह शरीफ स्थित आस्ताना ए आलिया मे कमेटी सदस्य अशफाक तुर्किया द्वारा दस्तारबंदी कर श्रीफल भेंट किया गया।

कपासन की मेधावी छात्रा दीपाली को पीएचडी की उपाधि प्रदान की

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। नगर की मेधावी छात्रा दीपाली बारेगामा पुत्री प्रेमशंकर बारेगामा को भूपाल नोबल्स विश्वविधालय उदयपुर द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी। नगर की मेधावी छात्रा दीपाली द्वारा भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय में भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र पारीक के मार्गदर्शन में卐विक्षुब्ध और अविक्षुब्ध परिस्थितियों में द्वितीयक विकिरण प्रवाह का तुलनात्मक अध्ययन卐 विषय पर शोध किया गया।जिसमे बताया कि जब अन्तरिक्ष में खगोलीय घटना घटित होती है।जैसे पूर्णिमा,सुपरमून,धूमकेतु का पृथ्वी के नजदीक आना,सूर्य नक्षत्र से पारगमन इत्यादी।सामान्य दिनों की तुलाना में द्वितीय अंतरिक्ष किरणों की मात्रा व ऊर्जा में परिवर्तन हो जाता है।इसका अध्ययन सिंटिलेशन डिटेक्टर से लिया गया। उल्लेखनीय है कि नगर कपासन की मेधावी छात्रा दीपाली ने रिसर्च दौरान राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 8 रिसर्च पेपर प्रकाशित कर संगोष्ठीयों में प्रस्तुत किये।जो इनकी शोध क्षमताओं को दर्शाता हैं।

आगामी 19 से 24 दिसंबर तक जिले में आयोजित होंगे 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर अभियान

जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शिविर की तैयारिया शुरू करने के दिए निर्देश, प्रभारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)। निदेशक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ए आर प्रभाग भारत सरकार नई दिल्ली एवं शासन सचिव, जन अभियोग निराकरण विभाग के निर्देशानुसार आगामी 19 दिसंबर 2024 से 24 दिसंबर 2024 तक सुशासन सप्ताह के भाग के रूप में 'प्रशासन गांव की ओर' 2024 अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी के तहत ब्यावर जिले में भी आगामी 19 दिसंबर से 24 दिसम्बर तक प्रशासन गांव की ओर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने शिविर से संबंधित समस्त अधिकारियों को तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर दिवस में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप ज्यादा से ज्यादा लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य करें ।

यह रहेगा शिविर कार्यक्रम

अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 19.12.2024 पंचायत समिति सभागार, जवाजा में 20.12.2024 पंचायत समिति सभागार, जैतारण में 21.12.2024 पंचायत समिति सभागार, रायपुर में 22.12.2024 पंचायत समिति सभागार, मसूदा में 23.12.2024 कलेक्ट्रेट सभागार, ब्यावर (जिला स्तर पर कार्यशाला) एवं 24.12.2024 पंचायत समिति सभागार, बदनोर में आयोजित होंगे ।

शिविरों के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रभारी नियुक्त

जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार आगामी प्रशासन गांव की ओर शिविरो के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला परिषद एसीईओ गोपाल मीणा को प्रभारी एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के गिरीश नैन को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

बेरोजगारी के खिलाफ 21 दिसम्बर को जयपुर मे होने जा रहे मुख्यमंत्री आवास घेराव की तैयारी हेतु बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

चौमहला (आबिद हुसैन)। झालावाड़ जिले के चौमहला में बेरोजगारी के खिलाफ 21 दिसम्बर को जयपुर मे होने जा रहे मुख्यमंत्री आवास घेराव की तैयारी हेतु बैठक आयोजित की।यूथ कांग्रेस डग विधानसभा महासचिव नरेंद्र सिंह झाला के नेतृत्व में पोस्टर विमोचन किया गया।इस दौरान शिवलाल वर्मा,भव्य गुप्ता ,नरेंद्र सिंह, प्रधान सिंह बब्बर शेर,बालू दा मेहर, पप्पू मेहर, सुप्रीम जैन,अंकित सोलंकी,अंबू सिंह, मदन सिंह, ईश्वर लाल उपस्थित रहे।

एसओजी ने अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 508.67 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स जब्त कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। एटीएस-एसओजी एडीजी वीके सिंह ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाले तस्कर रिछपाल, हरीश और नंदकिशोर को फलोदी-बीकानेर रोड पर नाकाबंदी के दौरान बाप थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है और तीनों ही आरोपित देचू जिला फलौदी के रहने वाले हैं। एसओजी ने आरोपितों के पास से 508.67 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स सहित वारदात में इस्तेमाल स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त की है। टीम आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

चांगगेट पर टूटे नाले के फैरो ब्लॉक व टूटी पटरियों को ठीक नहीं कराया तो चांगगेट गांधी चौक व्यापार ऐसोसियेशन अपना विरोध प्रदर्शन करेगा

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)। चांगगेट पर पिछले कई समय से एक बड़े नाले पर आजतक फैरो ब्लॉक नहीं लगा है। इससे बीती रात एक युवक का पैर फिसल जाने से नाले में जा गिरा। इसके अतिरिक्त उदयपुर, भीम, देवगढ जाने वाले यात्रीयों का भी जमावड़ा लगा रहता है और लेकिन आज तक नगर परिषद के किसी भी कर्मचारी अथवा अधिकारियों ने जरा सी भी यह मशक्कत नहीं की कि इस पर फैरो ब्लॉक लगवा दे। हालांकि नगर परिषद के क्वार्टरों से निकलने वाले गंदे पानी के लिए तो एक नाला अलग से बन गया मगर इस पर फैरो ब्लॉक नहीं लग सका। जानकारी के अनुसार चांग गेट गांधी चौक व्यापार एसोसियेशन के मंत्री सम्पतलाल पडियार ने बताया कि गत दिनों ब्यावर के विधायक शंकरसिंह रावत व नगर परिषद के निर्वतमान सभापति नरेश कन्नोजिया का भव्य स्वागत किया था।

उसी वक्त निर्वतमान सभापति श्री कन्नोजिया ने अपने आप आगे होकर नालों पर फैरो ब्लॉक लगाने व दुकानों के आगे खोदी गई पटरी को पुन: ठीक कर उसे आगे तक बढाने का आश्वासन दिया था, जब यह कार्यवाही नहीं हुई तो सभी पदाधिकारियों ने एक आवाज में कहा कि केवल यह एक थोथा आश्वासन ही है। इसी तरह उपाध्यक्ष विष्णु धीमन, सचिव दिलीप बडगुर्जर ने बताया कि नगर परिषद को कई बार सूचना दी है। लेकिन कहीं ना कहीं केवल चांगगेट जैसी जगह पर पहले तो नेतागण अनदेखी करते रहे अब अधिकारीगण कर रहे हैं। चांगगेट गांधी चौक व्यापार एसोसियेशन ने नगर परिषद को पुन: स्मरण पत्र देकर उक्त नाले पर जल्दी से जल्दी फैरो ब्लॉक लगाने व दुकानों के सामने तोड़ी गई पटरी को ठीक करने की मांग की है। अन्यथा चांगगेट गांधी चौक व्यापार ऐसोसियेशन के तमाम दुकानदार अपना विरोध प्रदर्शन करेगें। और जिसकी तमाम जिम्मेदारी नगर परिषद की होगी।

बंशी वाला श्री श्याममंदिर विकास समिति की वार्षिक बैठक का हुआ आयोजन

श्याम भक्त 501 निशान भेट करेंगे तृतीय निशान यात्रा में

बढ़ता राजस्थान

झालरापाटन (नि.स.)। बंशीवाला श्री श्याम मंदिर विकास समिति द्वारा वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक बाबा श्याम की आरती व जयकारों के साथ शुरू हुई । सर्वप्रथम समिति के कोषाध्यक्ष ओम गुप्ता द्वारा वित्तीयवर्ष 2024 तक का आय व्यय, मासिक दानदाताओं से प्राप्त राशि, थाली की राशि, बस सेवा तथा नवनिर्माणधीन मंदिर के लिए प्राप्त राशि का हिसाब प्रस्तुत किया गया।

बैठक का संचालन कर रहे समिति के उपाध्यक्ष जुगराज सिंह झाला ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 10 जनवरी 2025 एकादशी को बाबा श्याम की विशाल तृतीय निशान यात्रा व नगर भर्मण की तैयारियों हेतु आयोजन किया है । समिति अध्यक्ष भूपेंद्र ने बताया निशान यात्रा को ऐतिहासिक व भव्य रूप देने था शहर में बाबा का स्वागत करने हेतु स्वागत द्वार लगाने, पुष्पवर्षा करने तथा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से

निशान यात्रा को भव्य बनाने हेतु आमजन से अपील की गई। निशान यात्रा में विदेशी फूलों से बाबा का आकर्षक श्रृंगार होगा जो कि मुख्य आकर्षण केंद्र रहेगा साथ ही 501 निशान, 15 ढोल, 2 बैंड बाजे यात्रा में साथ रहेंगे। झालरापाटन मे वृद्धाश्रम इंदौर रोड, पर बाबा श्याम का भव्य मंदिर निर्माण प्रगति पर है मंदिर निर्माण में सहयोग करने वाले शहर के दानदाताओं को बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर स्वागत 1 सम्मान किया गया व समिति ने आमजन से तन मन धन से सहयोग करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को गौ हितों कि रक्षा हेतु भेजा 15 सुत्रीय मांग पत्र

बढ़ता राजस्थान

झालावाड़ (नि.स.)। अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह पंवार द्वारा मंगलवार को डाक के माध्यम से प्रदेश सरकार राजस्थान को पत्र भेजकर लगातार बढ़ती गौ तस्करी, फर्जी तरीके से गौ रक्षक संगठनों से की जा रही गौ तस्करी में सांठ-गांठ तथा प्रदेश में गौवंश की दुर्दशा हेतु महत्त्वपूर्ण कदम उठाए जाने संदर्भ में पत्र लिखकर आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग की। जितेन्द्र सिंह ने बताया कि सभी प्रकार के गौसेवकों (गौशाला संचालक, गौ-तस्करी विरोधी कार्यकर्ता, और गौसेवक) का डेटा संग्रहण करके पहचान पत्र जारी करें ताकि उनकी पहचान और कार्यक्षमता का सही आकलन किया जा सके। सभी गौशालाओं को संगठन की सदस्यता प्रदान करें और उनका नियमित पंजीकरण सुनिश्चित करें ताकि इनकी जिम्मेदारियाँ और सुविधाएँ स्पष्ट रूप से निर्धारित की जा सकें। सभी गौशालाओं से मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक रिपोर्ट संकलित करें, ताकि गौशालाओं की स्थिति, सुविधाओं, और आवश्कताओं की सही जानकारी प्राप्त हो और कार्यवाही की जा सके।एक सक्रिय नेटवर्क तैयार करें, जहाँ ग्रामीण स्तर पर गौ-तस्करी की घटनाओं की रिपोर्ट तुरंत दर्ज हो सके, ताकि समय पर रोकथाम हो सके। इसके लिए स्थानीय स्वयंसेवकों को जागरूक और सक्रिय भूमिका दी जाए आदि मांगो को लेकर प्रदेश सरकार को आग्रह है निम्न प्रकार से सनातन धर्म संस्कृति सभ्यता कि रक्षा हो उस पर कार्य प्रारंभ करें। यह प्रस्ताव अधिक व्यावहारिक और कार्यान्वित करने योग्य है। इसे गाँव-गाँव और क्षेत्रीय स्तर पर लागू करने में अधिक सहयोग और भागीदारी मिलने की संभावना बढ़ेगी हम सभी गौ रक्षा संगठन प्रदेश सरकार से मांग करते हैं ।

संत मीरा बाई की 525 वीं जयंती पर होंगे विविध आयोजन

21 से 23 दिसंबर तक चित्तौड़गढ़ किले पर मीरा महोत्सव

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़,(नि.स.)। संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली, जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग के सहयोग से संत मीराबाई की 525वीं जयंती के उपलक्ष में 21 से 23 दिसंबर तक चित्तौड़गढ़ किले पर स्थित फतह प्रकाश महल प्रांगण में मीरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश विदेश के लोक कलाकार मीराबाई से संबंधित अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मीरा महोत्सव का उद्घाटन 21 दिसंबर को षाम 6 बजे केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के मुख्य आतिथ्य और संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष डॉक्टर संध्या पूरेचा की उपस्थिति में होगा। इस दिन दयाराम भांड, रमा शंकर, स्नेहा शंकर, पमेला जैन और सुमित्रा गुहा की प्रस्तुतियां होंगी। इसी क्रम में 22 दिसंबर को प्रात: 11 मीरा मंदिर चित्तौड़गढ़ में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। शाम को अनुज मिश्रा, शेखर सेन और लता सिंह मुंशी के कार्यक्रम होंगे। आखिरी दिन 23 दिसंबर को सुरेश वाडेकर, पंडित जयकिशन महाराज और के के रामचंद्र पुलावर मीराबाई से संबंधित प्रस्तुतियां देंगे।

आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन संपन्न

बढ़ता राजस्थान

चौमहला (आबिद हुसैन)। राज्य सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंगाधर पर आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें गंगधार सरपंच प्रतिनिधि कालू सिंह एवं पूर्व सरपंच राजेश नीमा द्वारा शिविर का रिबन काट कर शुभारंभ किया गया। डॉ विकास जैन के द्वारा दिये गए निदेशानुसार शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा अपनी सेवाएं दी गई। साथ ही आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक विभाग द्वारा भी अपनी सेवाएं दी गई। शिविर में कुल 516 मरीज को देखा गया एवं सभी मरीजों को बीपी शुगर एवं एच बी की जांच की गई। गर्भवती महिलाओं की एएनसी चेकअप एवं बच्चों के टीके लगाए गए ।आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को कार्ड वितरण किया गया एवं आभा आईडी बनाई गई । सभी मरीजों को निशुल्क जांच सुविधा उपलब्ध कराई गई एवं

निशुल्क दवाई वितरण किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा 113 मरीजों की जांच की एवं दंत रोग विशेषज्ञ द्वारा 89 मरीजों की जांच की साथ ही आयुर्वेदिक डॉक्टर द्वारा 212 मरीजों को उपचार किया गया एवं होम्योपैथिक डॉक्टर द्वारा 60 मरीजों को सेवाएं दी गई। इस दौरान शिविर में डॉक्टर हंसराज गुर्जर,डॉ रजत सैनी, डॉक्टर प्रभाकर वैष्णव एवं ब्लॉक स्तर से धीरज जैन , दिनेश कुमार,राजेन्द्र कुमार, संतोष कुमार ,दिलीप सिंह ,जानकी देवी,शेरू बाइ,गरिमा चौहान विद्या राठौर विक्रम सिंह मुकेश वर्मा आशीष डायमा आबिद बेग विजय सोनी समस्त आशा एएनएम सीएचओ एवं पीएच सी के समस्त कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि दिलीप मोरी विक्की मिश्रा हीरालाल बंसीलाल जी राठौर हरिलाल राठौर उपस्थित रहे ।

विद्युत विभाग ने यदि नीजिकरण करने की कौशिश की तो कर्मचारी संघ कतई बर्दाश्त नहीं करेगा : गुर्जर

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)। राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन की एक बैठक औंकारेश्वर गार्डन में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष पृथ्वीराज गुर्जर, प्रदेश प्रवक्ता अतीश मीणा आदि कई कर्मचारी नेता उपस्थित थे। बैठक में ब्यावर जिले की नवगठीत कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष पद पर राहुल सांखला, जिला संरक्षक पद पर भारत, महामंत्री भूपेन्द्र, जिला सचिव लोकेश कुमावत, उपाध्यक्ष पद ललित, अजरुद्दीन, कोषाध्यक्ष

हितेन्द्र, संगठन मंत्री सल्लु खां, प्रचार मंत्री अशोक मीणा, जिला मीडिया प्रभारी महीपाल गहलोत, जिला प्रवक्ता राजु काठात, जिला सह सचिव मुकेश मेघवाल, जिला उपाध्यक्ष सुमेरसिंह, जिला संगठन मंत्री भरत यादव आदि चुने गये। प्रदेशाध्यक्ष पृथ्वीराज गुर्जर ने बताया कि राज्य सरकार डिस्कॉम को ठेके पर देकर कर्मचारियों के साथ कुठाराघात कर रही है। उन्होने बताया कि डिस्कॉम के ठेके पर जाने से अधिकांश कर्मचारियों की छुट्टी हो जायेगी। उन्होने कहा कि यदि निजीकरण करने की कौशिश की गई तो अभी तो केवल प्रदर्शन आदि किये गये हैं, बाद में पूरे प्रदेश में एक साथ तकनीकि कर्मचारी संघ अपने स्तर पर ही लड़ाई लडेगा। उन्होने यह भी बताया कि सरकार ने ओपीएस लागू कर दिया मगर शुरु नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त एक डिस्कॉम से दूसरे डिस्कॉम में स्थानान्तरण नीति पर भी विरोध जताते हुए कहा कि एक डिस्कॉम से दूसरे डिस्कॉम में स्थानान्तरण होने चाहिए ताकि कर्मचारियों को इसका लाभ मिल सके।

श्री मीरा मेवाड़ खालसा महाकुंभ प्रयागराज की कपासन में बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। नगर में स्थित श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर परिसर में मंगलवार को चेतनदास महाराज सांवलिया धाम आश्रम मुंगाना के सानिध्य में आयोजित प्रयागराज महाकुंभ गंगा यमुना सरस्वती के पावन संगम पर श्री मीरा मेवाड़ खालसा की ओर से कपासन नगर के समस्त सनातनी भक्तो को अनुजदास महाराज सांवलिया धाम आश्रम मूंगाना द्वारा भाव भरा निमंत्रण दिया गया। साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत बैठक का समापन किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ता का जयपुर में राजभवन तक मार्च कार्यक्रम आज

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़,(नि.स.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बुधवार 18 दिसंबर को प्रात: 11 बजे जयपुर के राजभवन तक पैदल मार्च किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी, सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, नगर निकाय के चेयरमैन, जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, मंडल कांग्रेस के पदाधिकारी, पंचायत राज के जनप्रतिनिधि, नगर निकाय के जनप्रतिनिधि, अग्रिम संगठन, प्रकोष्ट एवं विभागों के पदाधिकारी एवं जिले के समस्त कांग्रेस कार्यकर्तायो को आमंत्रित किया गया है राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जिले के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि आवश्यक रूप से 18 दिसंबर को प्रात: 11 बजे जयपुर स्थित शहीद स्मारक, गवर्नमेंट हॉस्टल के पास पहुंचे। इसमें चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी के नेतृत्व में जिले से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव महेंद्र शर्मा ने बताया कि उद्योगपति गौतम अडानी और उनके सहयोगियों पर अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों में भ्रष्टाचारी, धोखाधड़ी पर्दाफाश किया है जो भारतीय व्यापार और वित्त की प्रतिष्ठा को धूमिल करते हुए यह घटना भारत के कॉर्पोरेट गवर्नमेंट और नियामक निगरानी के संबंध में गंभीर चिंता उत्पन्न करती है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के बीच विश्वास चिंताजनक है, पूंजी के संभावित पलायन से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और समग्र विकास बाधित हो सकता है। प्रधानमंत्री ने अभी तक मणिपुर का दौरा नहीं किया जबकि पूरी तरह से अयोग्य मुख्यमंत्री अभी सत्ता पर काबिज है जिससे इस गंभीर स्थिति के प्रति केंद्र सरकार की उदासीनता का पता चलता है। जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव महेंद्र शर्मा ने बताया कि इन गंभीर मुद्दों को लेकर उक्त कार्यक्रम में भाग लेने हेतु जयपुर स्थित शहीद स्मारक, गवर्नमेंट हॉस्टल के पास जिले के कार्यकर्ता एकत्रित होकर राजभवन के घेराव मार्च में शामिल होंगे।

55 जब्त वाहनों को नीलाम करने की तैयारी

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़,(नि.स.)। वाणिज्यिक कर विभाग में जीएसटी पंजीकृत फर्मों, व्यक्तियों हेतु चित्तौड़गढ़ जिले के विभिन्न पुलिस थानों में एनडीपीएस एक्ट 1985 में जब्तशुदा 55 वाहनों को माननीय न्यायालय द्वारा धारा 52ए (2) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही के बाद सक्षम अधिकारियों की उपस्थिति में 27 दिसम्बर को प्रात: 10.30 बजे नीलामी थाना बेगूं पर नीलाम कर विक्रय किया जाएगा। उक्त नीलामी निर्धारित कमेटी द्वारा की जाएगी। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि वाहन की नीलामी से संबंधित पूर्ण शर्तें एवं वाहनों की सूची विभागीय पर उपलब्ध हैं एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय पुलिस अधीक्षक चित्तौड़गढ़ व थाना बस्सी, निकुम्भ, मदेसर, जावदा, कोतवाली चित्तौड़गढ़, मंगलवाड, सदर निम्बाहेडा, चन्देरिया, कपासन, कोतवाली निम्बाहेड़ा, बेगूं, भैंसरोडगढ, राशमी, सदर चित्तौडगढ, कनेरा व बिजयपुर में देखी जा सकती हैं। उक्त थानों पर नीलामी योग्य वाहन जहां खड़े हुए हैं, जैसी स्थिति में हैं, देखे जा सकते हैं को नीलाम किया जाएगा।

रायसेन द इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-नेतृत्व प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन हुआ

बढ़ता राजस्थान

देवली (गोविंद सिंह सेठी)। यहां निकटवर्ती ऊंचा ग्राम में स्थित रायसेन द इंटरनेशनल स्कूल ने एक छात्र-नेतृत्व प्रदर्शनी का आयोजन किया । जिसमें स्कूल के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन मॉडल तैयार कर कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि एवं अभिभावकों के बीच प्रदर्शनी लगाकर दिखाया है। स्कूल के डायरेक्टर ने जानकारी बताया कि इस आयोजन में विज्ञान, तकनीक और कला से जुड़े अनोखे प्रोजेक्ट्स छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए हैं। जिन्हें देख कर उपस्थित अभिभावकों शिक्षकों और अतिथियों से छात्रों को खूब सराहना मिली है। कार्यक्रम में यह भी बताया कि यह प्रदर्शनी स्कूल के अनुभवात्मक शिक्षा और नवाचार को प्रोत्साहित करने के दृष्टिकोण को उजागर करती है। यह सभी के लिए एक प्रेरणादायक और यादगार आयोजन रहा है।

प्रधानमंत्री की सभा मे शामिल हुए निवाई पीपलू क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। विधायक रामसहाय वर्मा के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता बसों द्वारा जयपुर के गांव दादिया में आयोजित प्रधानमंत्री की सभा मे शामिल हुए। विधायक रामसहाय वर्मा ने बताया कि निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र के 6 मंडल के हजारों कार्यकर्ता जनसभा में शामिल होने के लिए रवाना हुए। विधायक वर्मा ने सभी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईआरसीपी योजना का विधिवत्त शुभारंभ करेंगे। इस योजना से लाखों किसानों को लाभ मिलेगा। योजना के तहत टोंक जिले के सभी किसानों को भी सिंचाई करने के लिए पानी की पूर्ति होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 1 वर्ष में कई जन कल्यायोजनाएं लागू करके कई नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जयपुर आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह बना हुआ है।

श्रीजी फोटोग्राफर एसोसिएशन ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन, मृतक साथी के परिवार को आर्थिक मदद की रखी मांग

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (नि.स.)। नाथद्वारा के श्रीजी फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा फोटोग्राफर जीतेन्द्र कुमावत की एनएचएआई के अधिकारियो की लापरवाही से सड़क दुर्घटना में हुई मौत को लेकर मुआवजा दिलाये जाने की मांग वाला मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, स्थानीय सांसद व विधायक के नाम का ज्ञापन उपखंड अधिकारी को दिया । एसोसिएशन मीडिया प्रभारी कालूलाल ने बताया कि जीतेन्द्र कुमार जो अपनी मोटर साइकल से गुंजोल से नाथद्वारा की तरफ से आ रहा था लेकिन लाल बाग के यहाँ निर्माणाधीन पुल पर गलत रूप से बनाए वन वे ओर अपर्याप्त लाईट की व्यवस्था के चलते सड़क दुर्घटना हो गयी व जीतेन्द्र का असामयिक स्वर्गवास हो गया, जीतेन्द्र की मृत्यु से परिवार वालों को गम्भीर क्षति हुई है, जिसमे नेशनल हाइवे ऑथोरिटी व ठेकेदार की घोर लापरवाही है । इसलिए एसोसिएशन की मांग है कि जीतेन्द्र कुमावत के परिवार वालों को मुआवजे के रूप में एनएचएआई से पचास लाख रुपये का मुआवजा त्वरित रूप से दिलाया जावे व उक्त दुर्घटना की त्वरित जाँच करवाई जाकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी क़ानूनी कार्यवाही करवाई जाने का आदेश फ़रमाया जावे ।इस दौरान अध्यक्ष यशवंत कुमार साहू, दीनेश लोहार, जीतेंद्र, धनश्याम कुमावत, महेश पालीवाल, प्रमोद कुमार, राकेश चारण, दीपक कुमावत लीलाधर, संदीप कुमावत, लोकेश व मोहन माली सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

संयुक्त निदेशक बीकानेर ने शहर में दो विद्यालयों का किया अवलोकन

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। संयुक्त निदेशक बीकानेर ने मंगलवार को निवाई के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय कानूनगो विद्यालय का औचक अवलोकन किया। प्राचार्या देवेंद्रपाल सिंह ने बताया कि बीकानेर शिक्षा निदेशालय के टोंक प्रभारी रविंद्रकुमार तोमर संयुक्त निदेशक ने पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई का औचक निरीक्षण में विद्यालय में चल रही राज्य स्तरीय अर्द्ध वार्षिक परीक्षा का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण में विद्यालय के पोषाहार और शैक्षिक स्तर की भी जांच की गई। इसमें कक्षा 5 के छात्र हिमांशु कुशवाहा सहित अन्य छात्रों से बात करके शैक्षिक स्तर को जांचा। जिसमें बच्चों ने ठीक से जवाब दिए। बच्चों के स्तर को जांच कर संयुक्त निदेशक ने मौके पर ही बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया और संबंधित विषय अध्यापक पूजा बंसल की प्रशंसा कर अन्य सुधारात्मक निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर विद्यालय की ईसीटी लेबए व्यवसायिक शिक्षा लेब कार्यालय ए आदि का निरीक्षण कर विद्यालय के अन्य प्रभार का अवलोकन कर निर्देश प्रदान किए। विभागीय निर्देशानुसार ऑनलाइन अवलोकन किया। इसी के साथ यूसीईईओ निवाई की राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय कानूनगो का भी निरीक्षण कर विद्यालय की सभी गतिविधियों का निरीक्षण किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने दी क्षैत्र व प्रदेशवासियो को बड़ी सौगाते

ईआरसीपी योजना होगी विकास की दृष्टि से मील का पत्थर जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के अथक प्रयासो का फल मिला

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। राज्य सरकार के प्रथम वर्षगांठ के मौके पर आयोजित विशाल एवं भव्य कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री यशस्वी नरेन्द्र मोदी ने क्षैत्र व प्रदेश के विकास की दृष्टि से शामिल ईआरसीपी सहित कई योजनाओं की सौगाते दी। वर्ष 2023 में विधानसभा चुनावो के बाद 17 दिसम्बर 2024 को वर्तमान भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदेश की सत्ता संभाली। इसी के चलते मंगलवार को प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर जयपुर में विशाल एवं भव्य प्रथम वर्षगांठ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में मोदी ने गुजरात की साबरमती नदी का उदाहरण देते हुए बताया कि कभी साबरमती नदी में बच्चे फुटबाल व

क्रिकेट खेलते थे। लेकिन उन्होंने जब से साबरमती नदी को नर्मदा मैया से जोड़ा हैं तब से साबरमती नदी में हमेशा पानी बहता रहता है।

ठीक इसी तरह अब प्रदेश के 17 जिलो को पीने व सिंचाई पानी देने के लिए ईआरसीपी योजना का दो सरकारो के मध्य समझोता कर इस बहुप्रतिक्षित योजना का शिलान्यास कर दिया गया है। इस योजना के पूरा होने के बाद प्रदेश की कई मौसमी नदियो में बारह महीने पानी बहेगा। जिससे प्रदेश का अधिकतर हिस्सा सरसब्ज होगा, खेतो में उत्पादन बढ़ेगा तो किसानो की आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। किसान मजबूत होगा तो प्रदेश स्वत: ही विकास के शिखर पर पहुंच जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना को पूरा करने के लिए 90 प्रतिशत व्यय केन्द्र सरकार करेगी। इसलिए यह योजना शीध्र शुरू होकर पूरी भी जल्दी होगी।

जलदाय मंत्री का रहा पूरा प्रयास

प्रदेश में ईआरसीपी योजना को लेकर मालपुरा टोडारायसिंह के विधायक व प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी पिछले छ सालो से काफी प्रयासरत थे। लेकिन गत पांच वर्ष की अवधि में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के चलते ईआरसीपी योजना का सपना पूरा नहीं हो सका। लेकिन जैसे ही प्रदेश में भाजपा की सरकार आई और चौधरी जलदाय मंत्री बनते ही ईआरसीपी योजना को लेकर अधिक गंभीर होकर प्रयास करने लगे। चौधरी के अथक प्रयासो के चलते ही मंगलवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश व प्रदेशवासियो, किसानो के विकास की दृष्टि मील का पत्थर साबित होने वाली ईआरसीपी की सौगात दी है। इस योजना के बाद क्षैत्रवासियो सहित सम्पूर्ण प्रदेशवासियो में भारी खुशी है। साथ ही प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी भी पूरी तरह से संतुष्ट नजर आ रहे हैं।

हजारो की संख्या में भाजपाई पहुंचे जयपुर

प्रदेश सरकार के सालाना कार्यक्रम के बने गवाह

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के हजारो भाजपाई मंगलवार को जयपुर पहुंच कर प्रदेश के सरकार के एक वर्ष के सालाना कार्यक्रम में भाग लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सुना और दी सौगातो पर हर्ष प्रकट किया।

प्रदेश सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने की खुशी में प्रदेश की राजधानी जयपुर में विशाल एवं भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रदेश के सभी हिस्सो से आम जन पहुंच कर प्रधानमंत्री मोदी को ध्यान से सुना और दी गई सौगातो पर हर्ष प्रकट किया।

इसी क्रम में मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के शहरी व ग्रामीण क्षैत्रो के भाजपाई सहित प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी बसो से जयपुर पहुंचे। जहां प्रथम प्रथम वर्षगांठ कार्यक्रम में भाग लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ध्यान से सुना। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा क्षैत्र व प्रदेश के विकास के लिए दी गई सौगातो पर जमकर नारेबाजी कर हर्ष प्रकट किया।

हजारों की संख्या में पीएम को सुनने जयपुर गए भाजपा कार्यकर्ता और लाभार्थी

बढ़ता राजस्थान

गंगापुरसिटी (अब्दुल माहिर)। राज्य में भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को जयपुर पहुंचे। जहां उन्होंने राज्य स्तरीय समारोह में विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस दौरान एक सभा मे राज्य की जनता को संबोधित कर कई सौगात भी दी। मोदी को सुनने के लिए जिले से हजारों कार्यकर्ता और सरकारी योजनाओं के लाभार्थी भी जयपुर पहुंचे। लाभार्थियों को जयपुर ले जाने के लिए स्थानीय जिला प्रशाशन की ओर से वाहनों की व्यवस्था की गई। साथ ही इन वाहनों में एक-एक सरकारी कर्मचारी को नोडल अधिकारी बनाकर लाभार्थियों के साथ भेजा गया। प्रशाशन की ओर

से इनके खाने-पानी की व्यवस्था भी की गई।

कार्यकर्ता भी पहुंचे : पीएम को सुनने के लिए मंगलवार को जिले भर से पार्टी कार्यकर्ता भी पहुंचे। सुबह 7 बजे पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के आवास से कार्यकर्ताओ के वाहनों को रवाना किया गया। बसों के अलावा जीप व कारों से भी कार्यकर्ता जयपुर रवाना हुए। इसके अलावा वजीरपुर, बामनवास, नादौती, गुढ़ा चन्द्रजी आदि इलाकों से भी भारी संख्या में कार्यकर्ता गए।

बसे सरकरी सभा में, यात्री हुए परेशान : गंगापुरसिटी जिले से मंगलवार को बड़ी संख्या में विभिन्न रूटों पर चलने वाली यात्री बसों को लाभार्थियों को लेकर जयपुर भेज दिया गया। ऐसे में दिनभर यात्री परेशान होते रहे। हालांकि कई रूटों पर अन्य दिनों की तरह यात्री बस चलती नजर आई।

जगह-जगह लाइव प्रसारण : जिला मुख्यालय पर एक रिसोर्ट में पीएम के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी जयपुर में आयोजित सरकार के एक वर्ष की विकास प्रदर्शनी और प्रधानमंत्री की सभा का लाइव प्रसारण किया गया।

24 श्रेणी पालीवाल सेवा समिति के बद्रीलाल बने समाज के अध्यक्ष

एक वोट से बने विजेता, चुनाव के प्रति लोगों का उत्साह झलका, दुबारा हुई मतगणना

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। चारभुजा 24 श्रेणी पालीवाल सेवा समिति के चुनाव रविवार को 24 श्रेणी पालीवाल समाज की धर्मशाला फरारा में हुए। इस चुनाव में पहली बार समाजनो ने उत्साह से भाग लेकर चुनाव के माहौल को आकर्षक बना दिया। 24 श्रेणी पालीवाल सेवा समिति के चुनाव अधिकारी देवीलाल पालीवाल ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों ने फॉर्म भरे। जिसमें बद्रीलाल पालीवाल को मिले 109 मत, कैलाश पालीवाल को मिले 108 मत, छगनलाल पालीवाल को मिले 91 मत। एक वोट से बद्री लाल पालीवाल निवासी केलवा अध्यक्ष घोषित किए गए। मंत्री भगवती लाल पालीवाल धर्मेटा, कोषाध्यक्ष बसंत कुमार पालीवाल चारभुजा, संगठन मंत्री पद पर प्रकाश चंद्र पालीवाल पर्वत खेड़ी, उपाध्यक्ष पद पर ऊकारलाल जोशी ऊकलियो का खेडा, विजय घोषित हुए। वही 6 सदस्यों के चुनाव में चंद्रकांत पालीवाल, जानकी लाल व्यास, दुर्गेश

पालीवाल, सत्यनारायण पालीवाल व कालूराम जोशी, सुरेश चंद्र पालीवाल विजय घोषित किए गए। इस चुनाव में 52 गांवो के 310 मतदाताओं में से 309 ने मतों का उपयोग किया। पहली बार इस तरह की मतगणना में समाज के लोगों ने जागरूकता से चुनाव में भाग लेकर समाज के विकास के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया। चुनाव अधिकारी देवीलाल पालीवाल द्वारा कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई तथा विजय प्रत्याशियों को समाज की ओर से मेवाड़ी पगड़ी, दुपट्टा से सम्मानित किया गया। समाज के पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल पालीवाल 20 वर्षों से इस पद पर कार्यरत थे। उन्होंने समाज के नवयुवकों को प्रोत्साहन देने के लिए अपने पद का त्याग किया। तथा चुनाव प्रक्रिया से हट गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष बद्रीलाल पालीवाल ने समाज को संबोधन में कहा कि वह समाज के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा, खेल ,रोजगार राजनीतिक सहित अन्य सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को संचालित करेंगे। उन्होंने सामाजिक उत्थान का संकल्प लिया। इस चुनाव प्रक्रिया में सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में विजय कुमार, संजय, गिरिराज, भरत कुमार गणेश लाल, नारायण लाल, केसूलाल पालीवाल ने विशेष सहयोग किया। चुनाव के समय पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल पालीवाल, पूर्व अध्यक्ष रामनारायण पालीवाल, लक्ष्मी नारायण पालीवाल, उदय लाल पालीवाल नारायण लाल पालीवाल व समाज जन मौजूद थे। संचालन राजेश कुमार पालीवाल ने किया।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रजवास में निःशुल्क साइकिल का किया वितरण

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रजवास में मंगलवार को राज्य सरकार की निशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत 35 छात्राओं को साइकिल वितरण की गई साइकिल वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि भगवान सहाय चौधरी और भाजपा नेता सूरज चौधरी रहे उप प्रधानाचार्य किशोर कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय को 35 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण की गई द्य इस अवसर पर अतिथियों ने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने और अपना एवं अपने परिवार व गांव का नाम रोशन करने का आग्रह किया । उन्होंने कहा कि आज छात्राएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और आपको भी अपना लक्ष्य तय करके आगे बढ़ना है द्य इस अवसर पर प्रियंका गुर्जर, सुनीता वर्मा,राजन्ति मीणा,श्रवण लाल जाट, प्रेम प्रकाश शर्मा, मोहनलाल निराला, सोहनलाल वर्मा, गजानंद शर्मा, राजेश सोनी प्रहलाद चौधरी, रवि वर्मा,बाबूलाल जैन,सुमन जैन सहित विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित थे ।

बहड के राजकीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने परीक्षा यज्ञ में दी आहुतियां

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बहड में प्रधानाध्यापक कंचन देवी वर्मा के सानिध्य में परीक्षा यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने यज्ञवेदी में आहुतियां दी। प्रधानाध्यापक कंचन देवी वर्मा ने बताया कि अर्दवार्षिक परीक्षा में अच्छे परिणाम व वातावरण की शुद्धता के लिए सीमा फगेडिया के मंत्रोचार के साथ यज्ञ कुण्ड में बालकों ने आहुतियां दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर बालकों ने स्वयं अगरबती, घी, धूप, प्रसाद सहित यज्ञ सामग्री एकत्रित की।

जिला कलक्टर ने मोही में किया मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का अवलोकन

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना से जोड़ने के लिये किया आव्हान

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (नि.स.)। जिला कलक्टर बाल मुकुंद असावा ने राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के तहत मोही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित शिविर का निरीक्षण किया तथा वहां आमजन को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने आशा सहयोगिनीयों से आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत ईकेवाईसी कार्य एवं कार्ड वितरण के कार्य का अवलोकन किया तथा उन्हे शिविर में शत प्रतिशत

ईकेवाईसी एवं कार्ड वितरण करने के लिये निर्देशित किया। उन्होने वहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अलावा शेष लोगो को प्रेरीत कर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना से जोड़ने के लिये आव्हान किया जिससे लोगो का उपचार सरकारी एवं प्राईवेट चिकित्सा संस्थानो में बिल्कुल कैशलेस हो सके तथा योजना से लाभान्वित हो सके। सीएमएचओ डॉ हेमन्त बिन्दल ने शिविर के दौरान विभाग द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी तथा शिविर का अवलोकन करवाया। जिला कलक्टर ने शिविर में नैत्र चिकित्सक एवं दन्त चिकित्सक को शिविर के साथ ही नजदीकी स्कूल में जाकर बच्चो की हैल्थ स्क्रीनिंग के लिये निर्देशित किया जिससे बच्चो में दन्त एवं नजर से सम्बन्धित बिमारीयों की पहचान की जा सके तथा समय पर उनका उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

जिला कलक्टर ने बनवाई आभा आईडी : जिला कलक्टर बाल मुकुंद असावा ने मोही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर में स्वयं का आधार कार्ड देकर आभा आईडी बनवाई तथा आमजन में आभा आईडी बनाने की आवश्यकता को लेकर संदेश दिया। आभा आईडी एक हैल्थ आईडी कार्ड जिसके जरिए भारतीय नागरिको की स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी एक ही जगह पर इकट्ठी होती है। आभा कार्ड में 14 अंको का एक युनिक नम्बर होता है। इस नम्बर की मदद से आप अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से सेव कर सकते है और उसका इस्तेमाल कर सकते है।

मोही पीएचसी भवन का किया निरीक्षण : जिला कलक्टर बाल मुकुंद असावा ने मोही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा अधिकारी कक्ष, दवा वितरण केन्द्र, प्रसव कक्ष एवं जांच प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया तथा चिकित्सा संस्थान में साफ - सफाई को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिये।

भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट- इंडिया ने फॉलोऑन बचाया

पहली पारी में स्कोर 252/9; बुमराह-आकाश की जोड़ी नाबाद लौटी

ब्रिस्बेन। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में खुद को फॉलोऑन खेलने से बचा लिया है। द गाबा स्टेडियम में चल रहे मुकाबले में भारतीय टीम 193 रन से पीछे है। मंगलवार को मुकाबले के चौथे दिन स्टंप्स तक इंडिया ने 9 विकेट पर 252 रन बना लिए हैं। आकाश दीप 27 और जसप्रीत बुमराह 10 रन पर नाबाद लौटे। एक समय टीम ने 213 रन पर 9वां विकेट गंवा दिया था। रवींद्र जडेजा 77 रन बनाकर आउट हुए। यहां से भारत को फॉलोऑन बचाने के लिए 33 रनों की जरूरत थी। ऐसे में आकाश दीप और जसप्रीत बुमराह ने संयम से बल्लेबाजी की। भारतीय टीम ने 51/4 के स्कोर से दिन की शुरुआत की। केएल राहुल ने 33 रन से पारी को आगे बढ़ाया और 84 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस ने 4 विकेट झटके, जबकि मिचेल स्टार्क को 3 विकेट मिले। एक-एक विकेट नाथन लॉयन और जोश हेजलवुड को मिले। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए। टीम इंडिया ने शनिवार को टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी थी।

फॉलोऑन बचने पर खुशी से झूम उठे कोहली-रोहित और गंभीर : आकाश के सिक्स से हैरान विराट; स्मिथ ने एक हाथ से कैच लपका

गाबा।

जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप की आखिरी जोड़ी ने भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन में चल रहे तीसरे टेस्ट में फॉलोऑन से बचा लिया। इन दोनों ने आखिरी विकेट के लिए 39 की पार्टनरशिप कर दी है। आकाशदीप ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर चौका लगातार फॉलोऑन टाला। इसके बाद उन्होंने कमिंस की ही गेंद पर छक्का भी जमाया। इन दोनों शॉट पर भारतीय ड्रेसिंग रूम का रिएक्शन देखने लायक था। कोच गौतम गंभीर, विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा खुशी से झूम उठे।

75वें ओवर में 2 मोमेंट देखने को मिले

फॉलोऑन से बचने पर कोहली, रोहित और गंभीर ने हाईफाई सेलिब्रेशन किया भारतीय पारी का 75वां ओवर कप्तान कमिंस लेकर आए। इस ओवर से पहले भारत को फॉलोऑन बचाने के लिए मात्र 4 रन की जरूरत थी। कमिंस की दूसरी ही बॉल पर आकाश दीप ने कट शॉट खेलकर गली की दिशा में चौका लगा दिया। इस चौके के बाद ड्रेसिंग रुम में मौजूद भारतीय कोच गौतम गंभीर और विराट कोहली के खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

अंकित राजपूत ने क्रिकेट से लिया संन्यास

फैसले के पीछे की वजह नहीं बताई, विजय हजारे ट्राफी में स्टैण्ड बाई में रखे गए

कानपुर। उत्तर प्रदेश के तेज गेंदबाज अंकित राजपूत ने सोमवार को अचानक से क्रिकेट की दुनिया से अलविदा कह दिया। उन्होंने ये फैसला किस कारण लिया ये तो उन्होंने नहीं बताया। मगर माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन का ओर से सोमवार को घोषित हुई विजय हजारे ट्राफी की टीम में अंकित को स्टैण्ड बाई में रखा गया है।

अंकित यूपी के सीनियर खिलाड़ी है

[illegible] के इस फैसले से अंकित को काफी आहत पहुंची हैं, हालांकि उन्होंने इस पर कोई भी टिप्पणी नहीं की है। उन्होंने कहा है कि संन्यास लेने का ये मेरा निजी फैसला है। अंकित ने अपने संन्यास की घोषणा एक्स पर की है। इसमें उन्होंने उन सभी को धन्यवाद दिया है, जिन्होंने क्रिकेट के उनके सफर में योगदान दिया।

आईपीएल में भी कई टीमों में रह चुके हैं

कानपुर के रहने वाले अंकित राजपूत ने इंडिया-ए के अलावा आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपरकिंग्स, किंग्स इलेवन पंजाब, कोलकाता नाइटराइडर्स, लखनऊ सुपरजायंट्स टीम के भी सदस्य रह चुके हैं। इसके अलावा यूपी टी-20 लीग में वो कानपुर टीम के सदस्य थे। उन्होंने कई वर्षों तक उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व किया है। वह यूपी रणजी टीम के कप्तान भी रह चुके हैं। अंकित ने अपने करियर में 80 फर्स्ट क्लास मैचों में 248, 50 लिस्ट ए मैचों में 71 तथा 87 टी-20 मैचों में 105 विकेट लिए हैं।

बिना ट्रायल के शामिल हुआ खिलाड़ी

सूत्रों की माने तो विजय हजारे ट्रॉफी के लिए जिस टीम की घोषणा हुई है। उसमें एक खिलाड़ी ऐसा भी है, जो बिना यूपीसीए के रजिस्ट्रेशन से खेला है। इसके अलावा वह ट्रायल में भी नहीं शामिल हुए।

वेस्टइंडीज विमेंस ने भारत को 9 विकेट से हराया

दूसरे टी-20 में हैली मैथ्यूज ने 85 रन बनाए, मंधाना की फिफ्टी; सीरीज 1-1 से बराबर

वेस्टइंडीज विमेंस टीम ने इंडिया विमेंस को दूसरे टी-20 में 9 विकेट से हरा दिया। नवी मुंबई के डीवाय पाटिल स्टेडियम में टीम ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। भारत ने 9 विकेट खोकर 159 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 1 ही विकेट के नुकसान पर 15.4 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज से कप्तान हैली मैथ्यूज ने 47 बॉल पर 85 रन बनाए। इस प्रदर्शन के लिए वह प्लेयर ऑफ द मैच बनीं। भारत से स्मृति मंधाना ने 62 रन की पारी खेली। दूसरे टी-20 के नतीजे के बाद 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई। भारत ने पहला मैच 49 रन से जीता था। तीसरा मैच 19 दिसंबर को नवी मुंबई में ही होगा।

भारत की शुरुआत खराब : मंगलवार को टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी इंडिया विमेंस की शुरुआत खराब रही। उमा छेत्री 4, जेमिमा रोड्रिग्ज 13 और राघवी बिष्ट 5 ही रन बनाकर आउट हो गईं। मंधाना एक एंड पर टिक गईं, उन्होंने दीप्ति शर्मा के साथ 56 रन की पार्टनरशिप की।

4 बॉलर्स को 2-2 विकेट मिले : मंधाना 62 रन बनाकर आउट हुईं, उनके बाद दीप्ति भी 17 ही रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। ऋचा घोष ने 32 रन बनाकर स्कोर 159 तक पहुंचा दिया। बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सकीं। वेस्टइंडीज से शिनेले हेनरी, डिएंड्रा डॉटिन, हैली मैथ्यूज और एफी फ्लेचर ने 2-2 विकेट लिए। करिश्मा रामहरक और अश्मिनी मुनिसार कोई विकेट नहीं ले सकीं।

वेस्टइंडीज की विस्फोटक शुरुआत : 160 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज को दोनों ओपनर्स ने विस्फोटक शुरुआत दिलाई। किआना जोसेफ ने महज 22 गेंद पर 38 रन बना दिए। उनकी पारी में 6 चौके और 2 छक्के शामिल रहे।

वह 7वें ओवर में आउट हुईं। 68 रन पर पहला विकेट गिरने के बाद शेमाइन कैम्पबेल ने संभलकर पारी आगे बढ़ाई। दूसरे एंड पर मैथ्यूज ने बाउंड्री लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने 17 चौके लगाकर 85 रन बनाए और टीम को 16वें ओवर में ही जीत दिला दी। कैम्पबेल 29 रन बनाकर नॉटआउट रहीं।

हेजलवुड सीरीज से बाहर हो सकते हैं

काफ इंजरी की शिकायत; भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में केवल 6 ओवर ही फेंक सके

नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं। वे तीसरे मैच के दौरान चोटिल हो गए। हेजलवुड को काफ इंजरी हुई है।

उन्हें भारत के खिलाफ चौथे दिन वार्मअप के दौरान दाएं काफ (पिंडली) में चोट लग गई। हेजलवुड चौथे दिन ब्रिस्बेन टेस्ट में केवल एक ओवर ही फेंक सके और मैदान से बाहर चले गए।

उसके बाद उन्हें स्कैन के लिए जाना पड़ा। स्कैन से पुष्टि हुई कि उनके दाएं पिंडली में खिंचाव है। ऐसे में उनके सीरीज के बाकी मैचों से बाहर होने की संभावना है।

चोट से ही वापसी कर रहे थे हेजलवुड 33 साल के हेजलवुड ब्रिस्बेन टेस्ट में चोट से रिकवर करने के बाद वापसी कर रहे थे। पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट के बाद साइड स्ट्रेन के चलते दूसरे टेस्ट से जोश हेजलवुड बाहर हो गए थे। उनकी जगह एडिलेड टेस्ट में स्कॉट बोलैंड को टीम में शामिल किया गया था। जैसे ही ब्रिस्बेन टेस्ट के लिए हेजलवुड फिट हुए, बौलेंड प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया गया।

एक-एक की बराबरी पर सीरीज 5 मैचों की टेस्ट सीरीज एक-एक की बराबरी पर है। भारतीय टीम ने पर्थ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से जीता था और सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। फिर ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड टेस्ट को 10 विकेट से जीतकर सीरीज में वापसी की।

हेजलवुड गूगल पर ट्रेंड कर रहे ऑस्ट्रेलियाई पेसर जोश हेजलवुड ने गाबा टेस्ट के चौथे दिन महज केवल एक ओवर ही डाल सके। इंजरी की वजह से वह सीरीज से भी बाहर हो सकते हैं। हेजलवुड को इसी वजह से लोग गूगल पर सर्च कर रहें हैं।

कमेंटेटर ने बुमराह को बंदर कहा, फिर माफी मांगी

इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर और फॉक्स स्पोर्ट्स की कमेंटेटर ईसा गुहा ने जसप्रीत बुमराह से नस्लीय टिप्पणी के लिए माफी मांगी है। ईसा ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के गाबा टेस्ट के दूसरे दिन रविवार, 15 दिसंबर को कमेंट्री के दौरान बुमराह के लिए प्राइमेट शब्द का इस्तेमाल किया था। प्राइमेट का एक अर्थ बंदर भी होता है। इसके बाद मामला तूल पकड़ने लगा तो ईसा ने बुमराह से माफी मांग ली।

गावस्कर ने कोहली को सचिन की पारी याद दिलाई

बोले- अपने हीरो को याद करें; तेंदुलकर ने बिना कवर ड्राइव खेले 241 रन बनाए थे

नई दिल्ली

पूर्व भारतीय खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने विराट कोहली को सचिन की सिडनी में खेली गई 241* रन की पारी को याद करने को कहा है। कोहली गाबा टेस्ट के तीसरे दिन 3 रन बनाकर कवर ड्राइव खेलते हुए आउट हुए थे। कुछ ऐसा ही वाकया 2003-04 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सचिन के साथ हो रहा था। जिसके बाद उन्होंने सिडनी टेस्ट में बिना कवर ड्राइव खेले कंगारुओं के खिलाफ 241 रन बनाए थे और लगातार ऑफ स्टंप की बाहर की बॉल को छोड़ा था। गाबा टेस्ट में बारिश से प्रभावित रहे तीसरे दिन में ऑस्ट्रेलियाई पेसर हेजलवुड ने कोहली को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच कराया। सोमवार तक स्टंप्स तक भारत मुश्किलों में फंस गया है। टीम 4 विकेट खोकर मात्र 51 रन बना सकी हैं। अपने हीरो की पारी देखने की जरुरत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में कोहली ने अब तक 5,100*, 7, 11, और 3 रन की पारियां खेली है। गावस्कर ने कहा, उन्हें (कोहली) को जरुरत है की वह अपने हीरो सचिन तेंदुलकर की सिडनी की पारी को देखें। सचिन ने उस मैच में 436 बॉल खेलकर 241 रन बनाए थे। जिसमें 33 चौके शामिल थे। कोहली भी उसी दौर से गुजर रहे हैं, जैसे तेंदुलकर 2003-04 में लगातार कॉट बिहाइंड आउट हो रहे थे। तेंदुलकर ने 10 घंटे से ज्यादा बल्लेबाजी की सिडनी के उस टेस्ट में सचिन तेंदुलकर ने मैराथन 10 घंटे से ज्यादा बैटिंग की थी। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, कोहली को भी सचिन की उस पारी की तरह धैर्य और कंट्रोल दिखाने की जरुरत है। सचिन ने ऑफ साइड में थर्ड मैन को छोड़कर को कहीं शॉट नहीं खेला था। तेंदुलकर ने अपने पूरे रन लेग साइड में बनाए थे। गावस्कर ने आगे कहा, कोहली इस दौरे में 3 बार विकेट के पीछे आउट हो चुके हैं। उन्हें जरुरत है कि वे ऑफ स्टंप के सभी बाहर की बॉल पर डिफेंसिव तरीके से खेले और रन बनाने के लिए अपने बॉटम हैंड का उपयोग करे। उनके पास शानदार फ्लिक शॉट है जिससे वह ग्राउंड के दूसरी तरफ रन बना सकते हैं। कवर ड्राइव खेलते हुए आउट होने के बाद ट्रेंड पर आए विराट विराट कोहली बॉर्डर-गावस्कर सीरीज 2024-25 में 3 बार विकेट के पीछे आउट हो चुके हैं। आज कवर ड्राइव खेलते हुए 3 रन बनाकर वह आउट हुए, जिसके बाद कोहली गूगल के टॉप ट्रेंड पर हैं।

न्यूजीलैंड ने 423 रन से जीता हैमिल्टन टेस्ट

रन के अंतर से इंग्लैंड पर सबसे बड़ी जीत; इंग्लिश टीम ने 2-1 से सीरीज जीती

न्यूजीलैंड ने हैमिल्टन टेस्ट में इंग्लैंड को 423 रन से हरा दिया है। यह कीवियों की इंग्लैंड पर रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत है। तीसरे टेस्ट में 658 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम 234 रन ही बना सकी। हालांकि, इंग्लैंड ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज 2-1 से जीत ली। टीम ने पहला मैच 8 विकेट और दूसरा मैच 323 रन से जीता था। सेडॉन पार्क में मैच के चौथे दिन मंगलवार को इंग्लैंड ने 18/2 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। जैकब बिथेल ने 76 और जो रूट ने 54 रनों की पारियां खेलीं, जबकि गस एटकिंसन ने 43 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के मिचेल सैंटनर ने पहली पारी में 76 रन बनाए और 3 विकेट लिए। उन्होंने दूसरी पारी में 49 रन बनाए और 4 विकेट लिए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। इंग्लैंड के ऑलराउंडर हैरी ब्रूक को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। न्यूजीलैंड की संयुक्त रूप से सबसे बड़ी जीत न्यूजीलैंड ने 423 रन से इंग्लैंड को हराया। रन के अंतर से यह टीम की संयुक्त रूप से सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले टीम ने 2018 में क्राइस्टचर्च में श्रीलंका को भी 423 रन से हराया था। इंग्लैंड के खिलाफ यह टीम की सबसे बड़ी जीत है। टिम साउदी का आखिरी टेस्ट मैच न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी का यह आखिरी टेस्ट मैच रहा। उन्होंने सीरीज शुरू होने से पहले ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। 35 साल के साउदी ने संन्यास का ऐलान करते हुए कहा था- यदि हमारी टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालिफाई करती है, तो मैं उपलब्ध रहूंगा। तीसरे दिन न्यूजीलैंड दूसरी पारी में 453 पर ऑलआउट न्यूजीलैंड टीम दूसरी पारी में 453 रन पर ऑलआउट हुई। न्यूजीलैंड के स्टार बैटर केन विलियम्सन ने शतक लगाया। उन्होंने 204 बॉल पर 156 रन बनाए। उनके अलावा विल यंग और डेरिल मिचेल ने 60-60 रन बनाए। मिचेल सैंटनर ने 49 और रचिन रवींद्र ने 44 रन की पारी खेली। टॉम ब्लंडेल 44 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड के लिए जैकब बेथेल ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके। बेन स्टोक्स और शोएब बशीर ने 2-2 विकेट लिए। थ्यू पॉट्स, गस एटकिंसन और जो रूट को 1-1 विकेट मिला। दूसरे दिन इंग्लैंड पहली पारी में 143 रन पर सिमटा पहली पारी में इंग्लैंड के बल्लेबाजों का प्रदर्शन काफी खराब रहा। जो रूट ने 42 गेंदों में 6 चौकों की मदद से सबसे ज्यादा 32 रन की पारी खेली। कप्तान बेन स्टोक्स ने 43 गेंदों में 27 रन और ओली पोप ने 42 गेंदों में 24 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए मैट हैनरी ने 13.4 ओवरों में 48 रन देकर सबसे ज्यादा 4 विकेट चटकाए। वहीं, विलियम ओरर्के और मिचेल सैंटनर के नाम 3-3 विकेट शामिल रहे।

भारत-वेस्टइंडीज विमेंस मैच के लिए कोटंबी इंटरनेशनल स्टेडियम तैयार

ग्राउंड में 400 एलईडी बल्ब लगे, वीआईपी गेस्ट एंट्री पर नाम के साथ वेलकम लिखा आएगा

वडोदरा।

भारत और वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीमों के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज 22 दिसंबर से वडोदरा के पास कोटांबी इंटरनेशनल स्टेडियम में शुरू होने जा रही है। यह 3 मैच 22 दिसंबर, 24 दिसंबर और 27 दिसंबर को खेले जाएंगे। इसके लिए कोटंबी इंटरनेशनल स्टेडियम तैयार है। इंटरनेशनल मैच से पहले फिलहाल स्टेडियम की फ्लड लाइट्स की टेस्टिंग चल रही है। टेस्टिंग के दौरान ड्रोन कैमरे से रात के समय फ्लड लाइट से जगमगाते स्टेडियम का शानदार नजारा दिखाई दिया। स्टेडियम में 35 लक्जरी बॉक्स भी स्टेडियम में 32,000 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता है। साथ ही यहां 35 कॉर्पोरेट (लक्जरी) बॉक्स भी तैयार किए गए हैं। इन्हें निजी कंपनियां, कारोबारी और अन्य लोग 10 से 15 साल के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर बुक कर सकते हैं। यहां एक बॉक्स में सोफा सहित 20 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। इसके अलावा स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए देश का सबसे बड़ा ड्रेसिंग रूम, मैच अधिकारियों के लिए एक विशेष कमरा भी तैयार किया गया है। साथ ही मैच रेफरी रूम, अंपायर रूम, एनालिस्ट रूम, एंटी करप्शन यूनियन के लिए विशेष रूम और कमेंटेटर्स के लिए स्पेशल रूम भी शामिल हैं। इसके अलावा यहां प्राथमिक चिकित्सा कक्ष की भी व्यवस्था की गई है। वीआईपी का अलग अंदाज में होगा वेलकम कोटांबी स्टेडियम में अद्भुत फ्लड लाइट सिस्टम है। यदि मैच के दौरान कोई वीआईपी स्टेडियम में प्रवेश करता है, तो फ्लड लाइट पर उसका नाम के साथ वेलकम लिखा हुआ दिखाई देगा। डीएमएक्स सिस्टम से लैस यह भारत का दूसरा स्टेडियम है। वडोदरा के अलावा डीएमएक्स सिस्टम मुंबई के रिलायंस स्टेडियम में है। 4 बड़ी फ्लड लाइटों में लगे 400 एलईडी बल्ब यहां डे-नाइट मैच के लिए 4 बड़ी फ्लड लाइटें लगाई गई हैं, जिनमें 400 एलईडी बल्ब लगे हुए हैं। इन्हें तुरंत चालू और बंद किया जा सकता है। इन लाइट के लिए तीन जनरेटर लगाए गए हैं, जिनमें से दो जनरेटर लगातार चालू रहेंगे और एक स्टैंडबाय पर रहेगा। यहां सिर्फ एक मैदान नहीं, बल्कि 3 क्रिकेट मैदान हैं। जिसमें से 2 ग्राउंड तैयार हो चुके है और एक ग्राउंड निर्माणाधीन है। यहां एक मुख्य ग्राउंड है, जहां अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। दूसरे ग्राउंड में रणजी ट्रॉफी के मैच खेले जाएंगे।



सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं: अमित पारिख वडोदरा क्रिकेट एसोसिएशन के प्रोजेक्ट मैनेजर अमित ने बताया कि यहां सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। अब मैच के दिन का इंतजार है। पहला मैच दिन-रात का मैच होगा, इसलिए हम वैकल्पिक दिनों में फ्लड लाइट की लगातार टेस्टिंग कर रहे हैं।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060

अगर किसी चीज़ को दिल से चाहो तो पूरी कायनात उसे तुमसे मिलाने में लग जाती हैं...
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

राजस्थान के 7 जिलों में आज भी शीतलहर का अलर्ट

16 शहरों में कड़ाके की सर्दी, 5 डिग्री से नीचे तापमान; तीन दिन में बढ़ेगी ठंड

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। सोमवार को पूरे प्रदेश में 16 शहरों का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। सीकर, झुंझुनूं में अधिकतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। वहीं, मंगलवार सुबह टोंक सहित आसपास के एरिया में घने कोहरे का असर रहा।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में अगले तीन दिन में सर्दी और तेज होने की आशंका है। इस बीच फतेहपुर के अलावा अन्य शहरों का तापमान गिरकर शून्य या माइनस में जाने की आशंका है। आज भी 7 जिलों में शीतलहर का अलर्ट है। राज्य में तेज सर्दी से 22 दिसंबर तक राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है।

सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर में

सोमवार को सबसे ज्यादा तापमान 28.6 डिग्री बाड़मेर और 28.2 डिग्री सेल्सियस चित्तौड़गढ़ में दर्ज हुआ। जालोर में 27.7, जोधपुर में 27.3, डूंगरपुर में 26.9, चूरू 25.2, उदयपुर में 25.4, जयपुर में 25.1 और अजमेर में 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सबसे ठंडा दिन कल सिरोही में रहा, जहां का अधिकतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं गया। सीकर के पास फतेहपुर में सोमवार को भी पारा माइनस में दर्ज हुआ। फतेहपुर के अलावा सीकर, चूरू के एरिया में बर्फ जमी। भीलवाड़ा, वनस्थली, अलवर, करौली, चूरू, श्रीगंगानगर और जालोर में सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज हुआ।

इन शहरों में पांच डिग्री से नीचे आया पारा

राजस्थान में सोमवार को 14 शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। इसमें जालोर, हनुमानगढ़, चूरू, करौली, फतेहपुर, बारां, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, सीकर, पिलानी, अलवर, वनस्थली, माउंट आबू और भीलवाड़ा जिलों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। मौसम केंद्र नई दिल्ली के अनुसार राजस्थान में 22 दिसंबर तक कोल्ड-वेव का सबसे ज्यादा असर पूर्वी और उत्तरी राजस्थान के जिलों में रहने की आशंका है।

सेना ने कहा- 1971 युद्ध की तस्वीर हटाई नहीं...

उसे आर्मी चीफ लाउंज से मानेकशॉ सेंटर में शिफ्ट किया, ताकि ज्यादा लोग देख सकें

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। आर्मी चीफ के लाउंज में लगी पाकिस्तानी सेना के समर्पण की तस्वीर को लेकर सेना का बयान आया है। सेना ने अपने ङ्क हैंडल पर बताया कि 1971 युद्ध की तस्वीर हटाई नहीं गई है। इसे दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में जानबूझकर शिफ्ट किया गया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसे देख सकें। दरअसल, सेना प्रमुख के लाउंज में 1971 के पाकिस्तानी सेना के सरेंडर वाली पेंटिंग को बदलकर एक नई कलाकृति लगाई गई है। इसमें लद्दाख के पैंगोंग त्सो, महाभारत से प्रेरित विषय-वस्तु और आधुनिक युद्ध को दर्शाया गया है, जो संभवत: चीन के साथ उत्तरी सीमा पर भारत के बढ़ते रणनीतिक फोकस को दर्शाता है। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना के आत्मसमर्पण वाली तस्वीर को हटाने का मामला संसद तक पहुंच गया था।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सवाल उठाया था। दोनों ने सरकार पर भारत के सैन्य इतिहास और इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार की विरासत को कमतर आंकने का आरोप लगाया। यह तस्वीर 16 दिसंबर 1971 की है। इसे ढाका के रेसकोर्स में लिया गया था। तस्वीर में पाकिस्तान के लेफ्टिनेंट जनरल ए.ए.के. नियाजी और भारत के ईस्टर्न थिएटर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा नजर आ रहे है। नियाजी के सामने मेज पर एक डॉक्यूमेंट है, जिस पर वे दस्तखत करते दिख रहे हैं। उनके पीछे भारतीय सेना के कई और अधिकारी भी खड़े हैं। यह वही ऐतिहासिक पल था, जिसके बाद लेफ्टिनेंट जनरल नियाजी ने कमर पर लगी अपनी पिस्टल जगजीत सिंह को सौंप दी थी और 93 हजार पाक सैनिकों के साथ दुनिया का सबसे बड़ा सरेंडर किया।

जहाजपुर में प्रशासन की आंखों के सामने बनास नदी में खुले आम हो रहा बजरी का अवैध खनन

जहाजपुर बनास नदी से बजरी खनन के लिए अब तक नहीं हुई है किसी भी ब्लॉक की नीलामी

मिली भगत के खेल मे बेखौफ बजरी माफिया एलएनटी मशीनों से बनास नदी का लूट रहे हैं खजाना

बढ़ता राजस्थान

जहाजपुर (गोविन्द सिंह सेठी)। यहां खनिज विभाग द्वारा अब तक बनास नदी से बजरी का खनन करने के लिए किसी भी ब्लॉकों की नीलामी नहीं हो पाई है। बावजूद इसके जहाजपुर प्रशासन की आंखों के सामने बनास नदी से बजरी का अवैध खनन खुलेआम किया जा रहा है । यहां बने इस हालातो पर बजरी माफिया के साथ संबंधित प्रशासन की मिली भगत कहीं ना कहीं साफ तौर पर दिखाई पड़ती है। इसलिए की जहाजपुर भीलवाड़ा के मुख्य मार्ग पर बने हुए जहाजपुर की बनास पुलिया से बजरी का अवैध खनन करना साफ तौर पर देखा जा सकता है । यह भी जानकारी मिली है कि भीलवाड़ा खनिज विभाग ने जहाजपुर की बनास नदी से बजरी खनन करने के लिए फिलहाल अभी कोई लीज जारी नहीं की हुई है।

उल्लेखनीय है कि जहाजपुर की बनास नदी में जिस क्षेत्र से बजरी का अवैध खनन किया जा रहा है। वहां से संबंधित प्रशासनिक कार्यालयो की दूरी महज चंद किलोमीटर पर नापी जा सकती है। इसके बावजूद माफिया द्वारा बजरी का यहां अवैध खनन बेखौफ रहकर किया जाना जिम्मेदार अधिकारियों की नाकामी साबित कर रहा है । ऐसे में देखने वाली बात तो यह है कि यहां जहाजपुर प्रशासन की मौजूदगी के बीच हो रहे बजरी के अवैध खनन के कारण राज्य सरकार के कोष को प्रतिदिन करोड़ का नुकसान पहुंच रहा है । जबकि इस बात की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी बखूबी प्राप्त है। ऐसे में यहां चल रहे बजरी के अवैध खनन के विरुद्ध कोई कार्रवाई होती नहीं दिखाई पड़ रही है । यहां देखने वाली बात तो यह है कि जहाजपुर की बनास नदी से बजरी के अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई का अधिकार रखने वाले संबंधित विभाग एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी ऐसे हालातो को देखकर भी जानबूझकर अनजान बने हुए हैं क्यों ? ऐसे में यहां जग जाहिर है कि जहाजपुर की बनास नदी में इन दिनों बजरी का अवैध खनन जोरों पर हो रहा है। इसके बावजूद अवैध खनन को रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं हो रही क्यों, ?

जबकि यहां साफ तौर पर देखा जा सकता है कि बनास नदी क्षेत्र में बजरी माफिया कानून से बेखौफ रहते हुए बड़ी-बड़ी एलएनटी मशीनों से बनास नदी को खोदकर कतार में खड़े बड़े-बड़े वाहनों में ओवरलोड बजरी भर रहे है । ऐसे हालातों पर यहां चल रहे अवैध खनन की जानकारी बनास नदी क्षेत्र के ग्रामीणों से भी मिली है । जिसमें बताया कि जहाजपुर की बनास नदी क्षेत्र में पूर्व और उत्तर क्षेत्र से अवैध खनन कर बड़ी मात्रा में बजरी निकली जा रही है। जानकारी के अनुसार खनिज विभाग और स्थानीय प्रशासन को ऐसे मामलों की जानकारी ग्रामीणों द्वारा पहुंचाई जाती है। लेकिन अवैध खनन माफिया के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार के खनिज विभाग ने यहां बनास नदी से बजरी खनन पर फिलहाल रोक लगाई हुई है। यहां किसी भी कंपनी या फर्म को बजरी निकालने के लिए पट्टा या लीज जारी नहीं किया हुआ है । फिर भी यहां बजरी माफिया बनास नदी में एलएनटी मशीनों के जरिए अवैध तौर पर बजरी का खनन कर रहे हैं। तो वहीं विभाग के अधिकारी बजरी माफियाओं के आगे नमस्तक बने हुए हैं । ग्रामीणों से मिली जानकारी में मामला यह भी सामने आया है कि बजरी माफिया बनास नदी के सीने को 20, से 30 फीट तक गहरा कर छलनी कर रहे हैं। ऐसे हालातो के विरुद्ध कार्रवाई करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों ने आंखें मूंद रखी है । ओर देखने वाली बात तो यह है कि नदी में हो रहे बजरी के अवैध खनन हेतु माफियाओं के विरुद्ध बनाए गए कानून कागजों में सिमट कर रह गए हैं। इधर पर्यावरण विशेषज्ञों की माने तो इसका बुरा असर पर्यावरण पर पड़ना लगभग तय माना जा रहा हैं । यह कहना भी मुश्किल नहीं होगा कि अवैध खनन के चलते विभाग के बनाए गए कानून नियमों की यहां धज्जियां उड़ाई जा रही है। तो वहीं इस पर सवालिया निशान भी उठ रहे हैं ।

डोटासरा बोले- नर्मदा का पानी शेखावाटी कब पहुंचा

पीएम झूठ बोले : बीजेपी राज में पेपर ही नहीं हो रहे, लीक कहां से होंगे? अफसरों को दिल्ली से टेंडरों पर्ची

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने नर्मदा नहर के पानी को लेकर पीएम मोदी के दावे पर सवाल उठाते हुए उन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। डोटासरा ने कहा आज की सभा में प्रधानमंत्री झूठ बोल रहे थे। देश का प्रधानमंत्री बोल रहा है हनुमानगढ़, झुंझुनू सीकर में नर्मदा का पानी मिल रहा है। इस तरह झूठ बोलकर वह लोगों को गुमराह कर रहे हैं। आपने एक भी ऐसी घोषणा नहीं की जो राज्य के लिए नई हो। डोटासरा मंगलवार को जयपुर में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। डोटासरा ने कहा- हमने सुना था दिल्ली से हाईकमान कहता था तो मुख्यमंत्री को पर्ची देता था।

अब तो ठेके देने की पर्ची दिल्ली से अधिकारियों को पकड़ाई जा रही है, मुख्यमंत्री को पता ही नहीं चल रहा है कि किस डिपार्टमेंट में कौन सा टेंडर कौन से अफसर के जरिए किस कंपनी को दिया जा रहा है। इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या होगा, सीएम को पता ही नहीं है।

कांग्रेस सरकार इंदिरा नहर लाई तब मोदीजी जब कखग सीख रहे होंगे

डोटासरा ने कहा- बीजेपी की गुमराह करने की पुरानी आदत है। ये हर सभा में गुमराह करने का प्रयास करते हैं। ये कांग्रेस पर आरोप लगाते हैं, कांग्रेस ने 70 साल में देश को कहां से कहां पहुंचा दिया, कितना काम किया, इतने कारखाने लगाए,संस्थाएं बनाई। इतनी विकास की योजनाएं लेकर आए। हमारे यहां पर बाड़मेर, जैसलमेर में पानी नहीं था। मोदीजी अब कह रहे हैं पनी ला दिया।

बीजेपी राज में पेपर हो ही नहीं रहे, लीक कहां से होंगे?

डोटासरा ने कहा- झूठ बोलने का ये खेल जो खेल रहे हैं वह बंद करें। आप कह रहे हैं पेपर लीक होते थे। मैं कह रहा हूं पेपर हो ही नहीं रहे हैं लीक कहां से होंगे? जब होंगे तब पता लगेगा कि पेपर लीक होगा या डबल लीक होगा। कह रहे हैं भर्तियां निकल रही है। अभी 10 दिन पहले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की भर्ती निकली है वो भी संविदा पर। इन्होंने ढंग से तो छह हजार की वैकेंसी भी नहीं भरी।

उत्कर्ष-कोचिंग में मिर्ची की गंध से बेहोश हुए थे स्टूडेंट

जोन उपायुक्त की रिपोर्ट में दावा: सीवरेज लीकेज जैसा कुछ नहीं मिला

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। उत्कर्ष कोचिंग सेंटर में रविवार को बेहोश हुए स्टूडेंट के मामले में जोन उपायुक्त ने ग्रेटर नग निगम को क्लीन चीट सौंप दी है।

इस मामले में अब तक ये सामने आ रहा था कि सीवरेज की बदबू से बच्चे बेहोश हुए थे। लेकिन, जोन उपायुक्त की ओर से दी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मिर्ची के छोंक और उसकी बदबू से ऐसा हुआ। दरअसल, महेश नगर थाना इलाके में गोपालपुरा बाइपास स्थित उत्कर्ष कोचिंग में रविवार शाम 6:45 पर

अचानक बच्चे बेहोश होने लगे थे। इस दौरान 10 स्टूडेंट को पास के सोमानी कॉलेज में एडमिट करवाया गया था। इस मामले में सामने आया था कि सीवरेज की वजह से ऐसा हुआ है।

इसके बाद सोमवार को कोचिंग को जांच पूरी होने तक के लिए सील किया गया। मामले में नगर निगम मानसरोवर जोन उपायुक्त लक्ष्मीकांत कटारा के नेतृत्व में जांच बैठाई गई। मंगलवार को जोन उपायुक्त कटारा की ओर से दी रिपोर्ट में बताया गया कि टीम को वहां कुछ नहीं मिला।

तृतीय श्रेणी अध्यापक लेवल प्रथम मामले में सुनवाई पूरी

हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा, सरकार ने कहा- विशेषज्ञ के रूप में अदालत हस्तक्षेप नहीं कर सकती

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। हाई कोर्ट ने तृतीय श्रेणी अध्यापक लेवल प्रथम मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया है। भर्ती में असफल अभ्यर्थियों ने एकलपीठ के फैसले को खंडपीठ में चुनौती दी थी। जिस पर जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने सुनवाई पूरी कर ली। याचिकाकर्ताओं ने 22 सवालों के जवाब को गलत बताते हुए अपील दायर की थी। अपील में कहा गया था कि बोर्ड ने जिन जवाबों को सही माना है, वो तथ्यात्मक रूप से गलत हैं। लेकिन एकलपीठ ने इस तथ्य की ओर ध्यान नहीं दिया।

हाई कोर्ट विशेषज्ञ के रूप में हस्तक्षेप नहीं कर सकता-सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि

भर्ती करीब 21 हजार पदों के लिए निकाली गई थी। जिसमें से सरकार 20,020 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर चुकी है। इन में से 19,786 पदों पर अभ्यर्थियों ने जॉइन भी कर लिया हैं। भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद केवल 193 पद ही खाली रहेंगे। ऐसे में इस स्टेज पर भर्ती प्रक्रिया में दखल नहीं दिया जाना चाहिए।

इसके साथ ही बोर्ड ने एक्सपर्ट कमेटी के आधार पर अंतिम आंसर-की जारी की थी। हाई कोर्ट विशेषज्ञ के तौर पर हस्तक्षेप नहीं कर सकता हैं।

लॉ से जुड़े सवाल, हाई कोर्ट भी एग्जामिन कर सकता है

याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता रघुनंदन शर्मा व अन्य ने कहा कि जिन सवालों के जवाब बोर्ड गलत मान रहा है। उनमें से दो सवाल तो लॉ विषय से जुड़े है। जिन्हें एग्जामिन करने के लिए हाई कोर्ट स्वंय एक्सपर्ट बॉडी है। उन्होंने कहा कि भर्ती में अभी भी 1300 से अधिक पद खाली है। वहीं याचिकाकर्ताओं ने फाइनल आंसर-की जारी होने के चार दिन बाद ही उसे हाई कोर्ट में चुनौती दे दी थी। दरअसल, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 16 दिसम्बर 2022 को भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। लिखित परीक्षा के बाद प्रारंभिक आंसर-की जारी करते हुए आपतियां मांगी गई थी। आपतियों को निस्तारित करते हुए बोर्ड ने 26 मई 2023 को फाइनल आंसर-की जारी कर दी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र
मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com